ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत 2081 | रांची, बुधवार, 17 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-75, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय | 106 वर्ष से मनाई जा रही हजारीबाग की ... 08 | पांच सौ साल बाद जन्मभूमि पर ...12 | देश-विदेश

वासंतिक नवरात्र

नवम : सिद्धिदात्री

नौवां दिन नवरात्रि का अंतिम दिन है। श्री दुर्गा का नवम रूप श्री सिद्धिदात्री है। यह सब प्रकार की सिद्धियों की दाता हैं, इसीलिए यह सिद्धिदात्री कहलाती हैं। देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है। देवी की चार भुजाएं हैं। दायीं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है, मां की बांयीं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। देवी ने सिद्धिदात्री का यह रूप भक्तों पर अनुकम्पा बरसाने के लिए धारण किया है। देवी जी की भक्ति जो भी हृदय से करता है मां उसी पर अपना स्नेह लुटाती हैं।

सिद्धगंधर्वयक्षादौर सुरैरमरै रवि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा सिद्धिदायनी॥

नवरात्रि के नवम दिन इनकी पूजा-आराधना की जाती है। सिद्धिदात्री की कृपा से मनुष्य सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त कर मोक्ष पाने मे सफल होता है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन नौ कन्याओं की पूजा होती है। इन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। पूजा के अंत में कन्याओं को उपहार के रूप में नये कपड़े प्रदान किये जाते हैं। मां दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप की आराधना के साथ ही नवरात्र के अनुष्ठान का समापन हो जाता है। इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है।

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 68,500

चांदी (1 किलो) 89,500

आज के मैच

समय : 17 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : मोहाली

एक नजर

घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी और दो बेटियों की हत्या, गिरफ्तार

चाईबासा। मुफस्सिल थाना अंतर्गत लदुराबासा बरकुंडिया कुर्सी गांव में परिवार के मुखिया गुरुचरण पाडेया ने नशे की हालत में अपनी 20 वर्षीय पत्नी जानो बुडिउली, 5 वर्षीय बेटी रेणुका पाडेया और एक वर्षीय बेटी सूमी पाडेया की हत्या कर दी। घटना सोमवार के रात लगभग 9:30 बजे की है। बताया गया कि खाना खाने के समय नशे में घुत्त गुरुचरण पाडेया की अपनी पत्नी जानो बुडिउली के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गुरुचरण ने गुस्से में घर में रखे धारदार हथियार से पत्नी जानो बुडिउली, बेटी सूमी पाडेया और रेणुका पांडेया सिर व चेहरा पर प्रहार कर दिया, जिससे तीनों की घटना स्थल पर मौत हो गई।

आजकल

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित, आदित्य श्रीवास्तव टॉपर

झारखंड के अभ्यर्थियों का शानदार प्रदर्शन, रांची की आकांक्षा को 44 व जमशेदपुर की स्वाति को 17वां रैंक

1 आदित्य श्रीवास्तव

2 अनिमेश प्रधान

3 डोनुरु अनन्या रेड्डी

आरएनएम। नई दिल्ली/रांची
संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल, आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। पीके सिद्धार्थ रामकुमार को चौथा और रुहानी को पांचवां स्थान मिला है। इस वर्ष झारखंड के अभ्यर्थियों ने भी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर की बेटी स्वाति शर्मा को 17वां रैंक मिला है। वह कालिका नगर मानगो की रहने वाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। रांची की आकांक्षा सिंह को 44 वां स्थान प्राप्त हुआ है। गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एसएस मेमोरियल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है आकांक्षा

रांची। राजधानी के एसएस मेमोरियल कॉलेज में ज्योग्राफी की व्याख्याता आकांक्षा सिंह ने पांचवें प्रयास में यूपीएससी सिविल सर्विसेस परीक्षा में देश भर में 44वां रैंक प्राप्त किया है। आकांक्षा इस सफलता का श्रेय अपने मां-पिता और भाई को देती है, जिनके सहयोग, मोटिवेशन के बिना वह इस लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती। उनका जन्म धनबाद में हुआ था, टाटा में प्रारंभिक शिक्षा हुई, ज्योग्राफी में मिरांडा कॉलेज से हुई ग्रेजुएशन करने के बाद जेएनयू से पीजी किया। उनके पिता चंद्र कुमार सिंह कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव थे। आकांक्षा पिछले दो सालों से एसएस मेमोरियल कॉलेज में बतौर व्याख्याता पढ़ाते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए थी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अपने सफलता की पूरी कहानी बयां की। बताया कि यदि इस बार उन्हें सफलता नहीं मिलती तो वे यूपीएससी सिविल सर्विसेस से अपना मुंह मोड़ लेती। राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत में उन्होंने कहा कि स्मार्ट और हार्ड वर्क अलग ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्वाति को तीसरे प्रयास में मिली सफलता

रांची। यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 17वां रैंक लाने वाली स्वाति शर्मा ने बताया कि पिता सेना में थे, इसलिए आरंभिक पढ़ाई देश के कई हिस्सों में हुई। स्वाति ने मैट्रिक की परीक्षा आर्मी सेकेंडरी स्कूल कोलकाता से पास की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई उन्होंने साकची स्थित टैगोर एकेडमी से पूरी की। इसके बाद 2019 में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज से पॉलेटिकल साइंस में एमए किया। यह उनका तीसरा प्रयास था। पहले दो प्रयास में उन्होंने जमशेदपुर में ही रहकर पढ़ाई की, परीक्षा दी लेकिन उनका सेलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने तय किया कि अंतिम प्रयास करना है लेकिन इसके लिए दिल्ली जाने का फैसला किया गया। नवंबर 2022 में दिल्ली में जाकर पढ़ाई शुरू की। स्वाति ने कहा कि हर सफलता के पीछे माता-पिता का हाथ होता है। इसमें मेरे भाई टाटा स्टील में कार्यरत संजीव शर्मा ने भी काफी मदद की। स्वाति शर्मा ने बताया कि उन्होंने जो स्थान हासिल किया है, उसके पीछे एक मूलमंत्र रहा पुरानी गलतियों को दोबारा दोहराना नहीं है। आगे कैसे पढ़ना है, इसके बारे में सोचना है।

गढ़वा डीसी की पुत्री साक्षी को 89वां रैंक

गढ़वा। गढ़वा जिले में पदस्थापित उपायुक्त शेखर जमुआर की पुत्री साक्षी जमुआर को यूपीएससी की परीक्षा में 89वीं रैंक मिला है। मंगलवार को यूपीएससी के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जब डीसी शेखर जमुआर को पता चला कि परीक्षा में उनकी बेटी ने 89वीं रैंक प्राप्त की है। उसके बाद से वह खुद को आह्लादित महसूस कर रहे है। उन्हें अपनी बेटी की सफलता पर गर्व है। उन्होंने खुशी में समाहरणालय सहित अपने आवास पर कार्यरत कर्मियों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साक्षी ने अपने स्कूली शिक्षा रांची से ही प्राप्त की है। वह रांची डीपीएस से दसवीं और जेवीएम श्यामली से 12वीं की है। जबकि ग्रेजुएशन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ से की है। (संबंधित खबर पेज 04 पर)

झारखंड में नहीं खुलेगा एनडीए का खाता : सीएम

भाजपा की गारंटी का सच जनता को मालूम है, वे केवल ठगने की गारंटी दे सकते हैं

नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला
झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में एनडीए का खाता भी नहीं खुल पाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार के झूठ की कलई खुल रही है। आदिवासियों और पिछड़ों की उन्होंने हमेशा उपेक्षा की। जनता उन्हें इस बार मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुकी है। सोरेन मंगलवार को सरायकेला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के कोल्हान प्रमंडल की सभी 14 विधानसभा सीटों पर एनडीए को पराजित होना पड़ा था। इस बार लोकसभा चुनाव में पूरे झारखंड में इनकी यही स्थिति होने वाली है। सीएम सोरेन ने कहा कि भाजपा की गारंटी का सच क्या है? यह जनता को मालूम है। वे केवल जनता को ठगने की गारंटी दे सकते हैं। झारखंड को पीएम आवास का पैसा रोक दिया गया। 2022 तक सबको पक्का मकान देने की गारंटी दी गई थी, लेकिन मिला क्या? हमने गरीबों को तीन कमरे का मकान अबुआ आवास देना शुरू किया। स्कूलों को मॉडल और स्मार्ट बनाना शुरू किया। जब डबल इंजन की सरकार थी तो पांच हजार स्कूलों को बंद कर दिया, ताकि आदिवासियों के बच्चे नहीं पढ़ सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन की ओर से होने वाली न्याय उलगुलान रैली में ज्यादा से ज्यादा तादाद में हिस्सा लेने की अपील की।

झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष अंतु तिर्की के घर ईडी की छापेमारी

रांची। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने फिर से एक बार दबिश दी है। मंगलवार को राजधानी और उसके साथ अन्य जिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। राजधानी में एक साथ नौ जगहों पर ईड की छापेमारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व रांची जिला अध्यक्ष अंतु तिर्की व केएल साहय समेत इनसे जुड़े अन्य लोगों के यहां छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम जब रेड करने अंतु तिर्की के घर पर पहुंची तो वह घर पर नहीं थे, उनके घर वालों से पूछताछ करने पर पता चला कि अंतु तिर्की मोरहाबादी मैदान मॉर्निंग वॉक पर गए हैं। वे हर रोज मॉर्निंग वॉक करने मैदान जाते हैं। जिसके बाद ईडी की टीम अंतु तिर्की को मॉर्निंग वॉक से वापस कार में बैठाकर बरियातु स्थित उनके आवास लाई। इसके बाद से ईडी की पूछताछ और घर की तलाशी अबतक जारी है।

कल्पना सोरेन ने दुर्गा मंदिर में की पूजा, अधिवक्ताओं से भी मिलीं

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गांडेय उपचुनाव की इंडी गठबंधन की संभावित उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंगलवार को चैती नवरात्र महाअष्टमी के दिन छोटकी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। गांडेय विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शहर के गांधी चौक के छोटकी दुर्गा मंडप पहुंचीं। उन्होंने मां को चुनरी अर्पित किया और भोग लगाया। इसके बाद कल्पना सोरेन शहर के बड़ा चौक पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं। उन्होंने यहां संकट मोचन हनुमान मंदिर में पुजारी ने मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ सदर विधायक सुद्दिया कुमार सोनू, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और जेएमएम नेता अभय सिंह, राकेश सिंह रॉकी और गौरव कुमार भी मौजूद थे। कल्पना सोरेन ने इसके बाद अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर उनसे बात की।

गिरिडीह में वाहन से 9.95 लाख रुपये और 29 किलो गांजा जब्त

गिरिडीह। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर रात सरिया थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और एक वाहन से 9 लाख 95 हजार बरामद किये। जबकि जिले में 29 किलो गांजा बरामद किया गया। बताया जाता है कि जब्त गांजा की कीमत बाजार मूल्य करीब डेढ़ करोड़ का आंका गया है। वहीं, 1300 लीटर अवैध शराब के स्टॉक को भी जब्त किया गया है। जब्त 9 लाख 95 हजार रुपए को सरिया थाना पुलिस ने बगोदर से सरिया आ रहे शक्ति प्रकाश के बाइक से जब्त किया है। पुलिस अब शक्ति प्रकाश से पूछताछ कर रही है। उसके पास इतने पैसे कहा से आए और वो किस काम के लिए इतने कैसे लेकर जा रहा था।

कांग्रेस ने 3 और सीटों पर उतारे उम्मीदवार, रांची पर फैसला नहीं

चतरा से केएन त्रिपाठी, गोड्डा से दीपिका व धनबाद से अनुपमा को टिकट

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कांग्रेस ने झारखंड की तीन और सीटों के लिए प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। गोड्डा सीट पर विधायक दीपिका पांडेय को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि, चतरा में पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। धनबाद सीट पर अनुपमा सिंह की उम्मीदवारी घोषित की गई है। गोड्डा सीट पर प्रत्याशी बनाई गईं दीपिका पांडेय सिंह संथाल परगना की महगामा सीट की विधायक हैं। वह राहुल गांधी की टीम का हिस्सा रही हैं। वह उत्तराखंड में कांग्रेस की सह प्रभारी का दायित्व भी निभा रही हैं। धनबाद में प्रत्याशी बनाई गईं अनुपमा सिंह बेरमो के मौजूदा कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं। चतरा के मैदान में उतारे गए केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज से विधायक रह चुके हैं। वह एक बार राज्य की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। पार्टी ने अब तक कुल छह सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इसके पहले लोहरदगा में सुखदेव भगत, खूंटी में कालीचरण मुंडा और हजारीबाग में जयप्रकाश भाई पटेल की उम्मीदवारी घोषित की गई थी। रांची सीट पर उम्मीदवारी का फैसला अब भी नहीं हो पाया है। सुबोधकांत सहाय, झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के नाम पर चर्चा चल रही है।

भाजपा ने लोस चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची 7 उम्मीदवारों की घोषणा

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को 7 लोस उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा यूपी और तेलंगाना में हो रहे विस उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विस चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।

हमारे लिए संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प : पीएम मोदी

पहली बार किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'गारंटी कार्ड' कहा जा रहा है

एजेंसी। पटना
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की।

मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे।

उन्होंने कहा कि इन्हें पता होना चाहिए यह जो संविधान सभा थी, डॉ. राजेंद्र बाबू उसका नेतृत्व करते थे। इस संविधान को बनाने के लिए जो संविधान सभा थी उसमें 80-90 प्रतिशत से भी ज्यादा सनातनी थे। उन सनातनियों ने इतना उत्तम संविधान बनाने में बाबा भीमराव अंबेडकर का साथ दिया। मोदी ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'गारंटी कार्ड' ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया बड़े सरकारी अस्पतालों की बेहतरी के लिए निजी पेशेवरों से संचालित कराया जाए

सुनील बादल

राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स से लेकर लगभग सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भारी भीड़ और गंदगी के बीच कुप्रबंधन से जूझते हुए ग्रामीण और जनजातीय समुदाय के असहाय लोग मिल जाते हैं जो महंगे निजी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा सकते ।फर्श पर लेटे हुए मरीज या परिजन और निःशुल्क उपलब्ध दवाओं या सुविधाओं के लिए कर्मचारियों या नर्सों के आगे रिरियाते लोगों का मानना होता है कि इस बार जान बच जाए तो दुबारा यहां न आएं। जबकि दूसरी ओर इन अस्पतालों में सबसे अच्छा इलाज होता है क्योंकि डॉक्टर जानकार और अनुभवी होते हैं। रांची के आरएमसीएच के नाम से जाने जाने वाले मेडिकल कॉलेज को उत्क्रमित कर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया गया और इसे एम्स दिल्ली की तरह बताया गया ।आज हजारों लाखों लोगों का इलाज रिम्स में होता है और बहुत से लाचार गरीब और असहाय लोगों की जान की रक्षा रिम्स में होती है लेकिन दूसरी तरफ जो मध्यम वर्गीय या निम्न मध्यम वर्गीय मरीज वहां पर इलाज के लिए जाते हैं वहां की भारी अव्यवस्था, कुप्रबंधन और पुराने तौर तरीकों से इतने परेशान होते हैं कि कई बार घर जमीन बंधक रखकर निजी अस्पताल चले जाते हैं। इस समस्या के मूल कारण पर अगर विचार करें तो हम पाएंगे की रांची के जो बड़े निजी अस्पताल है या देश के निजीए अस्पताल है उन्होंने उन कमियों को दूर किया जिससे गंदगी अव्यवस्था और कुप्रबंधन होता है उन्होंने पारंपरिक सरकारी कर्मियों के स्थान पर युवाओं को और महिलाओं को नियुक्त किया जो उसे सुप्रशिक्षित और सहनशील होते हैं। उनकी सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित निजी सुरक्षा गाड्र्स की बहाली प्रायः सभी निजी अस्पतालों में होती है जो मरीज को न सिर्फ गाइड करते हैं बल्कि उनकी सुख सुविधाओं का भी ध्यान रखते हैं। रांची में एक सरकारी क्षेत्र का ही बड़ा अस्पताल एचइसी था जिसे पीपीपी मोड में पारस के साथ समझौते के आधार पर एक बहुत ही सुव्यवस्थित निजी अस्पताल की तरह विकसित किया गया जिसमें लगभग विश्व स्तरीय व्यवस्था प्रबंधन और इलाज हो रहा है। रिम्स जैसे सरकारी अस्पतालों को सुधारने में इसी तरह की की बहाली और प्रबंधन की आवश्यकता आज के दिन जान पड़ती है जो कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित गरीब ग्रामीण या जनजातीय समुदाय के लोगों को न सिर्फ गाइड करेंगे बल्कि उनकी परेशानियों को लगभग लगभग दूर कर पाएंगे जबकि रिम्स में इसके ठीक उल्टा होता है। सुरक्षाकर्मी बाहरी दलालों के साथ मिलकर उन्हें उल्टा सीधा समझा कर जांच के नाम पर ठगी या आर्थिक शोषण करते हैं। ट्रॉली तक उन्हें उपलब्ध कराने में पैसे देने पड़ते हैं कई बार मरीज खुद ट्रॉली धकेल कर ले जाते हैं। कई लिफ्ट खराब है सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट स्थिति में है इन सारी समस्याओं का समाधान रिम्स जैसे सभी बड़े सरकारी अस्पतालों को भी पीपीपी मोड में निजी हाथों को देना उचित जान पड़ता है।

रही बात सरकारी चिकित्सकों की निश्चित रूप से उनकी सेवाएं बची रहे और अनेक जो डॉक्टर है वह बहुत ही सेवा भाव से काम करते हैं उनकी जानकारी पर भी संदेह नहीं किया जा सकता लेकिन उन्हें एक अच्छा माहौल देने के लिए गैर चिकित्सीय और सहयोगी स्टाफ को निजी क्षेत्र से ही लिया जाना चाहिए ना की नौकरी देने के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई के पैसे बर्बाद कर गंदगी को व्यवस्था और परेशानी खड़ी करनी चाहिए सरकार को इस दिशा में कड़ी पहल करनी चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा होगा जब मामला न्यायालय तक जाएगा और वहां से कड़े निर्देश देने के बाद यही कार्य किया जाएगा। जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाले ये मेडिकल अस्पताल बहाली से लेकर संचालन में भ्रष्टाचार और गैर पेशेवर रवैए के कारण भी इस दुर्दशा के शिकार हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार की दोपहर के बाद सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए हैं। इसमें 25 लाख का इनामी नक्सली शंकर राव भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर को छोटा बेठिया थाना क्षेत्र के मांड इलाके में सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में 29 माओवादी मारे गए हैं। बरामद किए गए हथियारों में एके-47 सहित अन्य आधुनिक किस्म के हथियार हैं। मंगलवार को सुरक्षा बलों को मांड इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उसी आधार पर सुरक्षा बल सर्चिंग पर निकले थे और इसी दौरान उनका नक्सलियों से सामना हो गया। इसमें तीन पुलिस जवान भी घायल हुए हैं।

एक नजर

वैन के माध्यम से वर्चुअल तकनीक के जरिए दी जायेगी चुनाव संबंधी जानकारी

रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय और अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही, मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

महादानी मैदान में देर रात आयोजित हुई अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता

बेड़ो। बेड़ो के रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में सोमवार की रात से मंगलवार की सुबह तक विभिन्न अखाड़ों का अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर व थाना प्रभारी नकुल शाह विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान गायत्री नगर बेड़ो, श्री राम क्लब टेंगरिया, सुख शांति क्लब केशा,अमर ज्योति क्लब मुडामु, शिव शक्ति क्लब बजरंग दल फादिल मार्चा, बजरंग दल खत्री खटंगा, बजरंग दल गढ़गांव,बजरंग दल चचगुरा, बजरंग दल मासू, बजरंग दल पुरियो, बजरंग दल पुरियो नावाटोली, बजरंग दल करांजी, बजरंग दल पाकलमेडी, बजरंग दल हरिहरपुर जामटोली सहित विभिन्न गांवों के अखाड़ा धारियों की टीम ने अपने अपने भव्य एवं जीवंत झांकी की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। वहीं अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता के दौरान हैरतंगेज कारनामे से लोगों को खूब प्रभावित किया। जैसे जैसे रात गहराने लगी थी अखाड़ा धारियों का उत्साह और उल्लास बढ़ता जा रहा था। एक एक कर सभी टीमों के खिलाड़ियों ने लाठी और तलवार से अपना जौहर दिखाया।

रामायण के रंग में रंगे बच्चे, राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की दिखी झलक

रामगढ़ । अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला रामनवमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। लोगों में इस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह है। नवमी से एक दिन पहले रामगढ़ शहर के हेलो किड्स रॉबिन हुड विद्यालय में रामायण के वे सारे किरदार दिखे। राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और यहां तक कि रावण की भी झलक दिखाई दी। विद्यालय में अलग-अलग किरदार में डूबे बच्चे रामायण का पाठ करते दिखाई दिए। यहां बच्चों को रामायण के उन किरदारों के बारे में बताया गया जो हमारे समाज के आदर्श हैं।

मांडर में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

क्षेत्र में बजरंगी डंके के साथ जय श्रीराम का नारा गुंजायमान रहा

नवीन मेल संवाददाता। मांडर
मांडर शिव दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा सोमवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बजरंगी डंके के साथ जय श्री राम का नारा गुंजायमान रहा। अखाड़े धारियों के द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मांडर, चान्हो, बुढ़मू प्रखंड क्षेत्रों के विभिन्न गाँवो से आए अखाड़ेधारियों ने अपने अस्त्र शस्त्र चालन के अनोखे कला कौशल का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मन्त्रममुग्ध किया । प्रथम पुरस्कार चान्हो सोपारम की टीम को शंकर आचार्या के द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. रवि आचार्या के नाम पर 31,00 रू दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार कंजिया मांडर को स्व. गणेश केशरी के नाम पर ढ 21,00 तथा तृतीय पुरस्कार चान्हो पहाड़टोली की टीम को मांडर मुखिया प्रकाश खलखो ने 15,00ढ देकर प्रोत्साहित किया। थाना प्रभारी राहुल ने कार्यक्रम का आगाज राम भक्तों, अखाड़ा धारियों समिति के सभी स्त्री पुरुष एवं बच्चों के साथ बजरंग बली की जय के नारे के बीच रामनवमी डंका बजा कर सभी को झूमाकर किया। उन्होंने सभी को अपने सम्बोधन में कहा कि भक्ति ही हमें संस्कार एवं अनुशासन सिखाती है। हम सभी को धर्म शास्त्रों में बताए मार्गो पर चलकर अपने परिवार, समाज, तथा देश को विकास के मार्ग में अग्रसर करना है. रामनवमी की शुभकामनायें आप सभी को राँची पुलिस की ओर से देते हुए आप सभी से अनुरोध है कि आप सभी सरकारी गाइड लाइन का उलंघन ना करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना या शोभा यात्रा संपन्न करें।

जय श्रीराम का जयघोष करते निकली शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर
श्री रामनवमी शोभा यात्रा विश्व हिन्दु परिषद तथा बजरंग दल के तत्वावधान में मंगलवार को विगत सात वर्षों की भांति ही भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। मांडर प्रखंड के ब्राम्बे चौक से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ राम भक्तों द्वारा राम दरबार की आरती से हुई। इसके बाद प्रारंभ हुई शोभायात्रा अपने तय रूट के अनुरूप रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग ब्राम्बे, मुड़मा, कंदरी, सोसई आश्रम, बिजूपाड़ा, चान्हो चौक, सोंस, मदरसा चौक स्टेशन होते हुए सोंस मेला ताड़ पहुंचकर संपन्न हुई. शोभायात्रा में सुसज्जित लाउडस्पीकर की धुन पर रामभक्त जय श्रीराम के जयघोष के साथ गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। सुसज्जित रथ पर रहे राम दरबार के साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, वीर बजरंगबली, शिवाजी महाराज और भारत माता के ध्वज व तस्वीर आकर्षण के केंद्र बने रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभाविप के सैकड़ों, कार्यकर्ता की बेहतर सहभागिता रही। हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती रही। जगह-जगह शोभायात्रा पर चना ,गुड, शरबत का वितरण किया जा रहा था।

एफजेसीसीआई की संविधान उप समिति की हुई बैठक

चैंबर के संविधान में संशोधन की आवश्यकता महसूस हो रही है : किशोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की संविधान उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और संविधान समिति के चेयरमैन ललित केडिया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पिछली आमसभा में सदस्यों की ओर से विचार के लिए स्वीकृत किए गए प्रस्तावों के अलावा चैंबर की बेहतरी से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इन बिंदुओं को चैंबर के लिए अनुकूल माना गया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर के बढ़ते विस्तार तथा लोगों की बढ़ती अपेक्षा को देखते हुए संविधान में संशोधन की आवश्यकता प्रतीत हो रही है, ताकि समय के अनुसार हमारा चैंबर और अधिक सशक्त बन सके। बैठक में उप समितियों की संख्या सीमित करने पर जोर दिया गया। यह भी प्रस्तावित किया गया कि उप समितियों के चेयरमैन का चयन कार्यकारिणी समिति के सदस्य की भांति नॉमिनेशन के आधार पर किया जाए। पद रिक्त होने की स्थिति में ही कार्यकारिणी समिति के पास संबंधित उप समिति के चेयरमैन के मनोनयन का अधिकार होगा। कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में मतदान की सुविधा विकसित करने की मांग पर भी सार्थक चर्चा की गई। इस क्रम में सदस्यता संख्या के आधार पर प्रमंडलों में चुनाव कराने पर सहमति बनी। यह तय किया गया कि संविधान समिति की अगली बैठक में यह आंकड़ा निर्धारित किया जाएगा कि कितनी संख्या होने पर ही प्रमंडलों में चुनाव कराने की सुविधा दी जाएगी। नामांकन भरने के समय आवदेक के डिन नंबर की अनिवार्यता से होनेवाली कठिनाई पर भी विचार किया गया।

नरकोपी पुलिस ने पिस्टल के साथ अपराधी को धर दबोचा

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
नरकोपी थाना क्षेत्र के नरकोपी से बेड़ो जाने वाली सड़क के पास अवैध हथियार के साथ डुमरी निवासी सरताज आलम पिता सिकंदर अली को नरकोपी पुलिस ने धर दबोचा। वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति कोटपाली जंगल के पास देखा गया है। वरीय पदाधिकारी ने मिली सूचना के आलोक में नरकोपी थाना पुलिस की एक टीम गठित की। टीम में थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, सहायक अवर निरीक्षक कंचन कुमार सिंह सहित नकोर्पी थाना के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। गठित टीम ने थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान के नेतृत्व में कोटपाली जंगल के पास बेड़ो नरकोपी सड़क की घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। तभी पुलिस ने भागते हुए संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा।

डीएवी हेहल में रेड डे उत्सव आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राइमरी विंग (एनडीजी ब्लॉक) में मंगलवार को रेड डे समारोह का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने लाल रंग दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी नन्हे-मुन्ने बच्चे लाल रंग के कपड़े, लाल मुकुट, लाल टोपी और कलाई पर लाल फीते बांधकर अपने प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी-अपनी स्क्रैपबुक में लाल वस्तुओं के पांच-पांच चित्र चिपकाए।
प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कहा कि रेड डे एक अद्भुत सीखने की गतिविधि वाला दिन है। इससे बच्चों में संज्ञात्मक कौशल का विकास होता है और वे रंगों के आधार पर वस्तुओं को छांटने और वगीर्कृत करने में निपुणता प्राप्त करते हैं।

चैत्र नवरात्रि पाठ में हुई माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी के कई परिवारों में चैत्र नवरात्रि का पाठ किया जा रहा है। पाठ कर रहे लोगों ने मंगलवार को माता दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा आराधना की। पुजारी द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा कराने के उपरांत दुर्गा सप्तसती पाठ, आरती किया गया। शाम को पुनः पूजन, आरती के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार को पूजन, पाठ, आरती करने के बाद हवन किया जाएगा। इसके साथ ही नौ दिनों की नवरात्रि की विशेष पूजा समाप्त हो जाएगी। इधर नवरात्रि पाठ को लेकर एसीसी कालोनी निवासी दिनेश पांडेय घंटू विगत आठ दिनों से कठिन उपवास पर हैं। उपवास के दौरान वे केवल जल, नींबू व तालमिश्री का सेवन करते हैं। विगत कई वर्षों से चैत्र.व आश्विन महीने दोनो ही नवरात्रि में वे इस कठित उपवास को करते आ रहे हैं। दशमी को वे उपवास समाप्त करेंगे।

मां की दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की रही भीड़

इधर चामा पंचायत के चंडीस्थान देवी मंदिर के पूजा पंडाल में चैती नवरात्र के महाअष्टमी को मां दुर्गा के अष्टम दिव्य स्वरूप मां महागौरी की पूजा विधि-विधान से की गई। देर रात तक खलारी बाजारटांड़, बलथरवा, चेड़ीथान, चामा चौंक सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मां की दर्शन के लिए भीड़ लगाये रहे। पूजा को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक भोला साव, संरक्षक अनिल गुप्ता, उदय सिंह, मुकेश यादव, विजय गुप्ता सहित स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

आईजी अभियान ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

पदाधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की। उन्होंने सभी जिलों में विधि व्यवस्था, नक्सलियों, अपराधियों, अवैध हथियार, मादक द्रव्य, शराब सहित अन्य के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की।
बैठक में उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों में लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम नहीं दे सकें। साथ ही, अंतरजिला और अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।
आईजी अभियान ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने और विशेष निगरानी रखने एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे स्वयं संबंधित चेक पोस्ट का भौतिक रूप से सत्यापन करें। ताकि, अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। आईजी ने सभी डीआईजी और एसपी से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों एवं कुर्की के निष्पादन पर कार्रवाई करने के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही, भागे हुए अपराधियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सभी जिलों में अपराध का आंकड़ा कम करने के लिए ड्राइव चलाने का भी निर्देश दिया।

आदेश का अनुपालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

रांची। वैसे आर्म्स लाइसेंसधारी, जिनका लाइसेंस रांची जिला से निर्गत है और वर्तमान में वह अन्य जिला एवं राज्य में रह रहे हैं, उन्हें शस्त्र जमा करने का आदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए यह आदेश मंगलवार को दिया गया है।
उपायुक्त ने शस्त्र लाइसेंसधारियों को आगामी 48 घंटे के भीतर अपने नजदीकी थाना, ओपी और शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकानों में शस्त्र जमा करने का आदेश दिया है। डीसी ने रांची जिले में रह रहे दूसरे राज्य और जिलों के आर्म्स लाइसेंसधारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपना हथियार रांची जिला में रजिस्टर्ड कराएं और अपने नजदीकी थाना में जल्द से जल्द जमा कराएं। उन्होंने कहा कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर शस्त्र लाइसेंसधारियों के विरुद्ध शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बुंडू में आजसू पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें कार्यकर्ता: सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू में आजसू पार्टी कार्यालय के उद्घाटन किया । साथ ही तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया। आजसू नेता ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड़ की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बड़ा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। यह कार्यालय क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा कार्यरत रहेगा। तमाड़ विधानसभा के विकास में इस कार्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पंचायत व ग्राम प्रभारियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है।

न्यूज बॉक्स

मृतक की मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

मांडर। मांडर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सुरसा कॉलोनी में बीते दिन नूरजान अंसारी का अकास्मिक निधन हो गई थी। मंगलवार को सुरसा कब्रिस्तान में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के मिट्टी में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया । मौके पर मो आलम, शमीम आजाद, मौलाना रफीक, डॉ नाफर, शमीम अख्तर और कई लोग उपस्थित हुए।

दो अलग-अलग लोगों की मिट्टी व अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

चान्हो। चान्हो के चोरया डोंबा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित तिग्गा एवं मांडर के अंबा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा का बीते दिन बोलेरो की चपेट में आने से निधन हो गई थी। जानकारी मिलते ही दोनो शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और मिट्टी में भी शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों से अपील किए की बाईक या कार धीरे और सावधानी से चलाएं एवं बच्चो को गाड़ी कतई ही न दे साथ ही नशे की हालत में कभी भी गाड़ी न चलाएं।

डॉ परमेश्वर भगत ने किया रामभक्तों का स्वागत

ब्राम्बे। रामनवमी त्योहार के उपलक्ष्य में ब्राम्बे से निकाली गई शोभा यात्रा का स्वागत मांडर में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने किया। डॉ परमेश्वर भगत ने रामभक्तो को त्योहार का बधाई देते हुए प्रेम भाईचारा एवं शांति पूर्ण तरीके से मानने का अपील सभी लोगों से किया ।

जीआरपी मुरी ने ट्रेन में यात्री के छूटे बैग को वापस किया

सिल्ली। राजकीय रेल थाना मुरी के द्वारा यात्री शशि भूषण सिंह जो ट्रेन संख्या 12365 जनशताब्दी एक्सप्रेस से पटना से चंद्रपुरा की यात्रा कर रहे थे। इसी दरमियान यात्री चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर उतर गए जबकि उनका बैग ट्रेन में ही छुट गया। जब यात्री को बैग के बारे में याद आया तब तक ट्रेन चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन से निकल चुकी थी। इसकी सूचना राजकीय रेल थाना चंद्रपुरा से प्राप्त होने पर ट्रेन के मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुँचने पर उक्त यात्री का छुटा हुआ बैग बरामद कर लिया गया। इसकी सूचना यात्री को दे दी गई। सूचना पाकर यात्री शशि भूषण सिंह मुरी रेलवे स्टेशन आये। उन्हें उनका छूटा हुआ बैग सौंप दिया गया है।

नौ दिवसीय राम कथा कार्यक्रम में कांग्रेस नेता हुए शामिल

सिल्ली। मंगलवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय जोन्हा में आयोजित राम कथा पाठ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु जी के साथ में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सोशल मिडिया के देवाशिष दत्ता, सदानंद सोनार एवं जोन्हा वासीगण व आयोजन कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे। साथ ही आयोजन कमिटी द्वारा दिनेश प्रसाद साहु जी को संरक्षक बनाया गया। दिनेश साहु जी ने आयोजन कमिटी के सभी सदस्य गण का आभार जताया।

रांची में जमीन घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

रांची। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने मंगलवार सुबह से जमीन घोटाले मामले में एक बार फिर रांची सहित कई अन्य जिलों में छापेमारी कर रही है। ईडी की अलग अलग टीमें रांची के तुपुदाना, बरियातू, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अंतु तिर्की सहित अन्य नेताओं के यहां भी छापेमारी कर रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रांची में कुल नौ जगहों पर ईड की रेड जारी है। उल्लेखनीय है कि नौ अप्रैल को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले केस में फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सद्दाम से मिली जानकारी के बाद ईडी की टीम छापेमारी कर रही है।

झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत आज सोमवार के दिन झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा झामुमो कार्यालय सिल्ली बुढाम में एक आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका के अध्यक्षता एवं संचालक शिक्षक गोकुल चंद्र महतो ने किया। जिसमें आगामी 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान न्याय महारैली कि तैयारी को लेकर सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा कि महारैली में हजारों हजार की संख्या में सिल्ली से कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर रांची जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मंजू देवी, रांची जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फलाहारी महतो, सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, संगठन सचिव द्वारिका महतो, दिलीप कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, फेंकना महतो आदि।

सुप्रभात रांची

बस कुछ ही दिन शेष हैं। 25 मई 2024 को रांची में मतदान है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है। आप अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। यह विशिष्ट अधिकार ही नहीं, नागरिक का कर्तव्य भी है। तो, आज ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लें। अपने बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से 25 अप्रैल तक रांची लोकसभा अंतर्गत वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएं। चुनाव का पर्व मनाएं।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त, रांची।

सीसीएल में सरहुल मिलन का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल मुख्यालय रांची के कन्वेंशन सेंटर में सरना समिति ने मंगलवार को सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात सरना आदि प्रार्थना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र एवं रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ किशोर सूरीन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि प्रकृति और जंगल झारखंड की पहचान है। निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल हमें

पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है और इसके संदेशों को आत्मसात करना चाहिए। सीसीएल भी बेहतर पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रहा है तथा इसी कड़ी में पर्यावरण अनुकूल खनन के साथ-साथ वृहद् स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। 9 इको पार्क को विकसित भी किया जाएगा। रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ किशोर सूरीन ने सरहुल पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है और आज इसे आदिवासी समाज ही नहीं, राज्य के प्रत्येक निवासी हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते हैं।

इस विशेष अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सर्वश्री अध्यक्ष सचिन कुमार, सचिव सुभाष बेदिया, पंचम मुंडा, दशरथ उरांव, सनोज एक्का, सोहित बेदिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में रामनवमी उत्सव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

छात्रों के बीच भारतीय संस्कृति के गुणों और सिद्धांतों को विकसित करने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने मंगलवार को रामनवमी उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों ने एक विशेष सभा का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। श्रीराम के जीवन पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ एक कथात्मक भाषण भी आयोजित किया गया। छात्रों ने खुद को पारंपरिक रूप से रामायण के पौराणिक पात्रों के रूप में तैयार किया और एक झांकी प्रस्तुत की। पात्रों का अभिनय करते समय छात्र खुशी और उत्साह से भर गए। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को संबोधित किया और सभी

को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर नैतिक मूल्यों को बनाए रखने, किसी के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का सम्मान करने और अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने के महत्व की याद दिलाता है।

न्यूज बॉक्स

भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को

रांची। जैन धर्मावलंबी 21 अप्रैल को महावीर जयंती धूमधाम से मनाएंगे। दिगंबर और श्वेतांबर जैन समाज के लोग इसको लेकर जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में मंगलवार को मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने बताया कि दिगंबर जैन समाज के जेजे रोड स्थित मंदिर और वासुपूज्य जिनालय में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर विविध कार्यक्रम होंगे। सुबह साढ़े पांच बजे श्रीजी का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सात बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग हिस्सा लेंगे। यात्रा दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड से निकल कर कार्ट सराय रोड, गाड़ीखाना, हरमू रोड होते हुए वासुपूज्य जिनालय पहुंचेगी। यहां श्रीजी का शांतिधारा अभिषेक किया जाएगा। फिर यात्रा में शामिल श्रद्धालु रातू रोड, मैकी रोड, गांधी चौक, शहीद चौक, मेन रोड के रास्ते राधेश्याम गली लेक रोड होते हुए वापस जेजे रोड स्थित मंदिर लौटेंगे। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे भगवान की भव्य आरती उतारी जाएगी। इसके बाद जैन महिला जागृति और जैन युवा जागृति द्वारा भगवान महावीर की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही, पार्श्व गायक विशाल जैन भजनरस की सरिता बहाएंगे।

पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म : आलोक मजुमदार

'अपना घर' वृद्धाश्रम की महिलाओं के बीच वस्त्र एवं फल वितरित

रांची। राजधानी रांची के हटिया क्षेत्र स्थित सिंह मोड़ (लटमा रोड) स्थित वृद्धाश्रम 'अपना घर' की वृद्ध महिलाओं के बीच मंगलवार को समाजसेवी प्रेम शंकर व उनके पुत्र पीयूष कुमार ने दैनिक उपयोग में आने वाले वस्त्रों का वितरण किया। मौके पर प्रेम शंकर ने बताया कि उनकी माता स्व. मनोरमा सिन्हा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया। इस मौके पर शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांत शीट ने वृद्धाश्रम की महिलाओं को भोजन कराया एवं उनके बीच फल का वितरण किया। वहीं, बिरसा नगर, बिरसा चौक निवासी अरुण सिन्हा ने भी अपनी माता स्व.वीणा दयाल की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को वृद्ध आश्रम में रहने वाली महिलाओं के बीच वस्त्र आदि का वितरण किया। इस अवसर पर 'अपना घर' की व्यवस्थापिका सिस्टर एम्मा, सामाजिक कार्यकर्ता आलोक मजूमदार, तन्मय मुखर्जी सहित कई लोग मौजूद थे। वृद्धाश्रम की महिलाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए सबों के प्रति आभार व्यक्त किया।

97 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठ

रांची। राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 97वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला यह कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी एवं आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद

अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा, प्रत्युष अग्रवाल ने फल प्रसाद एवं पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा निवेदित की। मोदी परिवार ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय-जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनोली, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

श्री श्याम भंडारा 20 को

शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 108वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने रामपुर के बच्चों को दी शिक्षा व खेल सामग्री

रांची। मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने मंगलवार को 'चलो गांव खुशियों की ओर' प्रकल्प के तहत रामपुर गांव के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल और रबड़ का वितरण किया। सभी बच्चों के बीच कविता पाठ की प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रत्येक बच्चे को कुछ-कुछ आकर्षक उपहार भी दिए गए। बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं अच्छी-अच्छी बातें भी सिखाई गईं। पर्यावरण की रक्षा एवं जल संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष मधु सराफ एवं सचिव उर्मिला पाड़िया ने बताया कि इस गांव के ग्रीन गार्डन स्कूल में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल की तरफ से बच्चों के बीच में फुटबॉल, फुटबॉल की टीशर्ट, पेंट वितरित की गई। ये सभी बच्चे रांची जिला की फुटबॉल टीम को रिप्रेजेंट करते हैं।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीराम के प्राकट्य महोत्सव पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार को चैत्र शुक्ल महानवमी तिथि पर पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में कौशल्या नंदन प्रभु श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य पर विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। ब्रह्म मुहूर्त के बेला में भगवान श्रीमन्नारायण का महाभिषेक होगा। फिर वस्त्राभूषणों का अलंकार, पुष्पों का शृंगार, महाआरती, नैवेद्य, महास्तुति, गोष्ठी, शठारी और मासिक अर्चना

होगी। इसके बाद रघुबीर गद्यम आदि से राम वंदना, रामचरित मानस पूजन आदि विस्तार पूर्वक होंगे। श्रीराम जन्मोत्सव के साथ ही रामचरित मानस की जयंती भी मनायी जाएगी।

रामनवमी पर रांची जिले में रहेगा ड्राई डे

रांची। रामनवमी पर बुधवार को रांची जिले में ड्राई डे रहेगा। रांची के उपायुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार, 17 अप्रैल 2024 को रांची जिले में सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित, थोक बिक्री परिसर, सभी देशी एवं विदेशी शराब के विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बंद रहेंगे। साथ ही, किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा।

निरीक्षक उत्पाद, सभी अवर निरीक्षक उत्पाद एवं मानव प्रदाता कंपनी को अपने-अपने क्षेत्र, अंचल स्थित सभी खुदरा उत्पाद दुकानों को सीलबंद सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही, डोरंडा, हिनू, धुर्वा, हिंदपीड़ी, सुखदेवनगर, बरियातू, कोकर जतराटांड़ थाना क्षेत्र में कड़ी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुए सघन गश्ती एवं छापामारी करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो।

रांची की सभी रूटों पर मेट्रो सिटी की तर्ज पर चलेंगी बसें

250 से अधिक सिटी बसों का होगा परिचालन

अमित कुमार, रांची।

राजधानी के लोगों को सिटी बसों में चलने के लिए अब रोज की तरह धक्का-मुक्की नहीं करनी होगी। रांची नगर निगम इसी वर्ष से 250 से अधिक सिटी बसों का परिचालन पूरे शहर में करने जा रहा है। शहर के लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर निगम ने यह निर्णय लिया है। खास बात यह कि बस में निर्धारित रूट लाइन भी लिखी होगी। साथ ही, बसों में लगने वाले भाड़े का भी उल्लेख रहेगा। सबसे बड़ी बात की सभी रूट में चलने वाली बसों के पड़ाव भी निश्चित होंगे। मेट्रो सिटी में जिस तरह कि सुविधाएं सिटी बसों में होती हैं, उसी तरह रांची में भी होगी।

नगर निगम का होगा अपना एप

नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके, इसके लिए निगम अपना एक एप भी बनवा रहा है। इससे शहरवासियों को मोबाइल से ही सभी रूट के लिए टिकट बुकिंग करने की सुविधा मिल जाएगी। जिस बस में टिकट की बुकिंग होगी, वह एप के माध्यम से देखा जा सकेगा कि कहां पर है और निश्चित पड़ाव पर कब तक आएगी।

नहीं देना होगा मनमाना किराया

वर्तमान में परिचालित सिटी बसों के टिकटों के पैसे मनमाने ढंग से लिये जाते हैं। कचहरी से डोरंडा के लिए 15 रुपये लोगों को खर्च करने पड़ते है, जबकि निर्धारित दर महज पांच रुपये ही है। उसी तरह, कांटाटोली, मेन रोड तथा हरमू रोड से होकर राजेंद्र चौक और तुपुदाना के लिए जाने वाली बसों के किराए के रूप में 20 से लेकर 30 रुपये लिये जाते हैं। जबकि, अभी जो दर तय है, उसके अनुसार प्रति किलोमीटर महज पांच रुपय से शुरू हो कर बाद में प्रति किलोमीटर एक रुपया की दर से किराया बढ़ता है।

पीपीपी मोड के तहत होना है परिचालन

रांची नगर निगम सभी सिटी बसों का परिचालन पीपीपी मोड के तहत करेगा। इसमें बसों का संचालन 'नो प्रॉफिट, नो लॉस' पर होगा। मतलब, इन बसों से मुनाफा नहीं कमाया जाएगा। इसका किराया इतना कम रखा जाएगा कि लोग निजी वाहनों के बजाय सिटी बस से सफर करना पसंद करेंगे।

खबर का असर

सड़क पर जहां मन वहां खोलते दुकान, खड़ा करते हैं वाहन, लगता है जाम
सिटी बस, ऑटो, टुक-टुक, खोमचे-ठेले वालों की है मनमानी

चार अप्रैल को राष्ट्रीय नवीन मेल में सिटी बस को लेकर खबर छपी थी। इसमें बताया गया था कि वर्तमान में सिर्फ दो रूट के लिए परिचालित 41 सिटी बसें हैं, जिसमें ठूस-ठूस कर लोगो को ले जाते हैं। साथ ही, मनमाना भाड़ा भी लिया जाता है। इसमें किसी भी बस में रूट चार्ट नहीं होता है। अधिक भाड़ा देने के बाद भी कोई सुविधा नहीं होती। रांची नगर निगम अब सभी रूटों के लिए बस का परिचालन करेगा।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर सिटी बसों का परिचालन होगा, जिसमें लोग अपने मोबाइल पर एप के माध्यम से टिकट की बुकिंग करेंगे। बस में महिला तथा दिव्यांग सीटों को सुरक्षित रखा जाएगा। छात्र-छात्राओं के लिए एक निश्चित दर का निर्धारण भी किया जाएगा।

- रवींद्र कुमार, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, रांची।

जेवीएम श्यामली में अभिभावकों के लिए 'संवाद सेतु' कार्यक्रम आयोजित

अभिभावक समय-समय पर बच्चे के प्रोग्रेस की जानकारी लें : श्रीलेखा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में मंगलवार को कक्षा 10वीं के छात्रों के अभिभावकों के लिए 'संवाद सेतु' कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके व्याख्यान का मुख्य विषय था 'दसवीं के छात्रों की पैरेंटिंग कैसे करें।' इन्होंने ऑडियो-वीडियो क्लिप और स्लाइड के जरिये बच्चों के मनोविज्ञान, उनकी आदतों व स्वभाव से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। उस पर अपनी इच्छा या कमी को न थोपें। आगे उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की उचित देखभाल की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में छात्र-छात्राएं अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं] इसलिए उनपर से निगाहें हटानी नहीं चाहिए। उनका भविष्य संवारने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का पूरा सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। अतः समय-समय पर विद्यालय आकर बच्चे के प्रोग्रेस की जानकारी लेते रहें। प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बच्चे अपना स्क्रीन टाइम को कम करें और पढ़ने के समय अभिभावक उनके पास बैठें। बच्चों को कोचिंग के भरोसे ना छोड़ें और यह देखें कि बच्चों को सेल्फ स्टडी का कितना समय मिल पा रहा है। पांच-छह घंटे की सेल्फ स्टडी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय की कार्यकम समन्वयिका सुष्मिता मिश्रा ने पूर्ववर्ती छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन छात्रों को उनके रुचि के अनुसार विषय को पढ़ने का अवसर प्रदान किया गया, वे आज उच्च से उच्चतम शिखर पर विराजमान है।

'सबके राम' विषय पर जनजातीय बेटियों ने बनाई प्रभु श्रीराम के मनमोहक चित्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड ने रामनवमी महापर्व पर बिरसा उच्च विद्यालय कांके रोड में मंगलवार को 'सबके राम' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में शंकर दुबे वरिष्ठ समाजसेवी, सनातन महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित ओझा, वरिष्ठ संयोजक सनातन महापंचायत संजय मिनोचा, महानगर संयोजक सनातन महापंचायत युवराज पासवान, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, समाजसेवी राज कुमार पोद्दार, सनातन महापंचायत के कला प्रदेश संयोजक आशुतोष द्विवेदी एवं स्कूल की प्राचार्या सुषमा कुमारी, उप प्राचार्य श्याम सर आदि उपस्थित थे। मौके पर लोगों ने कहा कि 500 वर्षों के बाद सभी सनातन भाई बहनों के अथक प्रयास के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला का भव्य मंदिर बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रभु श्री राम शुभ परंपरा के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि अपनी विरासत और संस्कृति को बचाना ही हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

पेंटिंग प्रतियोगिता में जनजातीय बेटियों ने 'सबके राम' विषय पर प्रभु श्रीराम के अद्भुत चित्र बनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से मिलकर उचित पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिन्हा, प्राण कच्छप, सुभाष मिश्रा, सुकराम हंस समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं एव सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम

स्केच वर्ग - प्रथम : यसोदा कुमारी, द्वितीय : शिवानी कुमारी एवं तृतीय : पार्वती कुमारी।
कलर वर्ग - प्रथम : जसिंता बोदरा, द्वितीय -सलोनी कुमारी एवं तृतीय : गीता गारी।

166वें शहादत दिवस पर याद किए गए अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

शहीदों की कुर्बानी व्यर्थ न जाने दें : लाल प्रवीरनाथ

स्वतंत्रता सेनानियों को मिले समुचित सम्मान : निपु सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी व बड़कागढ़ के राजा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के 166वें शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहीद दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव परिवार के वंशज व उत्तराधिकारी ठाकुर प्रवीर नाथ शाहदेव ने कहा कि गर्व है कि मैं इस महान पुरुष का वंशज हूं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों की कुर्बानियां व्यर्थ न जाए, इसके लिए राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत होकर जनता को राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन व झारखंड सेनानी कोष संचालन समिति (गृह मंत्रालय), झारखंड के संयुक्त सहयोग से अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में झारखंड के अमर शहीदों के परिजनों व आमजनों द्वारा यह शहीद दिवस समारोह का आयोजित किया गया था। शहीद दिवस समारोह का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के जन्मस्थल सतरंजी गढ़ परिसर स्थित सेक्टर तीन (गोलचक्कर), धुर्वा में हुआ। समाजसेवी निपु सिंह ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सिंह ने कहा देश की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को हमेशा दिल में रखना चाहिए और उनको समुचित सम्मान देना चाहिए।

सिंह ने कहा देश की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को हमेशा दिल में रखना चाहिए और उनको समुचित सम्मान देना चाहिए। इस मौके पर लाल प्रवीर नाथ शाहदेव, निपु सिंह के अलावा सौरभ वर्मा, महिमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

रामनवमी को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची पुलिस ने अल्बर्ट एक्का चौक से रामनवमी को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक, चर्च रोड तक गया। इस दौरान कई थानों के प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे। रांची पुलिस ने रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। त्योहार में कोई गड़बड़ी न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा को लेकर चार आईपीएस, 10 डीएसपी, 300 दरोगा, 30 इंस्पेक्टर सहित तीन हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा, रामनवमी जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। रांची पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता पाया गया, तो उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर साइबर सेल नजर रख रही है।

सुरक्षा को लेकर चार आईपीएस सहित तीन हजार जवानों की हुई तैनाती

झारखंड में मुसलमान को कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर भड़के इरफान

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड के जामताड़ा से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने पार्टी नेतृत्व को चेतावनी दी है कि राज्य में एक भी सीट पर मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया जाना आत्मघाती कदम होगा।

कहा : क्या 18 फीसदी आबादी सिर्फ वोट देने के लिए है

2, 3, 4 प्रतिशत आबादी वालों को मिल रहा है टिकट

लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। दरअसल, इरफान अंसारी गोड्डा लोकसभा सीट पर अपने पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की उम्मीदवारी की मांग कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने उनके नाम की अनुशंसा नहीं की है। इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 18 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद झारखंड में एक सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल और आत्मघाती कदम होगा। पार्टी के इस निर्णय से समाज में भारी आक्रोश है। इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कुछ नेताओं ने भ्रम फैलाया है कि अगर मुसलमान को टिकट दिया गया तो वोटों का ध्रुवीकरण हो जाएगा। अंसारी ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़ा करते हुए कहा, 2, 3, 4 प्रतिशत आबादी वालों को टिकट मिल रहा है तो क्या 18 प्रतिशत वाला सिर्फ वोट देने के लिए है? पार्टी इस पर विचार करे नहीं तो लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुसलमानों के वोट को कांग्रेस पार्टी हल्के में ना ले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को नजरअंदाज करने का ही नतीजा है कि अन्य राज्यों में इनका वोट क्षेत्रीय पार्टियों की तरफ चला गया है। मुसलमान खुद को ठगा महसूस कर रहा है।

कृष्ण और अर्जुन को भी मिली जीत, चेले से हार गये थे गुरू

उपेंद्र गुप्ता, रांची। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र देश के सर्वाधिक चर्चित सीटों में एक माना जाता है। टाटा स्टील के औद्योगिक ईकाईयों और कई तरह के खनिज संपदा के लिए जमशेदपुर प्रसिद्ध है। जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला का मुख्यालय है। यह प. बंगाल और ओडिशा से सटा है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट शामिल हैं। घाटशिला और पोटका अनुसूचित जनजाति के लिए और जुगसलाई विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। जबकि जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी सामान्य सीट में आता है।

1984 के बाद आजतक नहीं जीती कांग्रेस

जमशेदपुर लोकसभा सीट 1957 में अस्तित्व में आई थी। 1957, 1967, 1971 और 1984 में कांग्रेस को जीत मिली थी, उसके बाद कांग्रेस आज तक जमशेदपुर सीट पर जीत हासिल नहीं कर पाई। 1962 में कम्युनिस्ट पार्टी को और 1977 और 1980 में जनता पार्टी ने जीत हासिल की। इसके बाद के लगभग हर चुनाव में झामुमो और भाजपा के बीच मुकाबला देखने को मिला है। दो दंपति जमशेदपुर से बनें सांसद जमशेदपुर लोकसभा सीट से शैलेंद्र महतो और उनकी पत्नी आभा महतो दोनों सांसद बने। उसके बाद सुनील महतो और उनकी पत्नी सुमन महतो भी जमशेदपुर से सांसद बने। शैलेंद्र महतो जहां झामुमो के टिकट पर दो बार सांसद बने, वहीं उनकी पत्नी आभा महतो भाजपा की टिकट पर दो बार सांसद बनने में सफल रही। जबकि सुनील महतो और उनकी पत्नी सुमन महतो झामुमो के टिकट से चुनाव जीतने में सफल रहे। हैट्रिक जीत लगाने के कगार पर भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के विद्युत वरण महतो ने विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी वर्तमान सीएम चंपई सोरेन को लगभग तीन लाख से भी अधिक वोटों के बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बीजेपी को 6,79,632 वोट और झामुमो को 3,77,542 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने अपने राजनीतिक गुरु चंपाई सोरेन हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। भाजपा ने तीसरी बार विद्युत वरण महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि इंडी गठबंधन की ओर से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। जमशेदपुर का इतिहास रहा है कि यहां से आज तक दो बार से अधिक कोई प्रत्याशी चुनाव नहीं जीता है। विद्युत वरण महतो इस परंपरा को तोड़ पाएंगे या नहीं स पर सबकी नजर है।

महाभारत के कृष्ण ने भाजपा को दिलाई पहली जीत

1996 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने महाभारत के कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतीश भारद्वाज को अपना प्रत्याशी बनाया था और नीतीश भारद्वाज ने भाजपा को पहली जीत दिलाई, उसके बाद भाजपा की जीत का सिलसिला शुरू हो गया। 1998 और 1999 में भाजपा की आभा महतो ने जीत दर्ज की। 2004 में झामुमो के सुनील महतो ने जीत दर्ज की, लेकिन उनकी मौत के बाद 2007 के उपचुनाव में उनकी पत्नी सुमन महतो जीत गई। 2009 में भाजपा ने पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा अर्जुन मुंडा ने जीत दर्ज कर जमशेदपुर सीट भाजपा की झोली में डाल दी, लेकिन झारखंड के सीएम बनने के बाद यह सीट खाली हो गई और 2011 के उपचुनाव में झाविमो के अजय कुमार जीत गए। जमशेदपुर का समाजिक समीकरणऔद्योगिक क्षेत्र होने कारण यहां बिहार, बंगाल, उड़ीसा सहित कई राज्यों के लोग वर्षों से रह रहे हैं। जिनकी आबादी काफी बड़ी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों आदिवासियों और कुड़मी जाति के लोगों की भी बड़ी संख्या है। यहां मुस्लिम, छत्तीसगढ़ी, कुशवाहा और यादव जैसी जातियों के मत का भी प्रभाव रहता है। माना जाता है कि यहां ओडिया, वैश्य, बिहारी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ रहता है। वहीं आदिवासी और महतो मतदाता अपने हिसाब से वोट देते हैं। वहीं कुड़मी जाति का वोट भी भाजपा को जाता है। लेकिन कोई कुड़मी प्रत्याशी खड़ा हो जाए तो इनका वोट उसकी तरफ चला जाता है। इसलिए कुड़मी प्रत्याशी की जीत अधिक होती रही है। 25 मई को छठे चरण में होगा मतदान 18 वीं लोकसभा के लिए जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई को मतदान किया जाएगा। इसके लिए नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी किया जाएगा। छह मई तक उम्मीदवार अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे और 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 9 मई तक अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। उसी दिन राज्य के गिरिडीह, धनबाद, रांची में मतदान किया जाएगा।

लोस में जीत के लिए संकल्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ता : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीतने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड़ की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बड़ा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है। आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मंगलवार को बुंडू में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कार्यकताओं और पदाधिकारियों को लगना है।

झारखंड हाई कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर जताया असंतोष

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमएलए-एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी-एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस प्रस्तुत किया गया। सीबीआई ने बताया कि पिछले दो साल में एमएलए-एमपी के खिलाफ दर्ज किसी केस का निष्पादन नहीं हुआ है। कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। शपथ पत्र दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारी का पद कम से कम एसपी रैंक का होना जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल करते हुए बताएं कि राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और निचली अदालत में एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे ट्रायल को तेज करें। ट्रायल के दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि समय से उनकी गवाही हो सके और मामले का जल्द निष्पादन हो सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई निर्धारित करते हुए सीबीआई और ईडी से जबाव मांगा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआई को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि एमपी-एमएलए के खिलाफ निचली अदालत में जो केस चल रहे हैं, उसके ट्रायल में क्यों देरी हो रही है।

न्यूज बॉक्स

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अब अदालत ने मामले में 23 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

जेपीएससी परीक्षा की जांच की पीआईएल पर अब दूसरी कोर्ट में होगी सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। पूर्व में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को दिया गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है।

अमन श्रीवास्तव गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता(एटीएस)ने कुख्यात अमन श्रीवास्तव गिरोह के नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 60 हजार नगद, एक कार, तीन मोबाइल फोन और मेसर्स झारखंड एजेंसी कंपनी से संबंधित कागजात बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह का अपराधकर्मी नीरज कुमार रांची आया हुआ है। इस सूचना पर एटीएस टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से छापामारी के दौरान जगन्नाथपुर थाना के पुन्दाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर से अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ के दौरान यह बात प्रकाश में आयी है कि वह अमन श्रीवास्तव गिरोह के रंगदारी के पैसे के प्रबंधन का कार्य करता था।

हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना मामले की हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में रांची नगर निगम की ओर से कहा गया कि रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए एनएचएआई नो ऑब्जेक्शन नहीं दे रहा है। इस पर कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडमिनिस्ट्रेटर रांची नगर निगम को अगली सुनवाई 24 अप्रैल को हाजिर होने का दिया निर्देश। नगर निगम की ओर से बताया गया कि फेज वन का 15 प्रतिशत काम शेष बचा है। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि इसके डीपीआर के स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी। पूर्व की सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने कोर्ट को बताया था कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका 15 प्रतिशत कार्य बचा है।

मोहम्मद सद्दाम चार दिनों की ईडी की रिमांड पर

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उसे कोर्ट में पेश किया । साथ ही सद्दाम से पूछताछ के लिए कोर्ट में रिमांड के लिए आवेदन दिया । इस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने चार दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की। सद्दाम ईडी के कांड संख्या 5/2023 और 1/2023 में भी आरोपित है। ईडी ने पूर्व में छापेमारी में करीब 36 से ज्यादा डीड बरामद की थी, जो अलग-अलग भूमि से जुड़े थे।

आर्किटेक्ट विनोद सिंह की जमानत पर 18 अप्रैल को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

पीएम पर जानलेवा हमले का साजिश कर रहा इंडी गठबंधन : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडी गठबंधन पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमला करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज में झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम ने विकृत मानसिकता और जिहादी सोच का परिचय देते हुए मोदी को जमीन में 400 फीट नीचे गाड़ने की धमकी दी है। प्रतुल ने कहा कि इस बयान के सार्वजनिक होने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह साफ दिखाता है कि सरकार ऐसे जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इससे पूर्व कोडरमा में राजद नेता ने मोदी की खोपड़ी में गोली मारने की बात कही थी। यह सीक्वेंस साफ दिखता है कि इंडी गठबंधन के नेता मोदी के खिलाफ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए साजिश रच रहे हैं और जनता को भड़का रहे हैं। प्रतुल शाह देव मंगलवार हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि यह बेहद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड पुलिस द्वारा अब तक नजरुल इस्लाम की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस जेहादी व्यक्ति ने तो सीधे तौर पर प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही है, लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा खामोश है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अराजकता का वातावरण चाहती है। एक तरफ राजद और झामुमो के नेता मोदी की हत्या करने की बात कर रहे हैं तो दूसरी तरफ आदिवासी महिला सांसद गीता कोर को झामुमो के सशस्त्र समर्थकों द्वारा बंधक बनाकर रखा जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के ऊपर हमले और उनकी हत्या की बात कहना राजद्रोह की श्रेणी में आता है।

आमने -सामने

राजनीतिक भाषण को बेवजह तूल दे रही भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय समिति सदस्य नजरूल इस्लाम के बयान का बचाव करते हुए कहा कि यह राजनीतिक भाषा है, जिसे बेवजह भाजपा तूल दे रही है और उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह का बयान मेरा या प्रवक्ता मनोज पांडेय या किसी बड़े नेता का नहीं है। कोई भी नेता एक मिनट का भाषण नहीं देता है, वह बहुत कुछ भाषण में बोलता है, लेकिन विवादित बातों को ही वायरल किया जाता है। यह बात नजरूल हसन ने कही है, इसलिए विवाद को तूल दिया जा रहा है। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने पीएम मोदी और भाजपा पर निशाना साधते कहा कि अब भाजपा का मतलब पीएम मोदी है। ये लोग अपनी संभावित हार को देखते हुए बेरोजगारी, महंगाई पर बोलने की जगह धर्म और साम्प्रदायिकता की भाषा पर उतर गए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने नाराज नेताओं की बातें अनसूनी कर रहे थे, तब कार्यकर्ता जाने लगे। इसके बाद भजन लाल शर्मा को कहना पड़ा कि आपलोगों को महादेव की सौंगंध, अगर आप हिंदू हैं तो बैठ जाएं। अगर धर्म की बात करना है तो ये लोग आदिवासी, सरना धर्म कोड की बात क्यों नहीं करते हैं। कई राष्ट्रीय नेता उलगुलान रैली होंगे शामिल झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे, जिन्होंने अपनी सहमति दे दी है। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी, सीताराम येचुरी, दीपांकर भट्टाचार्य, डी राजा, फारूख अब्दुल्ला के नाम प्रमुख हैं। झारखंड के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए इंडी गठबंदन के सभी नेता रांची आ रहे हैं।

फैमिली वोटिंग के संदेश वाली लघु फिल्म उड़ चली.. का लोकार्पण

सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान : के रविकुमार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन सभागार में लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरूकता सामग्रियों के लोकार्पण किया । साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई लघु फिल्म उड़ चली को रिलीज भी किया। सीईओ ने कहा कि इस बार मतदान के दिन खबर कवर करने वाले के साथ तमाम आकस्मिक कार्य में लगे कर्मी भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सीईओ के रविकुमार ने कहा कि इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गई है। मतदान की अवधि पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक है। जो भी मतदाता अपराह्न 5.00 बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध रहेंगे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। वैसी सेवाओं को 'आवश्यक सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। झारखण्ड के हर वर्ग तक निर्वाचन की अहमियत पहुँचे, लोग जागरूक बनें और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लें इसके लिए जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया जा रहा है।

झारखंड की 8 स्थानीय भाषाओं में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के डिजाइन का हुआ लोकार्पण

भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है चुनाव का पर्व, देश का गर्व इस नारे को झारखण्ड की 8 भाषाओं, यथा, नागपुरी, कुडुख, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से संबंधी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है जिससे उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुँच सके।

होम वोटिंग व मीडिया पोस्टल बैलेट से संबंधित वीडियो

मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो ट्यूटोरियल आई-भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी देने वाले वीडियो सीरीज में 85 वर्ष से अधिक के अथवा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केंद्र आने में असक्षम हैं उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है इसके बारे में बताया गया साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगें वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें इसकी भी जानकारी दी गयी।

लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप प्रभारी देव दास दत्ता ने किया

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओ एस डी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क आनंद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उड़ चली लघु फिल्म के निर्देशक सैकत चटर्जी, नागपुरी गीत के गीतकार एवं गायक सुनील कुमार एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

साक्षी जमुआर ने डीपीएस रांची व जेवीएम श्यामली से की थी पढ़ाई

गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी है साक्षी, यूपीएससी में मिला 89वां रैंक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
यूपीएससी में 89वां रैंक लाने वाली साक्षी ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा डीपीएस रांची में हुई है। इसके बाद उसने जेवीएम श्यामली से ह्यूमनिटी विषय से 12वीं तक की पढ़ायी की। इसके बाद उसने साल 2021 में एनएलयू रांची से लॉ पूरा किया है। साक्षी ने बीपीएससी में भी सफलता प्राप्त की है। वह गढ़वा के डीसी शेखर जमुआर की बेटी हैं। इसी साल जनवरी में में उसे बीपीएससी में 48वां रैंक प्राप्त हुआ था। लेकिन उसने यूपीएससी का रिजल्ट आने तक इसे ज्वाईन नहीं करने का फैसला लिया था। साक्षी का एक बड़ा भाई भी है, जो डेटा साईंस से आईआईटी कर रहा है। साक्षी ने बताया कि जब वह 10वीं में थी, तभी उसने यह निर्णय कर लिया था कि उसे यूपीएससी की तैयारी करनी है। उसने कहा कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक पढ़ाई करती थी। परीक्षा के दिनों में पढ़ायी के घंटे 10 से 12 हो जाते थे। उसने कहा कि जो भी विद्यार्थी यूपीएससी की तैयारी में लगे हुये हैं, वे सिलेबस को अच्छी तरह से परख लें, उसके अलावे दायें-बायें नहीं देखें। इसके अलावे प्रैक्टिस पर ध्यान दें। उसने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिये उसने ऑनलाईन पढ़ाई कर तैयारी की है। उसे बैडमिंटन खेलना, पेंटिंग बनाना एवं डायरी लिखने का शौख है। उसने बताया कि वह अधिकारी बनकर ग्रास रूट पर काम करना पसंद करेगी।

जनवरी में बीपीएससी में मिला था 48वां रैंक

गढ़वा मेरे लिये काफी लक्की साबित हुआ: शेखर जमुआर
अपनी पुत्री की सफलता पर डीसी शेखर जमुआर ने बताया कि किसी भी मां-बाप के लिये इससे ज्यादा बड़ी खुशी की बात दूसरी नहीं हो सकती है। जब बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं, तो मां-बाप को खुशी होती ही है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के अलावे किस्मत भी उनकी पुत्री के साथ है। उन्होंने कहा कि साक्षी गढ़वा की बेटी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा से पहले भी कई लोग आईएएस-आईपीएस बने हैं, आगे भी यहां के लोग सफलता को चूमें, वे यही कामना करते हैं।

एक नजर

अंबेडकर जयंती पर हुई प्रतियोगिता, राधाकृष्ण स्कूल ने बाजी मारी

रजरप्पा। सीसीएल रजरप्पा में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राधाकृष्ण इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, नृत्य, भाषण व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्कूल की छात्रा लवली कुमारी को अंग्रेजी में और श्रुति कुमारी को हिंदी में अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालने पर पुरस्कार मिला। वहीं नागपुरी डांस मे स्वर्ण, आभा, प्राची, निकिता, हर्ष कुमार, कृष्णा कुमार, रोशन कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही अनन्या, अंशुप्रिया, पीहू, पायल आदि ने भी अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। बच्चों के इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के निदेशक मेनन चौधरी व निदेशिका सारिका कुमारी ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

पतरातू। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित भगत, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता और सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने वैसे बीएलओ, पर्यवेक्षक और पंचायत सेवकों के साथ बैठक की। बैठक में पतरातू प्रखंड क्षेत्र के जिन मतदान केंद्रों में पिछले लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 में कम मतदान हुए थे। वैसे मतदान केंद्र के बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्विप के तहत जागरूकता अभियान चलाएं। डोर टू डोर मतदाताओं का सत्यापन करने जिला से जारी कैलेंडर के मुताबिक काम करने आदि निर्देश दिए गए। पिछले लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 में पतरातू प्रखंड क्षेत्र के 51 बूथों पर मत प्रतिशत कम हुआ था।

नवरात्र मानसिक शारीरिक व आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक

रामगढ़। अपने भीतर की ऊर्जा को जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्र मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। उक्त बातें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने सोमवार को रहावन में आयोजित बासंती दुर्गा पूजा के अवसर पर महासप्तमी को मां दुर्गा के पट आम लोगों के लिए खोले जाने पर कही। उन्होंने कहा कि आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। चैत्र की नवरात्रि के साथ रामजन्म एवं रामराज्य की स्थापना का इतिहास है।

कुरूम के प्राचीन दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी की पूजा धूमधाम से संपन्न

माता महागौरी की पूजा-अर्चना से श्रद्धालु अक्षय पुण्य के अधिकारी बनते हैं : मिथलेश तिवारी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में प्रत्येक वर्ष पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में चैती दुर्गा पूजा भक्तिभाव के साथ आयोजित होती है। इस वर्ष भी वहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। मंगलवार को पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में यजमान सीताराम सिंह ने विधि पूर्वक माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने बताया कि माता के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करने से श्रद्धालु अक्षय पुण्य के अधिकारी बन जाते हैं इसलिए श्रद्धालुओं को माता महागौरी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करनी चाहिए। मिथलेश तिवारी ने बताया की माता महागौरी की पूजा अर्चना से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इनकी पूजा करने से हर कामनाएं पूरी होती है।

चैती दुर्गा पूजा को सफल बनाने में अमित कुमार सिंह ,दीपनारायण सिंह, अवधेश सिंह, ललन सिंह, पंकज सिंह, सुमंत सिंह, रितेश सिंह, विपुल सिंह, रोशन सिंह, कृष कुमार, आदित्य सिंह, संतोष मुंडा, उदय मुंडा, तन्मय सिंह, अनुभव सहित सभी लोग योगदान दे रहे हैं।

दूर-दूर से मन्नत मांगने आते हैं श्रद्धालु

प्राचीना दुर्गा मंदिर कुरूम की ख्याति दूर दूर तक है और वहां पूजा अर्चना के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों सहित दूसरे राज्य जैसे पश्चिम बंगाल आदि से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं और माता से मन्नत मांगते हैं। पुजारी मिथलेश तिवारी के अनुसार जो भी श्रद्धालु प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में माता दुर्गा से सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं माता उनकी मन्नत अवश्य पूरी करती हैं। इसलिए इस मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है।

गायत्री परिवार ने टाटा स्टील को प्रशंसा पत्र सौंपा

रामगढ़। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से टाटा स्टील वेस्ट बोकारो महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित को गायत्री पीठ के मुख्य व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद ने प्रशंसा पत्र भी सौंपा। इस अनुष्ठान के मुख्य अतिथि टाटा स्टील वेस्ट बोकारो के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित सपत्नीक का स्वागत पीठ के पुजारी शान्तानु तिवारी ने मंत्रोच्चारण के साथ तिलक चंदन कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर अनुष्ठान की शुरूआत की। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए कहा कि विगत वर्षों में कई धार्मिक स्थल खदान क्षेत्र में आ जाने के कारण टाटा प्रबंधन सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों को सुरक्षित स्थान में बेहतर तरीके से निर्माण कर बिजली, पानी, मरम्मत जैसे आधारभूत सुविधाओं के साथ स्थानांतरित किया है।

डिवाइन स्कूल में एनसीसी का रैंक वितरण समारोह संपन्न

नवनियुक्त कैडेटों को किया गया प्रोत्साहित

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में एनसीसी का रैंक वितरण समारोह संपन्न हुआ। विद्यालय निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती की अध्यक्षता मे समारोह की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद गंगपाचो मुखिया ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और समाज के कल्याण में सहयोग प्रदान करने की बात कही। कहा मानव जीवन में युवावस्था विकास और निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। युवावस्था ही भावी जीवन के लिए आधारशिला तैयार करती है। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य स्वाती रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में असीम ऊर्जा का संचार करता है। इसके उपरान्त कुंदन कुमार, हेमंत कुमार, आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, पीयूष कुमार, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, पूजा कुमारी, वर्ष कुमारी, कृति कुमारी, साक्षी कुमारी को रैंक प्रदान किया गया। वक्ताओं ने एनसीसी की अवधारना को बताया। निदेशक ने देश के सम्मान और कल्याण के लिए अत्यंत समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

रामनवमी त्योहार को लेकर डीसी व एसपी ने किया मॉक ड्रिल, कहा

शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं रामनवमी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
बुधवार को रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से जिला में मने इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी को लेकर 16 अप्रैल को उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार द्वारा पुलिस केंद्र रामगढ़ में राईट कंट्रोल मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ प्रमेश्वर प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) फौजान अहमद, थाना प्रभारी अजय साहू, परिचारी प्रवर मन्टू यादव, पुलिस पदाधिकारी/कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बल के जवानों के हिस्सा हिस्सा लिया। उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला वासियों को रामनवमी कि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इसकी पूरी तैयारी की हैं की रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से मने। उन्होंने लोगों से अपील की है की रामनवमी के दौरान यदि किसी के द्वारा कोई हुड़दंग का प्रयास किया जाता है तो कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बताया कि रामनवमी को देखते हुए जिला में 86 स्थानों पर पुलिस बल तैनात किए गए है। साथ ही विभिन्न जगहों पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है ताकि रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके के संपन्न हो। उन्होंने बताया कि रामनवमी को लेकर शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, मजार चौक, सौदागर मोहल्ला, चैती दुर्गा मंदिर, पुरानी मंडप, कर्बला चौक, बुढ़वा महादेव मंदिर आदि क्षेत्रों में मंगलवार को फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावे हेसला और अरगड्डा आदि क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकाती परमेश्वर प्रसाद , अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

◆ पुलिस बल को किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

शिलाडीह में आयोजित सात दिवसीय राम कथा संपन्न, उमड़ी भारी भीड़

हम सभी हिंदुओं की जाति कोई भी हो पर धर्म सबका एक है : विद्यांशु महाराज

◆ अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक विद्यांशु महाराज किए गए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह में रामनवमी पूजा के अवसर पर सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन कलश स्थापना की तिथि से किया गया। इस निमित अंतिम दिन अर्थात सप्तमी को अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक विद्यांशु महाराज के द्वारा राम कथा और भजन 'जय चंदा रे जयचंदा तूने देश को बर्बाद कर दिया, अयोध्या जी को फैजाबाद कर दिया। गाकर लोगों का दिल जीत लिया। वहीं कथावाचक विद्यांशु महाराज को माला पहनकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महाराज ने कहा कि हम सभी हिंदुओं की जाति अनेकों हैं पर धर्म सबका एक है। वह धर्म हिंदू /सनातन का है। हम सब आपस में मिलकर रहेंगे। जाति/ पार्टी में हम सबको नहीं बंटना है। वहीं काली मंदिर परिसर में आयोजित कथा में सात दिन भक्तों की खूब भीड़ रही। कथा में राम भजन पर महाराज ने भक्तों को खूब झुमाया।अंतिम दिवस में ग्राम के अभिभावक स्वरूप वरिष्ठ लोगों को तथा आयोजकों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदाई की बेला में भक्त अपने आंसू नहीं रोक पाए और महाराज को अश्रु पूर्ण विदाई दी गई। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सचिव राम तीरथ पांडेय, नंदलाल मंडल, शिवलाल यादव ,कृष्ण जय पांडेय, मुकेश पांडेय, सुनील पांडेय, आरती सिंह रूप सिंह ज्योति देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

नशामुक्त रामनवमी का संकल्प लेकर त्यौहार मनाएं रामभक्त : टोनी जैन

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन और बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास के सानिध्य में एक प्रेस कांफ्रेंस मंगलवार को आयोजित की गई। अध्यक्ष टोनी जैन ने अपने वक्तव्य में रामनवमी राम दशमी और एकादशी के दिन स्वागत समिति के कार्य को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि नवमी के दिन स्वागत समिति महावीर स्थान चौक पर सुबह 9 बजे कमेटी के लोगों के साथ पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का वितरण करेगी, दिन में 12 बजे बड़ा अखाड़ा प्रांगण में राम जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से महंत जी के सानिध्य में दीप जलाकर मनाएगी।वहीं शाम के वक्त बड़ा अखाड़ा से निकलने वाली शोभा यात्रा में भी शामिल होगी।दशमी को संध्या 7 बजे चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के मंच का शुभारंभ महंत विजयानंद दास और हजारीबाग से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कर कमलों द्वारा होगा।रात्रि में राम भक्त अखाड़ा धारी भाइयों पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया जाएगा। सुबह राम भक्तों के लिए बिस्किट एवं पेयजल वितरण की व्यवस्था भी है।

न्यूज बॉक्स

सीओ ने अवैध बालू लदे चार वाहनों को पकड़ा, मामला दर्ज

बरकट्ठा। बीडीओ सह सीओ और बरकट्ठा पुलिस ने अवैध बालू लदा दो कीपर, दो ट्रैक्टर को पकड़ा है। कार्रवाई गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचाक-बड़ासिंगा मार्ग के बीच चामुदोहर स्थित मोती पांडेय आहरा के समीप की गई। जिसके बाद बरकट्ठा पुलिस चार बालू लदा वाहन को बरकट्ठा थाना ले आई। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि बीडीओ सह सीओ की प्रतिवेदन पर कार्रवाई की गई है, जिसका केस नंबर 69 / 24 है। विदित हो की सैकड़ों अवैध बालू लदा वाहन तेज रफ्तार में दौड़ती है जिससे दर्जनों हादसा हो चुकी है। 12 अप्रैल को बालू लदा वाहन से 19 वर्षीय आकाश कुमार पिता प्यारे लाल प्रसाद, गंगपांचों निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां मेडिका रांची में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव रविवार की देर शाम लाई गई। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। चलकुशा थाना क्षेत्र के विभिन्न घाटों से बालू कारोबारी सैकड़ो ट्रैक्टर बालू निकाल कर जिला मुख्यालय तक बेच रही है।

मानस कथा में शामिल हुए पूर्व विधायक, कहा तप, त्याग और मर्यादा के संगम हैं श्रीराम

बरही। बीते रात गौरियाकरमा पंचायत के करमा ग्राम में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के मानस कथा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाग लिया. जिन्हे महायज्ञ समिति ने भगवा पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया. पूर्व विधायक ने व्यास पीठ की आरती उतारी और आशीष लिया. अपने उद्बोधन में मानस कथा से हम सबों को सिख लेने की आवश्यकता है. मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम त्याग, तप और मयार्दाओं के संगम है. जिन्होंने पिता के वचन पालन करने के लिए सब सुख छोड़कर वनवास किया. माता सीता की मर्यादा और भ्राता लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का भाई प्रेम पूरे दुनिया के लिए एक आदर्श है. जिसे हम सबों को अनुसरण करने की आवश्यकता है. अंत में उन्होंने महायज्ञ समिति को मानस कथा आयोजन के लिए बधाई देते हुए उपस्थित लोगो को महारामनवमी की शुभकामनाएं दी. मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी दुलार प्रसाद यादव, रामप्रकाश चौधरी, राजन ओम, राजेंद्र राम, सोनू पांडेय, विकास कुमार यादव आदि सहित महायज्ञ समिति के अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे.

नशामुक्त वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील

हजारीबाग । रामनवमी को नशामुक्त व भक्तिमय वातावरण मे मनाने को लेकर मीत यादव के द्वारा एक अच्छी व अनोखी पहल की गई है। उनके द्वारा घोड़े का रथ रवाना किया गया. इस रथ में नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर संदेश लिखा हुआ है, साथ ही साथ ऑडियो के माध्यम से भी लोगों से नशामुक्त होकर व भक्तिमय वातावरण में रामनवमी मनाने कि लोगों से अपील कि जा रही है. इस संबंध में मीत यादव ने बताया कि हम सब आदर्श पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। वह राम जिनका संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, सेवा,धर्म की रक्षा और समाज को दुराचार से मुक्ति दिलाकर सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने का रहा था वे हम सब के आराध्य हैं इसलिए हजारीबाग की रामनवमी के उत्सव में उनका आचरण और उपदेश दिखना चाहिए। राम के परम भक्त बजरंग बली की पूजा अर्चना भी हम सभी पूरे भक्ति के साथ करते हैं। पर्व - त्योहारों में शराब सेवन के बढ़ते प्रचलन के करण उसके मूल स्वरूप में विकृति आते जा रही है, इसलिए इस बार की रामनवमी नशामुक्त हो, भक्तिमय वातावरण में उल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाएं ताकि इसका बेहतर संदेश देश स्तर पर जाए. इसी उद्देश्य को लेकर यह रथ रवाना किया जा रहा है जो कि हजारीबाग के विभिन्न अखाड़ा में जाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए जागरूक करने का कार्य करेगा.

मां सिद्धिदात्री की पूजा आज

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवों में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र महीने में मनाई जाने वाली बसंती दुर्गा पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्तों ने 24 घंटे का उपवास रख महाअष्टमी व्रत किया। रामनवमी पूजा में कई श्रद्धालु भक्त गण शामिल हुए और पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों संग टाटीझरिया पुलिस प्रशासन थाना प्रभारी सुजीत कुमार, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने पूजा प्रांगण का जायजा लिया और शांति पूर्वक पूजा मेला को संपन्न करवाने का अपील की। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है शास्त्र के अनुसार महा अष्टमी को संधि बलि में कोहड़ा, ईख, शकरकंद, नारियल, सेव का बलि दिया जाता है इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर के सहयोगी चंड और मुंड ने मां दुर्गा को पीछे से वार किया था माता रानी को क्रोध आया त्रिनेत्र खोला और चामुंडा का अवतरण धारण किया और दोनो दुष्ट का वध किया इसलिए चामुंडा के सम्मान के रूप में संधि पूजा की समयानुसार की जाती है उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा की माता रानी को 108 बेलपत्र की माला ,108 कमल गट्टा, फुल, चढ़ाने और 108 दीपक जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है रामनवमी के शुभ अवसर पर झरपो पूजा समिति व्यवस्थापक बालेश्वर महतो सरयू प्रसाद राजेंद्र प्रसाद प्रकाश प्रसाद ने रामनवमी में आने वाले झांकी का सहयोग करने के लिए ग्रामीणों से अपील किए है प्रखंड के सभी प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि ने रामनवमी की शुभकामनाएं दिया ।

प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन कर शांतिपूर्वक मनाएं रामनवमी : अंबा

हजारीबाग। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने समस्त झारखंड वासियों, हजारीबाग एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों को भगवान श्री राम जन्मोत्सव के पर्व रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी रामभक्त प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में राम नवमी का पर्व मनाएं। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग जिले की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामनवमी जुलूस का दायरा आने वाले दिनों में पूरे विश्व में फैले और हजारीबाग का नाम रोशन हो यही कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र व गुणों को आत्मसात करने का पावन अवसर रामनवमी है। भगवान राम उदारता, सत्य निष्ठा तथा मन, वचन और कर्म में उत्कृष्टता के शाश्वत गुणों का उदाहरण देते हैं। रामनवमी भगवान राम के दिखाए गए मार्ग के प्रति स्वयं को फिर से समर्पित करने तथा राष्ट्रीय कल्याण के लिए देशवासियों के प्रति न्याय और सच्चाई से निर्देशित जीवन शैली का संकल्प लेने का अवसर है।

पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय में हुई बैठक

जानकी यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता छोड़ी

पूर्व विधायक ने कहा, लोकसभा चुनाव में मेरी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लेंगे निर्णय

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में भाजपा की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव ने किया। वहीं वरिष्ठ नेता महाबीर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता/ समर्थकों के साथ लिए गए प्रस्ताव के आलोक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा के द्वारा पिछले पांच वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहा था। मेरे समर्थकों व कार्यकर्ताओं को हासिये पर रखा गया तथा पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले को इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में संयोजक बना दिया है। हम पुनः संघर्ष करेंगे, जनता के बीच जाएंगे।वहीं बैठक में मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का समर्थन करते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता व पदों से इस्तीफा दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लोकसभा में उनकी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्णय लेंगे । चिन्तन बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी,उप प्रमुख सुरजी देवी, शमशेर आलम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, पूर्व मुखिया देवीलाल साहू समेत बड़ी संख्या में नेता/ कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

हवन वातावरण के साथ हमारी आत्मा को भी शुद्ध करती है : प्राचार्य

बरकाकाना । डीएवी बरकाकाना में रामनवमी के अवसर पर वशिष्ठ सदन की ओर से विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने बच्चों को हवन के महत्व और उसकी उपयोगिता के बारे में बतलाते हुए कहा कि हवन वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ हमारी आत्मा को भी शुद्ध करने का काम करता है। यह पर्यावरण के लिए भी बहुत लाभदायक है। जिन बच्चों का आज जन्मदिन था। उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनसे जन्मदिन के अवसर पर एक पौध लगाने और उसकी देख-रेख करने की बात कही। उनका मानना है कि बच्चों के साथ-साथ यह पौध भी बढ़ता जाएगा और वातावरण को शुद्ध बनाएगा। इसके बाद वर्ग तृतीय की श्रेया सतपति ने रामनवमी के औचित्य एंव महत्व पर प्रकाश डाला। वर्ग तृतीय से पंचम के बच्चों ने इस अवसर पर रामधुन पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों ने रामायण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। वर्ग तृतीय की श्रीत्या ने राम भजन पर नृत्य प्रस्तुत किया।

एक नजर

रामनवमी मनाने को लेकर थाना प्रभारी ने की शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

केरसई। रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर केरसई पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। केरसई थाना प्रभारी नवीन कुमार स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों व गली मोहल्लों में फ्लैग मार्च निकाली जा रही है और हर चौक चौराहे पर पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। वहीं थाना में शांति समिति की बैठक कर लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई है।

खूंटी लोकसभा सीट से झापा ने घोषित किया प्रत्याशी

सिमडेगा। झारखंड पार्टी ने खूंटी लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी की घोषणा की है। रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री करने घोषणा करते हुए बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र से अपर्णा हंस पार्टी की प्रत्याशी होगी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए झारखंड पार्टी ने पहल की है। एनोस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन टिकट देने के समय महिलाओं को भुला दिया जाता है। लेकिन झारखंड पार्टी ने मुंडा समाज के आदिवासी महिला को टिकट देकर आदिवासी बहुल लोकसभा क्षेत्र के उत्थान की पहल की है। अपर्णा हंस ऑल चर्च खूंटी की सह सचिव के अलावे खूंटी हॉकी संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी है।

महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में रामनवमी को लेकर भव्य तैयारी

सिमडेगा। महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में रामनवमी को लेकर भव्य तैयारी की गयी है। वहीं विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत रविवार से ही आरंभ हो गया है। पुरे शहर को महावीरी झंडे से सजा दिया गया है। जगह-जगह युवा अपने परम्परागत अस्त्रों से कलाबाजी का प्रदर्शन करते देखे जा रहे हैं। वहीं हनुमान भक्त व श्रद्धालु रामनवमी हेतु महावीरी झंडे की खरीददारी में भीड़े हुए हैं। बुधवार को रामनवमी के दिन जिले मुख्यालय में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जिसके लिये पूरी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा कर ली गयी है। जगह-जगह जुलूस के स्वागत हेतु विभिन्न संगठनों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं। सिमडेगा में रामनवमी का पर्व आपसी सद्भाव से मनाने की।

भुवनेश्वर साहू हत्याकांड मामले में पिता पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

सिमडेगा। सिमडेगा थाना की पुलिस ने अरानी निवासी भुवनेश्वर साहू हत्याकांड मामले में उसके भाई गणेश्वर साहू सहित उसके दो पुत्रों दिगम्बर साहू एवं दुर्गा साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में सदर थाना में कांड संख्या 45/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को जमीन विवाद में गणेश्वर साहू और उसके छोटे भाई भुवनेश्वर साहू के साथ विवाद हो गया था।

रामनवमी को लेकर समाजसेवी ने प्रखंडों के सभी पंचायतों का किया भ्रमण

रामनवमी का त्योहार सौ वर्षों से भी पुराना है : मुन्ना

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के सभी पंचायतों का भ्रमण किया, साथ प्रखंड के सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर शान्तिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही कटकमदाग गांव में हो रहे श्रीश्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें कटकमदाग के ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया व कटकमदाग प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव भगवा गमछा देकर स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने कहा कि रामनवमी का त्योहार सौ वर्षों से भी पुराना है। इसकी भव्यता पूरे विश्व में प्रख्यात है। हमें रामनवमी को शांतिपूर्ण तथा नशामुक्त होकर मनाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को याद करके उनका अनुकरण करने की कोशिश करनी चाहिए। मुन्ना सिंह ने कटककमदाग में नव निर्मित मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्ययक्रम में सम्मिलित हुए तथा मंदिर कमेटी के प्रयासों की सराहना की। मुन्ना सिंह के साथ उदय कुमार साव. विक्की कुमार धान, अजय कुमार, अदित्या कुमार, बेस पंचायत के वार्ड, उप मुखिया घुजाली महतो, सुरेंद्र राम, रंजीत यादव, उपेंद्र कुशवाहा रामचंद्र यादव, मनोज महतो, अवधेश कुमार, देवनारायण प्रजापति, चंद्रशेखर प्रसाद भीम कुमार, राजेश प्रजापति सहित समस्त ग्रामीण सम्मिलित थे।

पूजा महासमिति के तत्वावधान में हुई अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग श्री श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा पूजा महासमिति के द्वारा बड़ा अखाड़ा प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी शामिल हुए । सभी ने पूरे जोश खरोश के साथ अपना प्रदर्शन दिखाया। प्रतिभागियों ने लाठी, तलवारबाजी, मुगदर, बेंच प्रेस, वेट लिफ्टिंग आदि कई करतबो का शानदार प्रदर्शन किया। बेंचप्रेस के प्रथम सोबित यादव, द्वितीय प्रियम यादव एवं तृतीय स्थान इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास एवं हजारीबाग के प्रसिद्ध व्यवसाई सह समाजसेवी प्रशांत प्रधान उपस्थित होकर सभी की हौसला अफजाई की।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर थाना प्रभारी, लोहसिंघना थाना प्रभारी, मनीष गोप, राजेश गोप, कुणाल यादव, शशि भूषण केसरी, उपस्थित थे। मौके पर रामनवमी महासमिति के कार्यालय में अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा सभी अखाड़ा के अध्यक्ष और सचिव को लाठी , डंडा एवं तलवार भी भेंट किया गया । सभी से सहयोग करने की भी अपील की । मौके पर सोनू राय, मनदीप यादव सहित कई राम भक्त मौजूद थे।

डीएवी सिमडेगा में हुआ साइंस आर्ट्स क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन

साइंस टेंपर हर किसी के अंदर होता है कुछ नया करना ही अविष्कार है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में मंगलवार को साइंस आर्ट्स क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार सहित स्कूल प्रशासक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हर किसी के अंदर साइंस टेंपर होता है। कुछ करने की जिज्ञासा होती है। यही जिज्ञासा हमें विज्ञान के करीब लाता है। उन्होंने बच्चों को लगन एवं जिज्ञासा के साथ पढ़ाई करने को कहा। जिससे छात्र विषय को गहराई से समझ सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। आज साइंस के साथ ही कला और क्राफ्ट के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं है। बच्चों के विकास में शिक्षकों के अलावा अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने डार्विन एवं कोपरनिकस जैसे वैज्ञानिकों की विशेषता एवं उपलब्धियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।वहीं पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि से साइंस एग्जीबिशन में देखा जाता है कि बच्चे प्राय यूट्यूब आदि से मॉडल देखकर या किताबों से हुबहू कॉपी कर मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में रखते हैं। लेकिन इससे आपके अंदर की जो वैज्ञानिक प्रतिभा है वह उभर कर सामने नहीं आयेगी।

'सी-विजिल से प्राप्त शिकायतों को ससमय निष्पादन करें'

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों के क्रम में सभी एईओ, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी एटी, ईईएम और कंप्लेन मॉनीटरिंग सेल के सदस्यों को सिमडेगा महिला कॉलेज सलडेगा मेंतीसरा एवं अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। नाम निर्देशन की अधिसूचना 18 .04.2024 होगी। सक्रियता बढ़ाने, जिले में चुनाव, स्वच्छ, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए नकदी और कीमती धातुएँ, शराब, नशीले पदार्थ, मुफ्त वस्तुएं, नारकोटिक्स फ्रीबीस एवं अन्य से संबंधित किसी प्रकार की गोपनीय सूचना प्राप्त होने पर ससमय सूचना का आदान- प्रदान करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता से संबंधित प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।वहीं सी-विजिल से प्राप्त शिकायतों को ससमय निष्पादन का निर्देश दिया।इसके लिए 247 कंट्रोल रूम को सशक्त सूचना केंद्र के रूप में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया।

शौर्य व पराक्रम का महापर्व रामनवमी आज, श्रीराम भक्तों का उत्साह चरम पर

रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद,चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव, शौर्य व पराक्रम का महापर्व रामनवमी को लेकर एक ओर जहां सिमडेगा जिला प्रशासन मुस्तैद है। वहीं दूसरी तरफ श्रीराम भक्तों में एक अलग सा उत्साह देखा जा रहा है। आज महारामनवमी होने के कारण पूरा शहर भगवामय हो गया है। वहीं हनुमान मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने के साथ ही पूजा की भव्य तैयारी की गई है। पूरा शहर भगवा ध्वज से पट गया है। खासकर शहर के महावीर चौक, झूलन चौक, प्रिंस चौक, नीचे बाजार, सहित अन्य इलाके बड़े बड़े भगवा ध्वज से पाट दिया गया है। इस दौरान कई स्थानों पर विभिन्न समितियों के द्वारा भगवान श्रीराम और श्रीराम भक्त हनुमान के बैनर और फ्लैक्स भी लगाए गए हैं।विदित हो कि रामनवमी के मौके पर निकलने वाले आखाड़े के दौरान सभी अखाड़ा समिति अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए शहर के भट्टीटोली पहुंचते है। जहां जिला प्रशासन के साथ-साथ शांति समिति के द्वारा मंच से अखाड़ा समितियों को सम्मानित किया जाता है। कई संगठनों के द्वारा मंच बनाकर शीतलपेय व चिकित्सीय व्यवस्था की जाती है। वहीं शहर के महावीर चौक में महावीर सेवा समिति के द्वारा स्टॉल लगाकर झांकी प्रदर्शन के साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा कमिटी को सम्मानित किया जाता है। रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।सिमडेगा एसपी सौरभ के निर्देश पर लगातार फ्लैग मार्च निकाली जा रही है और हर चौक झ्र चौराहे पर पुलिसबलों की तैनाती कर दी गई है।

सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लीड्स संस्था ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

जगह-जगह चिपकाए पोस्टर

◆समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समान रूप से निस्तारण व हर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा के लिए पारदर्शी होना जरूरी है

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिले के जलडेगा में आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लीड्स संस्था द्वारा गांव गांव में मतदान जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार के नेतृत्व में जलडेगा प्रखंड अंतर्गत सीलिंगा डोंगीझरिया, तुलसीबेड़ा, लमडेगा स्कूल, बाड़ीबृंगा, परबा लमडेगा, आंगनबाड़ी केंद्र पैतानो मुंडा टोली, तितलिंग आदि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अलावा झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त मतदान के प्रति जागरूक किया गया। अलग अलग जगहों में संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन, कलिंद्र प्रधान, मनोज बिंझिया ने गांव के ग्रामीण, नवजवान और बूढ़े बुजुर्गों को बताया कि समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समान रूप से निस्तारण व हर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नीति नियंताओं का स्वच्छ छवि के साथ ही पारदर्शी होना जरूरी है। इसके लिए मतदान करते समय जाति, धर्म व संप्रदाय की संकीर्ण भावनाएं मतदाता के मन में नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जगह जगह पोस्टर चिपकाकर लोगों को मतदान का महत्व और कैसे लोगों को मतदान करें व मतदान के दौरान देने वाले प्रलोभन से बचने के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि एक एक वोट कीमती होता है इसलिए सोच समझकर अपने मत का उपयोग करना चाहिए ताकि चुना हुआ प्रतिनिधि अपने क्षेत्र का व देश का अच्छे से विकास कर सके।

बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाल विवाह कानूनन अपराध : प्रियंका

किसी बच्चे का बाल विवाह ना हो और उनका सुरक्षित व उज्ज्वल भविष्य बर्बाद ना हो

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला अंतर्गत मेरोमडेगा बस्ती महादेव मंदिर, टापुडेगा पण्डरीपानी महादेव मंदिर, टुकुपानी जगन्नाथ मंदिर, टुकुपानी राधाकृष्ण मंदिर, केलाघाट महादेव मंदिर, सरना मंदिर सलडेगा और मस्जिदों सहित जहां हर वर्ष सैकड़ों जोड़ों की शादी होती है, ऐसे स्थानों में जाकर संस्था छोटा नागपुर कल्याण निकेतन द्वारा 'न्याय के बढ़ते कदम अभियान' के तहत मंदिर के पुजारी और मस्जिद के मौलवियों से मिलकर बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्था छोटा नागपुर कल्याण निकेतन के सचिव प्रियंका सिन्हा द्वारा कहना है कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है। हर संस्था को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। हमारी संस्था काफी समय से झारखंड राज्य के सिमडेगा जिले में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए कार्य कर रही है जिसमें गांव स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। खरमास का समय खत्म हो गया है अतः इस माह से मांगलिक कार्य किए जाएंगे जिस कारण से अप्रैल माह में विवाह ज्यादा होती है और साथ ही मई में अक्षय तृतीया है जो कि विवाह के लिए बहुत ही शुभ समय माना जाता है। इसलिए इस समय में विवाह ज्यादा होती है और इसी कारण से बाल विवाह होने की संभावना भी बढ़ जाती है। अतः विवाह मुहूर्त शुरू होने से पहले ही मंदिरों, मस्जिदों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी बच्चे का बाल विवाह ना हो और उनका सुरक्षित व उज्ज्वल भविष्य बर्बाद ना हो। शादी के योग्य जोड़ी के पहचान के लिए पुजारी और मौलवियों को विभिन्न दस्तावेजों के प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दिया गया ताकि वे जोड़ी का उम्र का आकलन कर सके। अप्रैल और मई माह में अधिकांश लोग विवाह के लिए मंदिरों, मस्जिदों में बात करते हैं साथ ही कई बार मंदिरों में सामुदायिक विवाह जहां एक ही स्थान पर दर्जनों जोड़ों की शादी होती है उसमें भी नाम दर्ज करा कर विवाह कराया जाता है।

ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

सिमडेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने बज्रगृह निरीक्षण किया। उपायुक्त ने ईवीएम के सुरक्षा से संबंधित स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने 247 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। साथ है उन्होंने इस दौरान ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का सीसीटीवी कैमरों से अवलोकन किया। तथा उपस्थित संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज अहमद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

अग्निशमन सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग का जागरूकता कार्यक्रम

14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है अग्निशमन सेवा सप्ताह : कृष्णबल्लभ

नवीन मेल संवाददाता। बरही अग्निशमन सप्ताह के तहत अग्निशमन कार्यालय की ओर से प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है. कार्यक्रम की शुरूआत 14 अप्रेल अग्निशमन कार्यालय से किया गया जो 20 अप्रैल तक चलाया जायेगा. उक्त जानकारी प्रधान अग्नि चालक कृष्णबल्लभ कुमार राय ने दी. उन्होंने बताया कि सेवा सप्ताह के पहले दिन एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एलआरडीसी अजय भगत आदि पदाधिकारियों को सुरक्षा संबंधित पैंपलेट्स दिए गए. इसके साथ ही एसडीओ कार्यालय, एसडीपीओ कार्यालय, बरही थाना, एचपी गैस प्लांट और भामाशाह विद्यालय सहित बरकट्ठा के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. जिसके तहत लोगो को विभिन्न तरीकों से आग से सुरक्षित रहने की तरीके बताए गए. सुरक्षा से संबंधित उपायों को बताया गया साथ ही लोगो को जागरूकता संबंधित पैंपलेट्स भी दिए गए. वही मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, करियातपुर के साथ चौपारण के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लगने वाले आग से बचने के तरीके, भवन निर्माण के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा, अग्निशमन यंत्र का प्रयोग आदि विभिन्न महत्वपूर्ण विंदुओं पर जानकारियां दी गई.

न्यूज बॉक्स

रामनवमी की पूर्व संध्या पर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

बरही। रामनवमी शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है. क्षेत्र में पुलिस की गश्तियां तेज कर दी गई है. मंगलवार की देर संध्या एसडीओ जोहन टुडू व एएसपी सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार की अगुआई में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया. जिसमें सीओ आर एन खलखो, प्रभारी सुमित कुमार सहित भारी संख्या में सशस्त्र महिला व पुलिस बल शामिल थे. फ्लैग मार्च बरही थाना से प्रारंभ होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया. इस दौरान लोगों से शांति और सौहार्द वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की जा रही थी. एसडीपीओ ने बताया कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर होगी. वर्तमान समय में आदर्श चुनाव आचारसंहिता के तहत धारा 144 लगाए गए है. कोई भी व्यक्ति किसी को शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास न करे. ऐसा करते पकड़े जाने पर विधिसम्मत कारवाई की जायेगी. एसडीपीओ ने भी अभिभावकों से ट्रैफिक सुरक्षा के मद्देनजर दौरान बच्चों को वाहन चालन से दूर रखने की अपील किया. सीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है. किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना या वारदात के लिए प्रशासन को त्वरित खबर करें. किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न ले.

मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का शस्त्र पूजन, निकाली बाईक रैली

बरही। शस्त्र पूजा के साथ ही मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने शहर के प्रमुख मार्गो पर रैली निकाला. जिसके तहत मातृशक्ति ने शक्ति प्रदर्शन करने का काम किया. रैली में जिसमें काफी संख्या में महिलाये व युवतियां शामिल थीं. इस दौरान महिलाएं बाइक पर सवार होकर घरेलू महिलाओं को जागरूक करती नजर आई. इस दौरान महिलाओं ने लाठी और तलवार संचालन का भीं प्रदर्शन किया. दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारी ने कहा कि रैली का उद्देश्य महिला में आत्मरक्षा के भाव पैदा करने के साथ ही उनके अंदर बने अबला नारी के सोच की समाप्त करना है. महिला अबला नहीं ममता की खजाना है. जो असुरों का नाश भी करती है. वही महिलाओ ने भी कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को भी मजबूत होकर हर विपरीत परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है. मोटरसाइकिल रैली में दर्जनों महिलाएं शामिल थी.

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान रैली का आयोजन

ठेठईटांगर। प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस के साथ मिलकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। मंगलवार को ठेठईटांगर में बड़ा बाजार होने के कारण इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जेएसएलपीएस की एसएचजी की दीदियां, कर्मीगण जोराम हाई स्कूल एवं कस्तूरबा स्कूल ठेठईटांगर के विद्यार्थी आदि शामिल हुए तथा विभिन्न तरह के मतदान स्लोगन के माध्यम से 13 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने पर लोगों की जागरूक किया गया। ये रैली जेएसएलपीएस कार्यालय से ठेठईटांगर बाजार डांर होते हुए मेन रोड चौक तक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज, जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, एफटीसी प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया सीसी कृष्ण कुमार भोय, रौशनी एक्का के साथ साथ बीआरपी आदि शामिल थे।

रामनवमी त्योहार को लेकर बोलबा में पुलिस-प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

बोलबा । रामनवमी त्योहार को लेकर बोलबा में पुलिस द्वारा निकाला गया फ्लैग माच । इस मौके पर बताया गया कि आगामी लोक सभा आम चुनाव, आदर्श आचार संहिता एवं पूरे जिले में लागू 144 धारा को देखते हुए रामनवमी त्योहार बोलबा प्रखण्ड में मनाया जायेगा।इस निमित बोलबा प्रखण्ड छेत्र में शान्ति व्यवस्था हेतु बोलबा थाना परिसर से बोलबा बाजार होते हुए कस्तूरबा स्कूल मोड़ तक पुलिस- प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर थाना प्रभारी विकास कुमार महतो, एस0आई0 सोनू पाठक, ए0एस0आई0 जितेंद्र सिंह, सुनील टोपनो, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी, राजस्व कर्मचारी पासवान जी एवं पुलिस जवान मौजूद थे ।

रामनवमी के मद्देनजर कुरडेग पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कुरडेग। पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के निर्देश पर कुरडेग प्रखण्ड मुख्यालय में थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को रामनवमी त्योहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था की बहाली को लेकर कुरडेग प्रखण्ड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च झिरकामुण्डा, प्रकाला, कुरडेग बस स्टैण्ड, घाघमुण्डा तक पहुंचा।इस दौरान थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने आम लोगों से अपील किया कि रामनवमी पर्व शांति व सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में मनाएं।सभी लोग समाजिक समानता का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूजा अर्चना करें।शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात रहेगी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। पर्व के दौरान कोई भी गड़बड़ी फैलाने की कोशीश करेगा तो उसे बख्शा नही जाएगा।उनके विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्रवाइ की जाएगी। मौके पर एसआइ नवीन कुमार, एएसआई शंकर सिंह एवं भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

एक नजर

पुल के डिवाइडर पर चढ़ा अनियंत्रित ट्रिप ट्रेलर, हताहत नहीं

चांडिल। टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगु के समीप एक ट्रिप टेलर अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दुर्घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ, लेकिन ट्रेलर के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रिप टेलर तमाड़ से जमशेदपुर जा रहा था। जमशेदपुर में वाहनों के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल में वाहन को खड़ा करना था। इस दौरान वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और फोरलेन सड़क पर चिलगु झ शहरबेड़ा के बीच बने पुल के बाएं डिवाइडर को टक्करा गया। टक्कर इतना जोरदार था कि जिससे ट्रिप टेलर डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चालक गगन भगत ने बताया कि वह तमाड़ से जमशेदपुर जा रहा था, इस दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया।

पुटकी में ट्रैक्टर ने टोटो को मारी टक्कर, 3 महिलाएं समेत 4 लोग जख्मी

धनबाद। धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर पुटकी दो नंबर के समीप सोमवार की दोपहर ट्रैक्टर ने टोटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टोटो पर सवार तीन महिएं समेत चार लोग घायल हो गए। टोटो चालक पीबी प्रोजेक्ट कॉलोनी निवासी शम्भू झा को गंभीर चोट लगी है। उसे इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया। अन्य तीन घायलों में धोबनी चेकपोस्ट की दीपिका कुमारी, पुटकी 10 नंबर की नीतू कुमारी व मस्जिद पट्टी की चांदनी परवीन शामिल हैं। टोटो भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। ट्रैक्टर भागाबांध निवासी रमन साव का बताया जाता है। बताया गया कि चालक ट्रैक्टर लेकर रॉग साइड में जा रहा था।

रामनवमी की बठैक में एस पी ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से बचने को कहा

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
रामनवमी को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद है। मंगलवार को जिला प्रशासन ने न्यू समाहरणालय में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जबकि शहर और ग्रामीण इलाकों में नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान दोनों थाना प्रभारी ने शहर का भ्रमण किया कर लोगों से शांती से पर्व मनाने का अपील किए।

इस दौरान अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल हुए थे और पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया गया।

इधर शांति समिति की बैठक में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने लोगों से अपील किया की सोशल मीडिया में कोई भी पोस्ट ना शेयर करें जिससे लोगों में अफवाह फैले। उपायुक्त गिरिडीह ने कहा की पर्व को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है। लेकिन लोग भी सक्रिय रहे और असामाजिक तत्वों की हर जानकारी स्थानीय थाना को दें, जिससे वक्त रहते वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। कहा की पूरे जिले में काफी संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

बैठक में कहा गया की पर्व के दिन दोपहर तीन बजे से पूरे शहर और ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा दृष्टि से पावरकट कर दिया जाएगा, और उसके बाद सारे अखाड़ा और जुलूस के समापन के बाद रात 12 बजे के करीब बिजली आपूर्ति बहाल किया जाएगा। इधर बैठक में अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ, डीएसओ गुलाम समदानी, एसडीपीओ धनंजय राम, बिनोद रवानी, सुमित प्रसाद, डीएसपी अंकिता राय, डीएसपी को कोस्सर अली, समिति के बाबुल गुप्ता, राजेंद्र यादव समेत जिले के कई हिस्सों से आए समिति के सदस्य शामिल हुए।

ग्रामीणों ने चंदा कर प्रवासी मजदूर के शव को पहुँचाया गांव

गिरिडीह। गावां प्रखंड अंतर्गत सांख पंचायत निवासी जवाहर प्रसाद यादव 38 वर्ष पिता स्व भूखल राउत की मौत बीते रात मुंबई में हो गई। घटना की खबर सुनकर मृतक जवाहर यादव के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक अकेला घर का कमाऊ सदस्य था। वहीं इनकी मौत की खबर सुन पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे एक 12 वर्षीय पुत्री व 9 वर्षीय पुत्र समेत पूरे परिवार को छोड़ गया। पंसस अखलेश यादव ने सांख पंचायत के सभी ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां के ग्रामीणों के सहयोग से प्रवासी मजदूर का शव गांव तक लाया जा सका। सभी ग्रामीणों ने चंदा कर के शव को लाया है। पीड़ित परिवार को जिस तरह से आपलोगों नें सहयोग किया मानवता की यही पहचान और सच्चा धर्म है।

दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग पर खोटो के समीप मंगलवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने - सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दोनों बाइकों के चालक और एक महिला बाइक सवार शामिल है। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। आस - पास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा बाइक चालक रंजीत दास और उनकी बहन पूनम कुमारी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहाँ डाक्टर महेश्वरम ने घायल भाई - बहन के प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया। वहीं दूसरे बाइक चालक मुरली यादव को उनके स्वजन इलाज के लिए गिरिडीह की ओर ले गए। बताया जाता है कि गांवा के मालड़ा निवासी रंजीत दास बाईक से अपनी बहन को उसके ससुराल छोड़ने मंडरो की ओर जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवार मुरली यादव से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में मुरली यादव का पैर टूटने, रंजीत दास का दाहिना हाथ टूटने और उसकी बहन पूनम कुमारी के सर में चोट होने की बात बताई जा रही है।

झारखंड की बालिकाओं ने वॉलीबॉल के सभी वर्गों में जीता खिताब

झारखंड की बालिकाओं ने वॉलीबॉल के सभी वर्गों में जीता खिताब

ईस्ट जोन राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप

ईस्ट जोन राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप

नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर
13 और 14 अप्रैल को रांची में सम्पन्न हुए ईस्ट जोन टेनिस वॉलीबाल चैंपियनशिप में जूनियर बालिका टीम ने पश्चिम बंगाल को हराकर व सीनियर बालिका टीम ने असम को हराकर खिताब अपने नाम किया है।

वहीं बालकों की जुनियर टीम उपविजेता और सीनियर टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जूनियर मिक्सड डबल कैटेगरी में पश्चिम बंगाल को हराकर झारखंड की टीम ने खिताब अपने नाम किया है।

रामनवमी शोभायात्रा से पहले निकाली गई बाइक रैली

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गावां प्रखंड के मंझने पंचायत में राम नवमी के पर्व यानि 17 अप्रैल को निकाले जाने वाले श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा के पूर्व हिन्दू युवा पूजा समिति मंझने की ओर से मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई। सड़क पर धर्म ध्वजा फहराते युवाओं का जत्था मंझने पंचायत के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर हनुमान मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुआ। यात्रा में शामिल युवाओं के जयघोष और जय श्रीराम के नारे से गांव में भक्ति के रंग में रंग गया था। ललाट पर तिलक, हाथ में धर्म ध्वजा और जय श्रीराम के गूंज रहे नारे से गांव की आबोहवा ही बदल गई। मंझने बाजार से मंगलवार को आरम्भ हुई जन जागरण यात्रा बिरने, चिह्यूटिया, महुआरी, पसनौर, पछियाडीह, डडकोल, नावाडीह, नीमाडीह, जिबड़ी होते हुए हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई।

यह कार्यक्रम निरंजन सिंह के नेतृत्व में निकाला गया था। निरंजन सिंह ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रभु श्री राम महाराज के व्यक्तित्व को सभी लोगों के जीवन मे आत्मसात करना है।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया गया 12वीं अमृत धारा का निर्माण

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 12वी अमृत धारा का निर्माण किया गया। मौके पर 03 और अमृत धारा की घोषणा की गई। श्री केडिया जनकल्याण ट्रस्ट के द्वारा गिरिडीह झंडा मैदान के सामने सर जे सी बोस गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में, स्कूल एवं हॉस्टल में पढ़नेवाले बच्चों और स्कूल के बाहर झंडा मैदान के आसपास में आने-जाने वाले आमजनों और राहगीरों के पीने के लिए शीतल जल सुविधा के साथ पियाऊ (अमृतधारा) (दोनों तरफ) का निर्माण कराया गया है। प्रशिद्ध संगीत सम्राट पंडित शम्भू दयाल केड़िया एवम प्रधानाचर्या मुन्ना कुशवाहा द्वारा स्कूल परिसर में निर्मित इस जन कल्याणकारी प्रोजेक्ट का उद्घाटन अपने कर कमलों से किया गया। मौके पर प्रधानाचर्या मुन्ना कुशवाहा, अध्यक्ष राहुल केडिया सचिव अंकित सरावगी पूर्व चंदन केडिया पंडित, शंभू दयाल केडिया सरवन केडिया, राजू बगड़िया, निर्मल झुनझुनवाला, ध्रुव संथालिया प्रमोद अगरवाल, जीवन राम अगरवाल, विकास खैतान, बांके बिहारी शर्मा, सजन केडिया, बिनोद केडिया, सुनील मोदी,डॉक्टर राम रतन केडिया, निखिल झुंझुनवाला, सोनू केडिया, रवि क्याल, विकाश केडिया, बिमल खैतान उपस्थित रहे।

न्यूज बॉक्स

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मतदान जागरूकता अभियान

घाटशिला। घाटशिला के संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान की सुनिश्चितत करने को लेकर विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 100 प्रतिशत मतदान को अंकित किया गया। दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों ने मतदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न बच्चों से पूछे जिसका बच्चों ने अपने विवेक और समझ से जवाब दिया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदान मौलिक अधिकार है। अठारह वर्ष व इससे अधिक आयुवर्ग के प्रत्येक नागरिक को इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने छात्रों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। उन्होंने घाटशिला प्रखंड व अनुमंडल प्रशासन से भी शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के लिए आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, एकेडमिक इंचार्ज एस आर दत्ता, सह शैक्षणिक प्रभारी सास्वती रॉय पटनायक, प्राइमरी प्रभारी सुजाता वर्मा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष इंद्र कुमार राय, शारीरिक शिक्षा विभाग से सायंतन रे, विश्वजीत सीट व मौसमी बनर्जी उपस्थित थे। तकनीकी सहायक के रूप में विद्युत वरण चंद्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिप अध्यक्ष ने जोबा माझी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

किरीबुरु। जिला परिषद (जिप) अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान सारंडा के टाटीबा, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु आदि क्षेत्रों में चलाकर प्रत्याशी जोबा माझी के लिये वोट देने की अपील की गई। लक्ष्मी सोरेन ने पूर्व जिप सदस्य बामिया माझी, मुखिया पार्वती किडो, मुखिया लिपि मुंडा आदि झामुमो के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ किरीबुरु में बैठक कर चुनाव रणनीति पर चर्चा की। इसमें 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भारी संख्या में कार्यकताओं से जाने की अपील की। इस दौरान सुमन मुंडू, आलोक तोपनो, समशाद आलम, मैनो पूर्ति, पवन झा उर्फ गब्बर, गोकुल पान आदि दर्जनों मौजूद थे।

श्री बसंती दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन हुआ

नोवामुंडी। सोमवार देर शाम को गुवा के योगनगर स्थित श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा पंडाल का उदघाटन नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी व पच्छिमी पंचायत के मुखिया पद्मिनी लागुरी एवं पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी ने फीता काटकर किया। योगनगर स्थित बसंती दुर्गा पूजा वर्ष 1993 से की जा रही है। सोमवार को महासप्तमी की पूजा अर्चना की गई। पंडाल उद्घाटन के बाद देवकी कुमारी ने माता रानी की पूजा अर्चना कर पूरे झारखंड वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों ने खिचड़ी भोग वितरण किया।

AFFIDAVIT FOR NAME CHNGING

I, Jasu Devi, wife of late. Jethu, resident of village + Po- Lota, Police station- Silli, District- Ranchi, (Jharkhand) 835102. I declare that my name Yashu Devi has been registered in the Aadhaar card by mistake. Whereas my correct name is Jasu Devi. Jasu Devi and Yashu Devi both names belong to the same person. I am known and recognized by both the names Jasu Devi and Yashu Devi.

गावां पुलिस द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गावां पुलिस के द्वारा रामनवमी की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च में शामिल पदाधिकारियों ने शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपिल की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंदिरों के पास जाकर विधि व्यवस्था की जानकारी के साथ जुलूस भ्रमण पर का भी अवलोकन किया। मौके पर महेन्द्र रविदास, अविनाश रंजन, महेश चन्द्र , बीपीओ भीखदेव पासवान समेत पुलिस बल के जवान वो स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

रामनवमी पर्व को लेकर तिसरी में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
रामनवमी पर्व के मद्देनजर मंगलवार को तिसरी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों पुलिस - प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें मुख्य रूप से खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो, थानाप्रभारी संजय नायक मौजूद थे। इस दौरान तिसरी चौक, चंदौरी बाजार, पलमरुआ और अड़सार में

फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही अखाड़ा लगने वाले स्थानों का और पलमरुआ में चल रहे यज्ञ पंडाल का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही असमाजिक तत्वों को चेताते हुए कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, मुख्यालय, राँची।

अपील

अग्निकांडों से प्रत्येक वर्ष देश में अपार जन–धन की हानि होती है। हम सभी सतर्क एवं जागरूक रहकर इस घटनाओं में कमी ला सकते हैं। आग की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से इस वर्ष भारत सरकार द्वारा दिनांक **14.04.2024** से **20.04.2024** तक देश भर में आयोजित किये जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय–वस्तु (Theme) **"Ensure Fire Safety, Contribute towards Nation Building"** "अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें ", रखा गया हैं। झारखण्ड राज्य में आग से होनेवाली क्षति को कम से कम करने हेतु झारखण्ड अग्निशमन सेवा निरन्तर प्रयासरत एवं दृढ़ संकल्पित है। इसे सफल बनाने हेतु आमजनों का सहयोग अपेक्षित है। अतः निवेदन है कि :–

1. अग्निकांड से होनेवाली क्षति राष्ट्रीय क्षति है, इसे रोकें।
2. असावधानी हीं अग्निकांडों को जन्म देती है, सतर्क रहें।
3. अग्निकांडों का निरोध आपका नैतिक दायित्व है, साथ हीं आपकी सुरक्षा भी, कृपया निर्वाह करें।
4. अग्नि निरोध पर होनेवाले व्यय सार्थक हैं, कृपया उपाय करें।
5. आग लगने पर नजदीकी अग्निशामालय को तुरंत खबर करें, सोंचने में विलम्ब न करें, यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है।
6. सायरन या घंटी बजाती हुई अग्निशाम वाहनों को तुरंत रास्ता दें, देर न होने दें।
7. जलती हुई बीड़ी या सिगरेट के टुकड़ों को बिना अच्छी तरह बुझाये मत फेकें, यह आग लगने का कारण बन सकता है।
8. चूल्हे की गर्म राख को बिना ठंढ़ा किये मत फेकें, यह आग लगने का कारण बन सकता है।
9. बच्चों को माचिस से नहीं खेलने दें, इससे आग लग सकती है।
10. रात में रोशनी हेतु ढ़िबरी का प्रयोग नहीं करें, इससे अक्सर आग लग जाया करती है।
11. घटनास्थल पर अग्निशमन दस्ते को पूर्ण सहयोग दें एवं उसे अपना कार्य करने दें।
12. पुआल का ढ़ेर लगाने से पहले पुआल को पूरी तरह सुखा लें उसके बाद ढ़ेर लगाते समय बीच में बॉस या लकड़ी का पोल रखें तथा ढ़ेर लगाने के बाद उसे निकाल दें।
13. फूस के मकान की दीवारों पर मिट्टी एवं गोबर का लेप लगायें, यह अग्नि–रोधी का कार्य करता है।
14. बिजली के शार्ट सर्किट से बचने हेतु इसका उचित रख–रखाव करें।
15. अवासीय भवनों, कार्यालयों, होटलों, कारखानों, मनोरंजक स्थानों पर आग से बचाव का समुचित प्रबंध करें। इस संबंध में स्थानीय अग्निशमन सेवा से निःशुल्क सलाह या मदद ले सकते हैं।
16. आतिशबाजी करते समय पूरी सावधानी बरतें। आपकी लापरवाही किसी का घर जला सकती है।
17. कुकिंग गैस यदि लीक कर गया हो तो रेग्युलेटर का नॉब बन्द कर दें, सभी खिड़की एवं दरवाजे खोल दें, निकटतम गैस एजेन्सी अथवा नजदीकी अग्निशामालय को तुरंत सूचना दें। बिजली के किसी भी स्विच को ऑफ या ऑन नहीं करें, इससे हुआ स्पार्क जानलेवा साबित हो सकता है।
18. ढ़ीला कपड़ा पहनकर खाना नहीं बनायें। लटकता हुआ कोई भी कपड़ा आग के संपर्क में आकर आपकी मौत का कारण बन सकता है।
19. याद रहे, उपचार से निदान बेहतर है।

आग की एक चिनगारी, जीवन और सम्पत्ति की शिकारी,
बना सकता है आपको, दर–दर का भिखारी।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, राँची।

PR 323841 Jharkhand Fire Service(24-25)D

वरीय पदाधिकारी, सह उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर बैठक हुई

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रचार प्रसार के माध्यमों को सक्रिय कर चुनाव के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश। गिरिडीह । लोकसभा आम निर्वाचन व 31गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के मद्देनजर व्यापक जन जागरूकता को लेकर आज नया परिसदन भवन में वरीय पदाधिकारी, (मीडिया कोषांग) सह उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की टीम, चैंबर ऑफ कॉमर्स, सिविल सोसाइटी के सदस्य, सभी बीएलओ सुपरवाइजर, सीआरपी के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सदर अंचल अधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लोकसभा आम चुनाव व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त व्यापक जन जागरूकता को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रचार प्रसार के माध्यमों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बीएलओ सुपरवाइजर से फॉर्म 6 भराने का निर्देश दिया गया। साथ ही चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से भी चुनाव के कार्यों में सहयोग की बात कही गई। इसके अलावा वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग ने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र में लोगो को मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है।

पत्नी से छेड़खानी का विरोध किया तो चाचा ने भतीजा को मारा चाकू

जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत कुंवर बस्ती निवासी संदीप यादव उर्फ राजा यादव को उसके चाच बालेश्वर यादव ने चाकू मार कर घायल कर दिया. घटना सोमवार देर रात की है. घटना के बाद परिजनों ने संदीप को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां संदीप का इलाज किया गया. संदीप के दाएं कंधे में चाकू से वार किया गया है. संदीप की पत्नी ज्योति को भी अंदरूनी चोट आई है. इधर, घटना की सूचना मिलने पर मानगो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बालेश्वर को हिरासत में ले लिया. इस संबंध में ज्योति देवी ने मानगो थाना में लिखित शिकायत की है।

समृद्धि से अधिक दिखावे में लगा है नव धनाढ्य वर्ग

कहावत है कि जब पैसा आता है, तो वह सिर चढ़कर बोलता है आज भारत में दुनिया का हर नामी ब्रांड अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। इसी तरह नब्बे के दशक में जब भारत में आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत हुई, तो यहां भी रहन सहन में बदलाव दिखने लगा था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें बहुत तेजी आई है। कभी एक लैंडलाइन फोन के लिए धक्के खाने वाला शहरी तो क्या ग्रामीण भारतीय आज लाखों रुपये के मोबाइल फोन चमकाता दिख जाएगा। छोटी-सी मारुति या हुंडई की कारों में संतुष्ट रहने वाला भारतीय आज धड़ल्ले से लग्जरी कारें खरीद रहा है। वर्ष 2023 में भारत में हाई एंड कारों की बिक्री में उसके पिछले साल की तुलना में 21 फीसदी का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है और समृद्ध लोगों का रुझान बता रही है। लैंबोर्गिनी कारों की कीमतें साढ़े तीन करोड़ से लेकर पौने नौ करोड़ रुपये तक होती है। वर्ष 2023 में भारत में उसकी बिक्री बढ़कर 100 तक पहुंच गई। इसी तरह सुपर बाइकों का बाजार भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। दस-दस लाख रुपये की सुपर बाइकें सड़कों पर दौड़ती दिख रही हैं। नई समृद्धि से प्रीमियम सेगमेंट के मकानों की मांग में भारी बढ़ोतरी हुई है और अब रियल एस्टेट में लग्जरी मकानों की भरमार होती जा रही है। बड़े डेवलपर करोड़ों रुपये कीमत वाले मकान बनाते जा रहे हैं। इसका एक उदाहरण दिल्ली के समीप नोएडा में दिखाई पड़ रहा है, जहां कभी एक करोड़ रुपये के मकान बहुत ही कम दिखते थे और उसे प्रीमियम हाउसिंग माना जाता था, लेकिन अब वहां दस-दस करोड़ रुपये के मकान बनने लगे हैं। गुरुग्राम तो इसमें हमेशा आगे रहा है और वहां तो 30-35 करोड़ तक के मकान बन गए हैं और प्रीमियम सेगमेंट के मकानों की बाढ़ आ गई है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में तो छोटा-सा प्लॉट भी अरबों रुपये में बिकता है। एक बड़ी रियल एस्टेट कंपनी के सीईओ ने बताया कि वहां इस समय तीन करोड़ से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के मकानों की खूब मांग है। जिन लोगों ने पिछले कुछ समय में अच्छा-खासा पैसा कमा लिया है, वे खुलकर जिंदगी जीना चाहते हैं। उनका मोटो है-लिव लाइफ किंग साइज। आंकड़े बता रहे हैं कि 2023 में लग्जरी मकानों की बिक्री में 2022 की तुलना में 81 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। लग्जरी मकानों की मांग इतनी है कि गुरुग्राम के एक शीर्ष डेवलपर ने सिर्फ तीन दिनों में 72 अरब रुपये के मकान बेच दिए। इनमें अल्ट्रा लग्जरी मकान भी शामिल हैं, जिनकी मांग बरकरार महानगरों में एक नया ट्रेंड आया है विला का। कई डेवलपर इस सेगमेंट में प्रवेश कर गए है, क्योंकि खरीदारों की मांग बढ़ती जा रही है। लग्जरी मकानों की यह चाहत अपने रुतबे को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। अति समृद्ध लोगों की लग्जरी मकानों में जबर्दस्त दिलचस्पी न केवल प्रतिष्ठा का विषय है, बल्कि बढ़िया निवेश का रास्ता भी। इसलिए एक से बढ़कर एक लग्जरी मकान देखने में आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि देश में नए तरह के बिजनेस पनपे हैं। टेक्नोलॉजी ने इनमें बहुत साथ दिया है। देश में सैकड़ों स्टार्ट-अप को भारी सफलता मिली है, वेंचर कैपिटल कंपनियां काफी सक्रिय हैं। इन्हीं वजहों से समृद्ध भारतीयों की नई पौध सामने आई है, जिनकी क्रय शक्ति बहुत है और वे राजाओं की तरह शानो-शौकत से रहना चाहते हैं। झारखंड बिहार में शादी विवाह का बजट लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी डीजे, बैंड और भव्य आयोजन से एक दिखावटी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है जिससे दहेज और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं और बढ़ेंगी।

छोटी-सी मारुति या हुंडई की कारों में संतुष्ट रहने वाला भारतीय आज धड़ल्ले से लग्जरी कारें खरीद रहा है। वर्ष 2023 में भारत में हाई एंड कारों की बिक्री में उसके पिछले साल की तुलना में 21 फीसदी का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है और समृद्ध लोगों का रुझान बता रही है।

रामनवमी महापर्व पर विशेष

106 वर्ष से मनाई जा रही हजारीबाग की भव्य रामनवमी

विजय केसरी

हजारीबाग की रामनवमी 106 वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। हजारीबाग रामनवमी की लोकप्रियता जिस रूप में है, इसका इतिहास उतना ही गौरवशाली है। हजारीबाग की रामनवमी 'वर्ल्ड फेमस रामनवमी' और 'इंटरनेशनल रामनवमी' के नाम से जानी जा रही है। हजारीबाग की रामनवमी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक साथ जोड़ दिया है। इस महापर्व पर सभी लोग एक साथ मिलकर नाचते गाते देखे जाते हैं। इस पर्व ने छोटे-बड़े और अमीर - गरीब के भेद को एक सूत्र में बांध दिया है। हजारीबाग की रामनवमी अपने स्थापना काल से ही सांप्रदायिक सौहार्द की सीख देती चली आ रही है। इस महपर्व में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सहित विभिन्न धर्मावलंबी के लोग मिलजुल जुलूस में भाग लेते हैं, तथा परस्पर सहयोग से जुलूस को आगे बढ़ते देखे जाते हैं। इस महापर्व पर सरकारी और सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में भाग लेने वाले लोगों का हर तरह से स्वागत किया जाता है। हजारीबाग की रामनवमी देखने के लिए आसपास के जिलों सहित विभिन्न प्रांतों के लोग भी हर वर्ष आते हैं। इस भव्य रामनवमी की शुरूआत सन 1918 में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जंयती पर हजारीबाग नगर के जेपीएम मार्ग निवासी स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर महावीरी झंडा निकालकर की थी। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी न की थी कि पांच व्यक्तियों द्वारा निकाला गया यह जुलूस एक दिन इतने भव्य रूप लेगा। 1918 में महावीर झंडा निकालने से पूर्व स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने मित्रों से और परिवार के सदस्यों से कहा था कि एक रात उनके स्वप्न में भगवान राम आए और चैत्र शुक्ल नवमी के दिन महावीरी झंडा निकालने के लिए कहा। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही धार्मिक प्रकृति के व्यक्ति थे। वे राम और भक्त हनुमान के अनन्य भक्त थे। जहां भी राम कथा होती, गुरु साहब ठाकुर सब काम छोड़ कथा में सम्मिलित हुआ करते थे। उन्होंने अपने पांच मित्रों क्रमशः हीरालाल महाजन, यदुनाथ बाबू,कन्हाई गोप, टीभर गोप, जटाधार बाबू और घरवालों से राय - मशवरा कर उसी साल चैत्र शुक्ल नवमी के दिन पहला महावीरी झंडा लेकर हजारीबाग नगर के कुम्हार टोली महावीर मंदिर, महावीर स्थान मंदिर,

बड़ा अखाड़ा, पंच मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर भ्रमण किया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाला गया महावीरी झंडा जुलूस धीरे धीरे कर हर वर्ष पांच से दस। दस से बीस और सौ से हजार होते देर ना लगा था। आज रामनवमी के जुलूस में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। 160 से अधिक झांकियां जुलूस में सम्मिलित होती हैं। जिस गुरु सहाय ठाकुर ने हजारीबाग में रामनवमी महापर्व जैसे गौरवशाली विरासत को दिया, उनके व्यक्तित्व पर दो शब्द लिखना जरूरी हो जाता है। वे सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के थे। वे एक पक्के समाजसेवी थे। वे सभी के दुःख सुख में साथ देने वाले व्यक्ति थे। इस कारण उनके आवास पर शहर के गणमान्य लोगों का आना-जाना बना रहता था। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने हजारीबाग कुम्हार टोली में पहला बालिका विद्यालय खोला था। उस कालखंड में लड़कियों को स्कूल भेजे जाने पर कई सामाजिक पाबंदियां लगी हुई थीं। यह बात उन्हें कदापि पसंद न थी। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी को इसी स्कूल में दाखिला भी दिया था। वे समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से मिटा देना चाहते थे। उनका मत था कि समाज में जो कुरीतियां व्याप्तह, जिसका उन्मूलन बहुत जरूरी है। यह सब सामाजिक कुरीतियों अशिक्षा के कारण उत्पन्न हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा के माध्यम से समाज में नवजागरण लाना चाहते थे। समाज में व्याप्त कुरीति को दूर करना चाहते थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना चाहते थे। वे चाहते थे कि समाज मर्यादित हो, समाज में अनुशासन हो, अमीरी - गरीबी का भेद मिटे, जात - पात का भेद मिटे, समाज से अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म हो। वे चाहते थे कि हर हिंदू के मन में हनुमान की तरह राम के प्रति भक्ति हो। गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा सिर्फ भगवान राम के जन्मदिन पर जरूर निकालते थे, लेकिन वे इस जुलूस के विस्तार मे सालों भर लगे रहते थे। वे निरंतर लोगों से मिलते और महावीरी झंडा के महत्व को बताते थे। वे लोगों को कहते थे कि भगवान राम के प्रति मन में सच्ची भक्ति से सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। उनकी बातों का लोगों पर गहरा असर होता था। यही कारण है कि एक महावीरी, कुछ ही सालों में सैकड़ों महावीर झंडे में तब्दील हो गया था। 1947 के आसपास तक हजारीबाग नगर में चैत्र नवमी के ही दिन रामनवमी का जूलूस निकलता था। इस एक दिवसीय रामनवमी जुलूस में हजारों की संख्या में नगर और ग्रामीण लोग शामिल हुए थे। तब जुलूस में कोई झांकी शामिल नहीं होती थी। उस समय लोगों के हाथों में बड़े और छोटे महावीरी झंडे होते थे। लोग हर चौक - चौराहे पर शस्त्र का परिचालन व प्रदर्शन किया करते थे। जुलूस में शामिल शहनाई, नगाड़ा, ढोलक आदि के धुन पे लोग नाचते - गाते आगे बढ़ाते थे। लोग शस्त्र परिचालन देखने के लिए दूर-दूर से यहां आते थे। शस्त्र परिचालन करने वाले बीते कई महीने के अभ्यास के बाद ही सार्वजनिक रूप से शस्त्र परिचालन दिखा पाते थे। जुलूस पूरी तरह मर्यादित और अनुशासन में होता था। 1949- 50 तक पहुंचते पहुंचते रामनवमी जुलूस के स्वरूप में काफी बदलाव आ गया था। ग्रामीण क्षेत्रों के काफी संख्या में जुलूस रामनवमी के जुलूस में शामिल होने लगे थे। पहले जुलूस संध्या होते - होते विसर्जन हो जाया करता था। जैसे-जैसे जुलूस के स्वरूप का विस्तार होता गया, समय सीमा बढ़ती चली गई । तब जुलूस में पेट्रोमैक्स और लालटेन शामिल होने लगे थे । इस दौरान जुलूस में रौशनी हेतु बड़े-बड़े मशाल भी शामिल होने लगे थे। इसी कालखंड में रामनवमी जुलूस के दूसरे दिन चैती दुर्गा की प्रतिमाएं शामिल होने लगी थी। इसी दरमियान चैती दुर्गा की कई प्रतिमाएं देवी मंडपों में स्थापित हुई थी। इन देवी मंडपों में स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन रामनवमी के दूसरे दिन होता था। इसलिए नवमी के दिन निकलने वाला रामनवमी जुलूस, नवमी और दसवीं अर्थात दो दिनों में तब्दील हो गया था। अब रामनवमी का जुलूस एक दिन की जगह दो दिन अर्थात नवमी और दशमी को निकलने लगा था । उस समय रामनवमी का जुलूस दोपहर दो बजे के आसपास निकल जाता और रात के लगभग नौ से दस बजे के बीच समाप्त हो जाया करता था। दशमी के दिन भी यह जुलूस दो बजे के आसपास निकलता और रात्रि के नौ से दस के बीच समाप्त हो जाया करता था । आगे के दशक में धीरे धीरे कर जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती चली गई थी। रामनवमी का जुलूस और भव्य ढंग से निकले, इसलिए चैत्र मास के आगमन साथ ही हर मोहल्ले में रामनवमी की बैठकें प्रारंभ हो जाया करती थी। चैत्र मास के प्रथम मंगलवारीय जुलूस रामनवमी के रिहर्सल जुलूस के रूप में निकलने लगा। मंगलवारीय जुलूस शुरूआत सन 1949-50के आसपास हुई थी। मंगलवारीय जुलूस की परम्परा आज भी कायम है। 1950 के आसपास चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन हुआ था। चैत्र रामनवमी महासमिति गठन की भी बड़ी दिलचस्प कहानी है। चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन रामनवमी समिति के विभिन्न अखाड़ों एवं समितियों ने किया था। आज भी महासमिति के अध्यक्ष का चुनाव रामनवमी समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है। महासमिति का दायित्व है कि रामनवमी के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालकर नगर के विभिन्न चौक -चौराहों का भ्रमण कराकर विसर्जन कर देना है। हजारीबाग की रामनवमी के जुलूस का इतना विस्तार हो चुका था कि बिना महासमिति के गठन के जुलूस का संचालन कठिन हो गया था । चैत्र रामनवमी महासमिति की रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने और गुजारने में बहुत ही अहम भूमिका होती है। आज भी महासमिति अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती चली आ रही है। 1960 के आसपास हनुमान जी की प्रतिमाएं महावीरी झंडा जुलूस में शामिल होना प्रारंभ हो गया। साथ में बड़ी-बड़ी दुर्गा जी की प्रतिमाएं भी शामिल होने लगी थीं। रामनवमी के जुलूस में भगवान राम, भक्त हनुमान और दुर्गा जी की प्रतिभाएं शामिल होने से रामनवमी जुलूस का स्वरूप ही बदल गया था। **(ये लेखक के निजी विचार है)**

आपकी बात

जनजातीय महिलाओं की दुःखद स्थिति पर आंखें खोलने वाला अग्र लेख

'ढुकु से लेकर घंटी आधारित शिक्षक तक' कार्यकारी संपादक जी का आलेख झारखंड के 'खूँटी एवं अन्य क्षेत्रों के जन जाति से संबंधित एक बड़ी समस्या को उजागर करने वाला है। वोट की राजनीति करने वाले तमाम नेताओं ने इस समस्या को दूर करने की कोई सकरात्मक पहल क्यों नहीं की यह विचारणीय। शायद इस रिपोर्ट को पढ़कर कोई नेता इस मुद्दे पर सोचे और कुछ पहल करे। एक चिंतनशील पत्रकार लोगों तक समाज की आवाज बेबाकी से उठाता रहेगा।

साधुवाद!

(डॉ उमा शंकर पाठक, बेलचंपा, गढ़वा रोड वर्तमान गुरुग्राम हरियाणा)

वो कागज की कश्ती, वो बारिश का पानी

मौसम बदल रहा है, सर्दी के बाद गर्मी का मौसम आ गया है, इसके बाद बरसात का मौसम आ जायेगा। इसी तरह यह जिंदगी चलेगी। मई आयेगा फिर जून, इसके बाद स्कूलों में गर्मी छुट्टी हो जायेगी। इस छुट्टी में समृद्ध परिवारों के बच्चे हिल स्टेशनों पर अपनी छुट्टियां बितायेंगें। वहीं, अन्य बच्चे अपने घरों और मुहल्लों में ही छुट्टियां मनायेंगे। कोई टीवी देखेगा या फिर मोबाइल पर गेम खेलेगा। पहले की तरह अब बच्चे न लट्टू नचायेंगे और ना ही पंतगो को आकाश में उड़ायेंगे; और ना गुल्ली- डंडा खेलेंगे ;ना बरसात के पानी में अपनी नाव चलायेंगे। यह सब खेल अब बीते जमाने की बात हो गई है। सुदर्शन फाकिर की एक गज़ल है... यह दौलत भी ले लो, यह शोहरत भी ले लो, भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी , मगर मुझको लौटा दो, वो बचपन का सावन, वह कागज की कश्ती, वह बारिश का पानी... इस गज़ल को जगजीत सिंह सहित कई गायकों ने अपनी आवाज में इसे गाया है। बचपन के खेले गए कई खेल अब जो प्रायः लुप्त हो गए हैं। अब न कोई अंटा(गोली) खेलता है और अब तो न पंतग उड़ाने के लिए हमारे पास खुला आकाश है और ना ही गुल्ली- डंडा के खेलने के लिए मैदान। अब के फ्लेटों में आंगन का रिवाज ही नहीं है। अब हमारी नींद आंगन में कौवों की शोर से नहीं, बल्कि घड़ी के अलार्म से खुलती है।

- विकास कुमार, मेदिनीनगर

लोकतंत्र

राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

प्रो. संजय द्विवेदी

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे। आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ। राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है।

फेसबुक वॉल से



X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

हीटवेव : आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं

मनोहर यडवट्टि

भारतीय मौसम और जीवन दोनों में सूर्य और ऊर्जा की तपिश अपने चरमोत्कर्ष की ओर जाती हुई दिखाई दे रही है। विश्व भर में सभी आर्थिक एवं सामाजिक एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की मानव शक्ति इस समय जिस तरह से कार्य कर रही है, वह भविष्य में श्रेष्ठ और सबसे आगे के भारत के होने का संकेत देती है। ऊर्जा की अधिकतम उपयोगिता को जानकर भारत के नागरिक इन दिनों अपने कार्य को करते हुए प्रायः सहज ही देखे जा सकते हैं। इस बीच ऊर्जा का दूसरा भी पक्ष देखने को मिल रहा है, इस ऊर्जा के अपार स्त्रोत के लिए सूर्य रश्मियां जिम्मेदार हैं। गर्मी समय बीतने के साथ अपने शीर्ष पर जाने के लिए प्रयासरत है और भारतीय हैं कि ऐसे में बिना सूर्य तपिश की चिंता किए वगैर दिन-रात अपने सुनिश्चित किए कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी है काम और जीवन दोनों में संतुलन बना रहे । कहीं ऐसा न हो कि बदलते और तेज हीटवेव के इस मौसम में हम काम करने लायक भी न रह जाएं । इसलिए जरूरी है कि हीटवेब से आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं। इस संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बता दिया है कि आगामी जून तक गर्मी अपने चरम पर रहेगी। ऐसे में हीटवेव दौरान स्वस्थ रहने के लिए छोटे बच्चों, बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत है। इस हीट एक्सॉशन की वजह से मितली, उल्टी और यहां तक कि बेहोशी भी हो सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणाम स्वरूप, गर्मी की लहरें अधिक लंबी, और अधिक गंभीर होती जा रही हैं। जिसके लिए हमें सबसे पहले मानसिक रूप से तैयार रहना है, साथ ही इससे निपटने के लिए अपनी जरूरी तैयारी करके रखनी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में गर्मी से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये थे। गर्मी से बचने के लिए अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों की देखभाल करना, अपने घरों को ठंडा रखने, दिन के दौरान पर्दे और शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खोलने जैसे निर्देश दिए गए हैं। वहीं, यह भी कहा गया है कि लोगों को दिन के दौरान निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करनी चाहिए और शरीर को ठंडा करने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। अब प्रश्न है कि हीट स्ट्रोक के संकेतों को कैसे पहचानें और यदि आवश्यक है तो आपको क्या कदम उठाने चाहिए? तो सबसे पहले हमें यह जानना आवश्यक है। वास्तव में जब लू चलती है तब तापमान लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक रहता है। नमी के कारण अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। वास्तव में हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आता है और शरीर का मुख्य तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) और उससे अधिक तक बढ़ जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

बोधि वृक्ष

भारत के खास मंदिर

वेदगिरिश्वर मंदिर, तमिलनाडु

तमिलनाडु के तिरुकलुकुंड्रम में स्थित वेदगिरिश्वर मंदिर एक हिंदू मंदिर है, जो भारत के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का नाम पवित्र ईगल के नाम पर रखा गया है, जो हर रोज इस पहाड़ी मंदिर में आते हैं। इसीलिए इस मंदिर को पाक्षी तीर्थम या दक्षिण के कैलाश के रूप में भी जाना जाता है। यहां हर दोपहर मंदिर में दो चील चढ़ाए गए मीठे चावल को खाने लिए आते हैं और पानी पीने के बाद उड़ जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि ये दोनों चील प्राचीन काल से ही भगवान शिव की आराधना करने और उनके श्राप से मुक्ति पाने के लिए यहां आते हैं।

गवी गंगाधरेश्वर मंदिर, बैंगलोर

कर्नाटक के बैंगलोर में स्थित गवी गंगाधरेश्वर मंदिर, गविपुरम गुफा मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। यह एक हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह एक गुफा मंदिर है, जो अपने जादुई घटना के कारण प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि इस मंदिर के शिवलिंग पर घी मलने से वह मक्खन में बदल जाता है। ऐसा कई लोगों के साथ हुआ भी है।

थिरुनागेश्वरम मंदिर

थिरुनागेश्वरम मंदिर सांपों के राजा राहु को समर्पित है, जहां वे अपनी पत्नी नागा वल्ली और नागा कन्नी के साथ विराजमान हैं। इस स्थान पर राहु ने भगवान शिव की पूजा की थी, इसी लिए इस स्थान को तिरुनागेश्वरम कहा गया।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

वाईफाई का पासवर्ड भूल गए? फिक्र ना करें, यहां है समाधान

अगर आपने अपने राउटर का पासवर्ड नहीं बदला है, तो आप उसका डिफॉल्ट पासवर्ड प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए, आपको अपने इंटरनेट ब्राउजर में राउटर के IP पते पर जाना होगा, और फिर डिफॉल्ट उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के साथ लॉगिन करना होगा। यदि आप वाईफाई का उपयोग करते हैं और पासवर्ड ढूंढने में समस्या आ रही है या आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं तो चिंता करने की कोई बात नहीं है। इस तथ्य के कारण हम आपके साथ कुछ सरल युक्तियाँ साझा करेंगे। इसकी मदद से आपको वाईफाई पासवर्ड याद रखने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा, यदि आप किसी और के साथ पासवर्ड का खुलासा करना चाहते हैं तो आपको केवल इन सरल तकनीकों का उपयोग करने की आवश्यकता है। यहाँ हम कुछ आसान और प्रभावी तरीकों पर ध्यान देंगे, जो आपको अपने WiFi पासवर्ड को पुनः प्राप्त करने में मदद करेंगे।

राउटर पर लिखा हुआ पासवर्ड देखें: कई बार लोग अपने राउटर पर लिखा हुआ पासवर्ड भूल जाते हैं। अगर आपके पास राउटर की ऑक्सीलेरी के बॉक्स में या राउटर पर एक पासवर्ड लिखा हुआ है, तो आप उसे देख सकते हैं। इस पासवर्ड को अपने डिवाइस पर डालकर आसानी से अपने नेटवर्क से कनेक्ट हो सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

बसपा ने 11 उम्मीदवारों की जारी की सूची, डिम्पल के सामने होंगे शिव प्रसाद यादव

एजेंसी। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बसपा ने मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिम्पल यादव को टक्कर देने के लिए इस चुनावी मैदान में शिव प्रसाद यादव को उतारा है। बसपा की ओर से मंगलवार की जारी की गई सूची के मुताबिक, मैनपुरी से शिव प्रसाद यादव, बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुलतानपुर से उदराज वर्मा, फरुर्खाबाद क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी को बसपा ने टिकट दिया है।

इसी तरह डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह, गाजीपुर से डॉ. उमेश कुमार सिंह, वाराणसी से अतहर जमाल लारी को बसपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

प्रेम चौधरी अपनी 'विकासशील स्वराज पार्टी' के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार के नेता प्रेम कुमार चौधरी अपनी ह्यविकासशील स्वराज पार्टी के साथ आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान बिहार से प्रेम कुमार चौधरी और डाक्टर मनीष कुमार यादव कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। मंगलवार को यहां पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही प्रेम चौधरी ने अपनी 'विकासशील स्वराज पार्टी' का कांग्रेस में विलय कर दिया। विकासशील स्वराज पार्टी का गठन अति-पिछड़ा मछुआरा समाज के अधिकार और हक की बात करता रहा है। इस मौके पर डाक्टर मनीष कुमार यादव ने कहा, मेरी हमेशा से ही कांग्रेस की विचारधारा पर आस्था रही है। हम साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे।

सिंधिया, दिग्विजय ने भरा नामांकन

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में तीसरे चरण में नौ संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह दोपहर बाद अपनी पत्नी अमृता के साथ राजगढ़ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सपत्नीक जालपा माता के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वहीं, केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शिवपुरी में खुली जीप में सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, लालसिंह आर्य आदि भी उनके साथ मौजूद रहे।

आप ने पंजाब में चार सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान, इनमें तीन विधायक

एजेंसी। चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। दो दिन पहले अकाली दल से आप में आए पवन कुमार टीनू पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा तीन विधायकों को लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। आप द्वारा मंगलवार को जारी की सूची के अनुसार वर्तमान में बटाला विधानसभा हलके से विधायक अमन शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा हलके से, मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर लोकसभा हलके से तथा लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

भाजपा ने कांग्रेस की नई गारंटी स्कीम के प्रचार पर रोक की मांग की

नई दिल्ली । भाजपा ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस द्वारा क्यूआर कोड के जरिए वोटर्स को लुभाने के लिए देशभर में प्रचार किए जा रहे नई गारंटी स्कीम के प्रचार पर रोक लगाने की मांग की है। चुनाव आयोग से मुलाकात करने के बाद भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कांग्रेस की नई गारंटी स्कीम के प्रचार अभियान को मतदाताओं को रिश्वत देने का प्रयास बताया। उन्होंने कांग्रेस पर यह भी कटाक्ष किया कि कांग्रेस यह जानती है कि यह मुंगेरीलाल के हसीन सपने के बराबर है, वह चुनाव जीतने नहीं जा रही है बल्कि इस बार के चुनाव में तो कांग्रेस का सीटों का आंकड़ा सबसे कम रहने जा रहा है तो फिर कांग्रेस जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे वादे क्यों कर रही है। भाजपा नेता ओम पाठक ने बताया कि कांग्रेस ने पिछले सप्ताह से देशभर में जो प्रचार अभियान शुरू किया है, उसी तरह का प्रचार अभियान पिछले वर्ष राजस्थान विधानसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस ने चलाया था, जिस पर चुनाव आयोग ने उस समय रोक लगा दिया था।

पत्थर पकड़ने वाले हाथों में हमने लैपटॉप दे दिया : शाह

एजेंसी। जम्मू

जम्मू । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू में कहा कि भाजपा घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है। उन्होंने संकेत दिए कि भाजपा कश्मीर की तीन महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। उन्होंने युवाओं से नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी जैसी पार्टियों को वोट न देने की अपील की। जम्मू के पलौडा इलाके में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा को घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है, क्योंकि पार्टी दिल जीतने की प्रक्रिया में है। हम कश्मीर के हर दिल को जीतना चाहते है। शाह ने कहा कि आज आतंकवाद अपनी मृत्युशैया पर है। पथराव, बंद का आह्वान और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन एक इतिहास बन गया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने उन युवाओं के हाथों में लेपटाप दे दिए हैं जो पहले पत्थर पकड़ते थे।

गृह मंत्री शाह ने एनसी, पीडीपी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पार्टियां आतंकवाद को बढ़ावा देने और युवा लड़कों के हाथों में बंदूक सौंपने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मैं डॉ. फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि सबसे ज्यादा फर्जी मुठभेड़ किसके कार्यकाल में हुई? क्या तब डॉ. फारूक अब्दुल्ला की सरकार नहीं थी? अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेन्द्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुप्रीम कोर्ट से घोषित तारीखों पर होंगे। उन्होंने कहा कि कोई देरी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो जाने चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वह कहती थीं कि अगर अनुच्छेद 370 वापस ले लिया गया तो कोई भी तिरंगा नहीं उठाएगा। उन्होंने कहा कि आज अनुच्छेद 370 हमेशा के लिए दफन हो गया है और फिर भी तिरंगा गरिमा और सम्मान के साथ ऊंचा उड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक विधान, एक प्रधान, एक निशान का सपना पूरा हो गया है।

गृहमंत्री ने कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार न उतारने के दिए संकेत

अनुच्छेद 370 हमेशा के लिए दफन हो गया है और तिरंगा भी शान से लहरा रहा

सुनीता केजरीवाल गुजरात में 'आप' के लिए कर सकती हैं चुनाव प्रचार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर सकती हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि गुजरात में स्टार प्रचारकों की लिस्ट जल्द जारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उम्मीद है कि सुनीता केजरीवाल मतदाताओं को संदेश देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएंगी। अब जब आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है तो उनके दिल्ली और अन्य राज्यों में प्रचार की कमान संभालने की संभावना है। बता दें कि इस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी ने स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक समीकरणों को उलट दिया है, विशेष रूप से लोकसभा चुनावों के लिए आप के प्रयासों को प्रभावित किया है।

न्यूज बॉक्स

ईरान के कब्जे से भारतीयों की जल्द होगी सुरक्षित वापसी, विदेश मंत्रालय सक्रिय

नई दिल्ली । हाल ही में नरेंद्र मोदी सरकार की सफल कूटनीति का नतीजा सामने आया, जब कतर में मौत की सजा पाए भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों की रिहाई संभव हो पाई। वह सुरक्षित स्वदेश लौट आए। इस सबके साथ ही अब ईरान और इजरायल के बीच जारी तनाव के दरम्यान इजरायल का एक मालवाहक जहाज इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। बता दें कि इजरायल के इस मालवाहक जहाज को ईरान ने कब्जे में लिया है। इस जहाज में कुल 25 लोग सवार हैं, जिनमें 17 भारतीय हैं और इसमें एक महिला भी है। अब इस मामले में भी भारतीय कूटनीति और भारतीय विदेश नीति की एक और बड़ी जीत देखने को मिल रही है। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि जहाज पर जो 17 भारतीय मौजूद हैं, उनसे भारतीय अधिकारियों को मिलने की अनुमति दी जाएगी। भारतीय अधिकारी 17 देशवासियों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ईरान के संपर्क में हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों को वापस लाने का पूरा भरोसा जताया है।

भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात दूसरे दिन भी रहा बंद

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के किश्तवारी पथार इलाके में भूस्खलन के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को भी यातायात के लिए बंद है। राष्ट्रीय राजमार्ग के सोमवार शाम से बंद होने के चलते बड़ी संख्या में वाहन मार्ग में फंसे हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक सोमवार को भारी बारिश और उसके बाद हुए भूस्खलन के कारण रामबन जिले के किश्तवारी पथार इलाके में राजमार्ग पर मलबा और बड़े-बड़े पत्थर आ गए। इसके चलते राजमार्ग को सोमवार से अगले आदेश तक बंद कर दिया गया। भूस्खलन के मद्देनजर लोगों को एनएच-44 से यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनः बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने एस सी के समक्ष मांगी माफी

नई दिल्ली । बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मौखिक रूप से बिना शर्त माफी मांगी। पीठ ने सवाल किया कि आपने चिकित्सा की अन्य प्रणालियों को त्यागने के लिए क्यों कहा। इसके जवाब में बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि ने आयुर्वेद को साक्ष्य-आधारित चिकित्सा प्रणाली बनाने का प्रयास किया है। वह किसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, ह्लहम आपके रवैए की बात कर रहे हैं। अगर आपने (शोध) किया है, तो केंद्र सरकार की अंतःविषय समिति में इसे आप साबित करिए। आपके वकील ने कहा है कि आप अपने आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए अन्य दवाओं या उनके उपचारों को खारिज नहीं करेंगे। बाबा रामदेव ने हाथ जोड़कर कहा कि उन्हें इस तरह के सार्वजनिक बयान नहीं देने चाहिए थे और भविष्य में वह अधिक सावधान रहेंगे। उन्होंने कहा, रऐसा हमसे अति उत्साह में हो गया, आगे से हम नहीं करेंगे। इसी प्रकार आचार्य बालकृष्ण ने भी कहा, हमसे अनजाने में गलती हुई है। आगे से बहुत ध्यान रखेंगे। हम अपनी गलती पर क्षमा मांगते हैं। हम भविष्य में बहुत सावधान रहेंगे।

मोदी के बार-बार तमिलनाडु आने से नहीं पड़ेगा कोई फर्क, इंडिया ब्लॉक की होगी जीत : स्टालिन

चेन्नई। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बार-बार तमिलनाडु के दौरे से लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सीएम स्टालिन चेन्नई दक्षिण लोकसभा सीट पर अपने गृह क्षेत्र कुलथुर में रोड शो के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु में डीएमके नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक की लहर है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी सीटों पर हमारे मोर्चे की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों में हार की आशंका से डरे हुए हैं। इसी कारण वह विपक्ष शासित राज्यों और मुख्यमंत्रियों को निशाना बना रहे हैं। उनका इशारा अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की ओर था। सीएम स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने पद की गरिमा को कम कर रहे हैं और विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। स्टालिन ने चेन्नई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के डीएमके उम्मीदवार कलानिधि वीरस्वामी के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे। मुख्यमंत्री आज शाम डीएमके के वरिष्ठ नेता टी.आर. बालू के लिए श्री पेरंबुदूर निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करेंगे।

झेलम नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पलटी, छह की मौत, तीन अभी भी लापता

एजेंसी। श्रीनगर

श्रीनगर में बटवाड़ा इलाके के पास मंगलवार सुबह झेलम नदी में एक नाव पलट गई, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी सवार थे। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और छह लोगों को बचाने के बाद एसएमएचएस में भर्ती कराया गया है। नाव में कुल 15 लोग सवार थे, जिसमें तीन अभी भी लापता हैं। श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने बताया कि श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में यात्रियों और स्कूली बच्चों से भरी एक नाव पलट गई। नाव में सवार सभी लोग पानी में डूब गए, जिससे चारों तरफ हड़कंप मच गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। 6 लोगों को बचाया लिया गया है और 3 लोग अभी भी लापता हैं। एसएमएचएस में भर्ती तीन लोगों का उपचार चल रहा है, जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है।

दिल्ली में एएसआई की गोली मारकर हत्या, शूटर ने की आत्महत्या

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में मंगलवार को दिनदहाड़े एक व्यक्ति ने दिल्ली पुलिस के एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। घटना के बाद हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक एएसआई की पहचान दिनेश शर्मा के रूप में हुई है। जबकि, घायल अमित कुमार को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रांची की रेणु मंडल बनीं मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल में विभिन्न कैटेगरी में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में रांची समेत झारखंड के अलग-अलग शहरों से भी आठ प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। झारखंड के सभी प्रतिभागी इतिहास रचते हुए विनर व रनर अप बने। मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का खिताब रांची की प्रतिभागी रेणु मंडल को मिला। वहीं, फर्स्ट रनरअप रिद्धिमा अग्रवाल व सेकंड रनरअप कविता वर्मा हुईं। मिस कैटगरी में विनर रांची की शुभांगी सिंह हुईं। फर्स्ट रनरअप चंद्रमुखी कुजुर बनीं। वहीं, मिस्टर कैटगरी के विनर जमशेदपुर के चांद वर्मा हुए। किड्स गर्ल्स में आशवी अग्रवाल विनर बनीं। किड्स बॉयज कैटगरी में अव्यांश अग्रवाल विनर हुए। प्रतियोगिता में ग्रांड जूरी स्टोरी लाइन इंडिया मैगजिन की पत्रकार साधना कुमार तथा चीफ जूरी सिद्धेश जाधव, जिया पांडे एवं सुचित्रा कौर उपस्थित थीं। इस शो का आयोजन सोनिया खताना, संदीप गोस्वामी व प्रिया प्रजापति ने किया था।

तेजस्वी ने पीएम मोदी के दौरे पर कहा, 'अगर काम किया होता तो उसका जिक्र करते'

एजेंसी। पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया और पूर्णिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस बीच उन्होंने विपक्ष पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उनके दौरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर 10 वर्षों तक काम किया होता तो उसका जिक्र करते। केवल हमलोगों को गाली दे रहे। तेजस्वी यादव ने पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हम लोग उम्मीद लगा रहे थे कि बिहार की जनता को कुछ तोहफा देंगे। विशेष राज्य के दर्जा को लेकर, विशेष पैकेज को लेकर कुछ बोलते। 10 साल उन्होंने बिहार के लिए क्या किया, उसके बारे में कुछ बोलते। ये सब भूल गए हैं।

उन वादों को ये भूल गए हैं, जो उन्होंने किए थे। भाजपा के घोषणा पत्र में भी बिहार की जनता के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पूरे देश को सिर्फ चार चीजें दी है, बेरोजगारी, मंहगाई, गरीबी और जुमला। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार के युवा को प्रधानमंत्री मूर्ख नहीं समझे।

हमारे बच्चे दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं : प्रशांत किशोर

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के दो जिले गया और पूर्णिया के दौरे पर थे। जहां उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया, वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं प्रधानमंत्री की जनसभाओं के बीच राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पीएम मोदी पर एक सवाल दागा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार ने पिछली बार एनडीए को 40 में से 39 सीटें दी और गुजरात ने 26। लेकिन इसके बावजूद भी बिहार के बच्चे गुजरात में मजदूरी करने को विवश हैं, जहां उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

आज का राशिफल

मेष — किसी व्यक्ति का सहयोग लाभ का नहीं हित देगा। व्यर्थ प्रयास में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने कार्य के लिए रास्ता बना लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

वृषभ — अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा सुख रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। किसी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम का आपके में नकद मिल जाएगी।

मिथुन — अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। अनुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मिश्रित संकेतों के कारण भ्रमजाल की पंक्ति हो सकते हैं। मन तथा बुद्धि की अस्थिरता रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।

कर्क — दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक में आ रहे अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने कार्य के लिए रास्ता बना लें। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। अपने पैसों की सुविधा मिल जाएगी। व्यावसायिक सीमित तौर पर ही बढ़ पाएंगे।

सिंह — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रसन्नता होगी। करीब जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा सुख रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अपने बढ़ते के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। व्यापार में संतोषजनक सफलता मिलेगी। मन का परिणाम आज मन देगा। व्यापारियों के लिए दिन सुख रहेगा।

कन्या — संतोषजनक सफलता मिलेगी। दिशा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहनतों का आनन्द होगा। पंचुक सम्पत्ति से लाभ। बंधित कार्यों में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी करें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

तुला — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाया आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। सैद्धांतिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। झगड़ों का वातावरण बनेगा।

वृश्चिक — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए खर्चों का ख्याल करें।

धनु — मजबूत, चिंता, संताप का साए, अपयश के कारण बढ़ेंगे। व्यवसाय में परिस्थितियां परेशान कर सकती हैं। समय व्यवहारी सिद्ध होगा। पारिवारिक उलझन पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। अपनी परिस्थिति का संभालकर रखें।

मकर — व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि व निष्ठा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहनतों का आनन्द होगा।

कुम्भ — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए कुशलता से काम लें। मांग में तेजी व माल की उपलब्धता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा मतभेदों होने का भय रहेगा। आत्मीयजनों में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। संतान उपलब्धि सिद्ध होगी।

मीन — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। नई पहचान के साथ उत्साह के बीच अप्रत्याशित विजय पंथ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सफलता का योग भी रहेगा।

सभी दलों के साथ हो रहा समान व्यवहार : चुनाव आयोग

एक महीने की कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है।

आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन में रखेगा। इसका मकसद समय-समय पर कुछ क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों और आक्षेपों को संबोधित करना है। आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान 07 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की।

राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर भी कई प्रतिनिधिमंडल मिले। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगभग 200 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गयी है। शिकायतों में से भाजपा से प्राप्त कुल शिकायतें 51 थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई है। कांग्रेस की ओर से 59 शिकायतें थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य पक्षों से प्राप्त शिकायतें 90 थीं, जिनमें से 80 मामलों में कार्रवाई की गई है।

अब तक पोर्टल सी विजिल पर कुल 2,68,080 शिकायतें दर्ज की गई हैं

2,67,762 मामलों में हुई कार्रवाई,

92 प्रतिशत मामलों का समाधान 100 मिनट से भी कम समय में हुआ

गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

गुजरात टाइटन्स : शुबमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, विजय शंकर, अभिनव मनोहर, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), राहुल तेवतिया, राशिद खान, मोहित शर्मा, नूर अहमद, उमेश यादव, स्पेंसर जॉनसन

दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, खलील अहमद, एनरिक नॉर्टजे, इशांत

एजेंसी। अहमदाबाद

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है। गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रूख बदलने के लिए काफी समय है। मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाये हैं। उनके नयी गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाये तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश जुटाने में असफल रही है।

मुंबई बनाम चेन्नई महामुकाबले को जियोसिनेमा पर 71.5 करोड़ से अधिक व्यूज मिले

मुंबई। जियोसिनेमा ने 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए महामुकाबले के दौरान 71.5 करोड़ से अधिक व्यूज हासिल किए। टाटा आईपीएल के आधिकारिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने 933 करोड़ मिनट का वॉच टाइम और 13 करोड़ दर्शकों का आंकड़ा हासिल किया, जो टाटा आईपीएल 2023 फाइनल से बेहतर है। जियोसिनेमा ने 2024 सीजन की शुरूआत 59 करोड़ से अधिक व्यूज के साथ की, जिसके कारण पहले दिन 660 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम देखा गया। 29 मैचों के बाद इस प्लेटफॉर्म पर 38.3 करोड़ दर्शकों द्वारा 1200 करोड़ से अधिक व्यूज और 14,800 करोड़ मिनट का वॉच टाइम दर्ज किया गया। पिछले सीजन की इसी अवधि की तुलना में दर्शकों की संख्या में 42 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।

इंडियन सुपर लीग ने की 2023-2024 प्लेऑफ और सेमीफाइनल के स्थानों की घोषणा

एजेंसी। मुंबई

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने सोमवार रात 19 अप्रैल से शुरू होने वाले 2023- 2024 नॉकआउट और सेमीफाइनल के स्थानों की घोषणा कर दी है। एक रोमांचक परिणति में, मोहन बागान सुपर जायंट ने आईएसएल चैंपियंस का प्रतिष्ठित पहला खिताब जीता, जबकि मुंबई सिटी एफसी ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिससे दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए सिंगल लेग नॉकआउट मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सेमीफाइनल घरेलू और बाहरी प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें दोनों चरणों के विजेता 4 मई को ग्रैंड फाइनल खेलेंगे। इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीजन के फाइनल के स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

प्लेऑफ शेड्यूल इस प्रकार है

- **19 अप्रैल :** नॉकआउट 1 - ओडिशा एफसी (घरेलू) बनाम केरला ब्लास्टर्स - (कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर)।
- **20 अप्रैल :** नॉकआउट 2 - एफसी गोवा (घरेलू) बनाम चेन्नईयिन एफसी - (जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, गोवा)।
- **23 अप्रैल :** सेमीफाइनल 1 (पहला चरण) - नॉकआउट 1 का विजेता (घरेलू) बनाम मोहन बागान सुपर जायंट।
- **24 अप्रैल :** सेमीफाइनल 2 (पहला चरण) - नॉकआउट 2 का विजेता (घरेलू) बनाम मुंबई सिटी एफसी।
- **28 अप्रैल :** सेमीफाइनल1 (दूसरा चरण) - मोहन बागान सुपर जायंट (घरेलू) बनाम नॉकआउट 1 का विजेता - (विवेकानंद युबा भारती क्रीरंगन, कोलकाता)।
- **29 अप्रैल :** सेमीफाइनल 2 (दूसरा चरण) - मुंबई सिटी एफसी (घरेलू) बनाम नॉकआउट 2 का विजेता - (मुंबई फुटबॉल एरेना, मुंबई)।

इंग्लैंड के महान स्पिनर डेरेक अंडरवुड का 78 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। केंट

इंग्लैंड के महान स्पिनर और आईसीसी हॉल ऑफ फेम डेरेक अंडरवुड का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 15 साल से अधिक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में, अंडरवुड ने 86 टेस्ट और 26 एकदिवसीय मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 297 विकेट लिए, जो अभी भी इंग्लैंड के लिए किसी भी स्पिनर के लिए सबसे ज्यादा है और कुल मिलाकर छठा सबसे ज्यादा विकेट है।

अपने घरेलू करियर में, अंडरवुड ने पूरी तरह से केंट के लिए खेले, उन्होंने 1963 में 17 वर्ष की उम्र में पदार्पण किया। 676 प्रथम श्रेणी खेलों में, अंडरवुड ने 1987 में संन्यास लेने से पहले अपने बाएं हाथ की स्पिन के साथ 411 लिस्ट-ए खेलों में 572 विकेट लेने के अलावा 2,465 विकेट लिए।

ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने आईसीसी के हवाले से एक बयान में कहा, यह हमेशा एक दुखद दिन होता है जब अंग्रेजी खेल के महान खिलाड़ी का निधन हो जाता है। पूर्वव्यापी आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग के अनुसार, डेरेक अंडरवुड सितंबर 1969 से अगस्त 1973 तक दुनिया के नंबर 1 रैंक वाले गेंदबाज थे।

अंडरवुड ने 2006 में केंट क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष, 2008 में मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 2009 में उन्हें आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउल्लिन को हराया

बार्सिलोना। पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। सोमवार का दिन बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की। हार्ड 2018 में क्विटो में विक्टर एस्ट्रेला बर्गोस के बाद एटीपी टूर मैच जीतने वाले पहले डोमिनिकन बन गए।

पश्चिम बंगाल क्वार्टर फाइनल में

19 अप्रैल को पहले क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल का सामना ग्रुप सी के विजेता से होगा।

अंडर 20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल

एजेंसी। नारायणपुर

पश्चिम बंगाल मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में उत्तराखंड को 3-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई।

ग्रुप ई में आखिरी मैच के दिन से पहले, उत्तराखंड और तमिलनाडु अन्य दो टीमें थीं जो अंतिम-आठ में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। हालाँकि, बाद वाला पहले ही बाहर हो चुके पंजाब के खिलाफ हांफते-हांफते हुए ड्रा ही अर्जित कर सका और पहले अंडर-20 पुरुष एनएफसी से बाहर हो गया। तीसरे मिनट में सांतनु नस्कर के गोल से पश्चिम बंगाल ने इस मुकाबले में शुरूआती बढ़त बना ली। राहुल नस्कर और शिबम मुंडा ने क्रमशः 60वें और 69वें मिनट में दूसरा और तीसरा गोल किया। पूर्व खिलाड़ी अब तक तीन गोल के साथ टूर्नामेंट में पश्चिम बंगाल के शीर्ष स्कोरर हैं। जहां विजेता सात अंकों के साथ ग्रुप ई में शीर्ष पर रहे, वहीं उत्तराखंड ने पहले दिन पंजाब पर एकमात्र जीत के साथ अपना अभियान तीसरे स्थान पर समाप्त किया।

भरत सचदेवा, शाश्वत शर्मा ने पूरा किया

एकतरफा राम सेतु ओपन वॉटर तैराकी अभियान

एजेंसी। धनुषकोटि

एथलेटिकिज्म, धैर्य और दृढ़ संकल्प की भावना के साथ दो प्रसिद्ध भारतीय तैराक, भरत सचदेवा और शास्वत शर्मा ने सोमवार को पाक स्ट्रेट (राम सेतु) के 32 किलोमीटर के चुनौतीपूर्ण मार्ग को 10 घंटे 30 मिनट के निर्धारित समय के भीतर तैरकर पार किया।

दोनों तैराकों के इस असाधारण अभियान का उद्देश्य भारत में एथलीटों के लिए साहसिक खेलों और खुली तैराकी को बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के बीच सार्वभौमिक भाईचारे और दोस्ती को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, अभियान का उद्देश्य जल सुरक्षा और डूबने की घटनाओं की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान श्रीलंका के तलाईमन्नार से शुरू हुआ और भारत के धनुषकोटि में समाप्त हुआ। तैराकी एक विशेषज्ञ दल की देखरेख में आयोजित की गई जिसने तैराकों को तैरने में मदद की और तैराकी के दौरान पोषण प्रदान किया। नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक बाहरी पर्यवेक्षक भी दल में शामिल हुआ।

इस अवसर पर भरत सचदेवा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹यह देश के लिए पदक जीतने जितना बड़ा है। शास्वत और मैं कुछ वर्षों से इस सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, और हमें खुशी है कि यह आखिरकार सच हो गया है। हमारा उद्देश्य हमारे देश में इस खेल के लिए सख्त समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित करना है, चाहे वह सही बुनियादी ढाँचा हो या निवेश, हमारे प्रयास तब सफल होंगे जब हम भारत से अधिक युवा प्रतिभाओं को तैराकी को चुनते और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते देखेंगे।

शास्वत शर्मा ने कहा, मेरे लिए, इस उपलब्धि का बहुत अधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। एक राष्ट्रीय तैराक के रूप में, मैंने कई चुनौतियों में भाग लिया है, लेकिन राम सेतु को पार करना देश को गौरवान्वित करने का क्षण है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

आने वाले वर्षों में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा : सीतारमण

जयपुर। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत पिछले तीन वित्त वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रही है, यह वृद्धि आने वाले वर्षों में भी जारी रह सकती है। निर्मला सीतारमण ने जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) और उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगामी 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत ने तीन तिमाहियों में आठ फीसदी की वृद्धि दर देखी और चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि की उम्मीद है। जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की विश्वसनीयता के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने आ रहे हैं। सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

पीएफआरडीए ने अपना कार्यालय एक नए पते पर किया स्थानांतरित

नई दिल्ली। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) का कार्यालय एक अप्रैल 2024 से एक नए पते पर स्थानांतरित कर दिया गया है। पीएफआरडीए ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक अप्रैल 2024 से प्राधिकरण ने अपना कार्यालय एक नए पते पर स्थानांतरित कर दिया है। नए कार्यालय का पता ई-500, टॉवर ई, 5वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 और फोन नंबर 011-40717900 है। इससे पहले नियामक का कार्यालय बी; 14/14ए, छत्रपति शिवाजी भवन, कुतुब इंडस्ट्रियल एरिया, कटवरिया सराय, नई दिल्ली-110016 में था। उल्लेखनीय है कि पीएफआरडीए देश में पेंशन फंड के लिए बनाई गई एक नियामक संस्था है। इसकी स्थापना साल 2003 में हुई थी, जिसका मकसद देश में पेंशन क्षेत्र को बढ़ावा देना, विनियमित करना और विकसित करना है।

नाबार्ड का किसानों को सीधे कर्ज देने पर स्पष्टीकरण, सूचना को बताया गलत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने स्पष्ट किया है कि वह आम किसानों को सीधे तौर पर ऋण न देकर ग्रामीण विकास से जुड़े वित्तीय संस्थानों और सहकारी समितियों को वित्तीय मदद मुहैया कराता है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने यह स्पष्टीकरण सीधे किसानों को डेयरी ऋण दिए जाने संबंधी भ्रामक सूचना प्रसारित होने के बाद दिया है। दरअसल, कुछ मंचों से कहा जा रहा था कि नाबार्ड डेयरी विकास के लिए सीधे किसानों को कर्ज दे रहा है। कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि बहुत सी गलत सूचनाएं और फर्जी खबरें फैलती नजर आ रही हैं। नबार्ड के मुताबिक असत्यापित जानकारी से वित्तीय जोखिम और गलतफहमी पैदा हो सकती है। बैंक ने बताया कि नाबार्ड किसानों को सीधे ऋण प्रदान नहीं करता है।

यूट्यूब पर की गलती तो बैन हो सकता है अकाउंट

एजेंसी। नई दिल्ली

यूट्यूबसमय समय पर फीचर्स में बदलाव करता रहता है। अब कंपनी ने एक बार फिर फीचर्स में बदलाव किया है। खासकर ऐसे यूजर्स के लिए जो ऐड ब्लॉकर का यूज करते हैं। थर्ड पार्टी ऐड ब्लॉकर्स यूज करने वाले लोगों को आज ही सावधान हो जाना चाहिए क्योंकि यूट्यूब की सीधी निगाह ऐसे यूजर्स पर है। कंपनी ने ऐसे यूजर्स पर कार्रवाई करते हुए बैन करना शुरू कर दिया है।

क्यों यूज करते हैं ऐड ब्लॉकर

ऐड ब्लॉकर का यूज करते हैं तो आपको आज ही सावधान हो जाना चाहिए क्योंकि यूट्यूब ऐसे लोगों पर सीधी निगाह रखता है। दरअसल ये एक ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो यूट्यूब वीडियो के बीच से ऐड को रिमूव कर देता है। यानी आप इसका यूज करेंगे तो आपको वीडियो में ऐड तो दिखाई नहीं देगा और इसके लिए आपको अलग से भुगतान भी नहीं करना होगा।

यूट्यूब अकाउंट बैन

कई बार कंपनी ऐसे अकाउंट भी बैन कर देती है जो पॉलिसी का उल्लंघन करते हैं। इसमें कोई भी ऐसा वीडियो आपको अपलोड नहीं करना चाहिए जो समाज को विभाजित करने वाला हो या झूठी खबर फैलाता है। ऐसे लोगों के खिलाफ भी कंपनी लगातार कार्रवाई कर रही है। ऐसे में यूट्यूबर बनने का विचार कर रहे हैं तो आपको तुरंत सावधान हो जाना चाहिए।

कंपनी का पेड सब्सक्रिप्शन

यूट्यूब की तरफ से पेड सब्सक्रिप्शन दिया जाता है और आप इसे खरीदते हैं तो भी ऐड से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन ऐप का यूज करने वालों को कंपनी ने साथ में चेतावनी भी दी है। यूट्यूब ने कहा कि ऐसे यूजर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जो कंपनी के नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि अगर आप वीडियो के बीच में ऐड नहीं देखना चाहते हैं तो आफको प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लेना चाहिए। इसे आप ऑनलाइन जाकर आसानी से खरीद सकते हैं।

महिंद्रा ने 11.39 लाख रुपये में लॉन्च की बोलेरो नियो प्लस

नई दिल्ली। भारत में देसी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की बहुप्रतीक्षित एसयूली बोलेरो नियो प्लस लॉन्च कर दी गई है। अब तक 15 लाख ग्राहकों को दीवाना बनाने वाली बोलेरो एसयूवी के नए 9 सीटर विकल्प के रूप में आई बोलेरो नियो प्लस अच्छे लुक और फीचर्स के साथ ही पावरफुल इंजन से लैस होकर आई है। महिंद्रा ने स्टाइलिश बोल्ड डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर और लेटेस्ट टेक्नॉलजी से लैस बोलेरो नियो प्लस को दो वेरिएंट में लॉन्च किया है, जिनमें बोलेरो नियो प्लस P4 की एक्स शोरूम प्राइस 11.39 लाख रुपये और बोलेरो नियो प्लस P10 वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 12.49 लाख रुपये है।

9 सीटर

भारत में जिन लोगों का परिवार बड़ा है या जो लोग टूर एंड ट्रैवस ऑपरेटिंग बिजनेस में हैं, इंस्टिट्यूशनल कस्टमर हैं या लीज पर गाड़ी लगाते हैं, उनके लिए महिंद्रा बोलेरो नियो प्लस बेहतरीन विकल्प है। इसमें ड्राइवर समेत कुल 9 लोग आराम से बैठ सकते हैं। बोलेरो नियो प्लस में 2.2 लीटर mHawk डीजल इंजन लगा है, जो कि 6 स्पीड गियरबॉक्स और रियर व्हील ड्राइव कॉन्फिगरेशन से लैस है। इस एसयूवी में प्रीमियम इटैलियन इंटीरियर, 22.8 सेंटीमीटर का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, ब्लूटूथ और यूएसबी के साथ ही ऑक्स कनेक्टिविटी समेत अन्य खूबियां हैं। बोलेरो नियो प्लस में बेहतर माइलेज के लिए माइक्रो हाइब्रिड टेक्नॉलजी दी गई है।

खूबियां

महिंद्रा बोलेरो नियो प्लस के लुक-डिजाइन और फीचर्स की बात करें तो इस 9 सीटर एसयूवी में ज्यादा मजबूती वाली स्टील बॉडी शेल, बॉडी ऑन फ्रेम कंस्ट्रक्शन देखने को मिलते हैं। बाद बाकी इसमें एक्स शेप वाला बंपर, क्रोम इंसर्ट वाली फ्रंट ग्रिल, एक्स शेप के व्हील कवर, साइड बॉडी क्लैडिंग, स्टाइलिश हेडलैंप, फॉग लैंप दिखते हैं। खूबियों की बात करें तो बोलेरो नियो प्लस में ईबीडी के साथ एबीएस, डुअल एयरबैग्स, आइसोफिक्स चाइल्ड सीट्स, ऑटोमैटिक डोर लॉक, इंजन इमोबिलाइजर जैसे सेफ्टी से जुड़े फीचर्स हैं। इसमें हाइट अडजस्टेबल ड्राइवर सीट, एंटी ग्लेयर आईआरवीएम, फ्रंट और रियर पावर विंडो, आर्मरेस्ट जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स हैं।

बाइक में डिस्क ब्रेक के क्या फायदे और नुकसान

एजेंसी। नई दिल्ली

कोई गाड़ी अगर अनियंत्रित हो रही है और उसमें सही समय पर ब्रेक लगा दिया जाए तो जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है, और अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर नुकसान तो तय है। टू-व्हीलर्स में खास तौर पर डिस्क ब्रेक्स के कई मायने हैं और इसे सही से इस्तेमाल किया जाए तो फिर नुकसान को कम किया जा सकता है। भारत में जब टीवीएस अपाचे और बजाज पल्सर सीरीज बाइक्स में डिस्क ब्रेक्स आए तो बहुत से युवाओं को इसके सही से यूज न करने की वजह से काफी नुकसान हुआ। दरअसल, डिस्क ब्रेक्स ड्रम बेक्स के मुकाबले क्विक और बेहतर है, ऐसे में ब्रेकिंग में सहुलियत होती तो है, लेकिन अचानक लगाने से पीछे बैठे यात्री कई बार बाइस से उछलकर दूर गिर जाते हैं।

डिस्क ब्रेक्स के फायदे

फिलहाल आपको टू-व्हीलर में डिस्क ब्रेस के फायदों के बारे में बताएं तो डिस्क ब्रेक्स की वजह से बाइक या स्कूटर को जल्दी रोका जा सकता है, क्योंकि इसकी ग्रिपिंग पावर ड्रम ब्रेक्स के मुकाबले ज्यादा होती है। ये डिस्क में अतिरिक्त फ्रेक्शन पैदा करते हैं और पहिये के मुवमेंट को जल्दी कम कर देते हैं। डिस्क ब्रेक्स खराब मौसम परिस्थितियों में अच्छा काम करते हैं। बारिश के मौसम में भी इनकी ग्रिपिंग पावर अच्छी होती है। डिस्क ब्रेक्स को साफ करना आसान है, ऐसे में ड्रम ब्रेक्स के मुकाबले इसमें गंदगी जम जाने पर इसे साफ करना आसान है। डिस्क ब्रेक्स इस्तेमाल करने के लिए ब्रेक लीवर को ज्यादा दबाना नहीं होता है और इसे कंट्रोल करना आसान है। ड्रम ब्रेक में इसे जोर से दबाना पड़ता था। डिस्क ब्रेक्स जल्दी गर्म भी नहीं होते हैं। अगर गर्म भी होते हैं तो जल्दी ठंडे भी हो जाते हैं। डिस्क ब्रेक्स की वजह से रिम तो भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है।

डिस्क ब्रेक्स के नुकसान

सबसे पहली बात तो ये है कि डिस्क ब्रेक की कीमत ड्रम ब्रेक वाले वेरिएंट से ज्यादा होती है। भारतीय बाजार में टू-व्हीलर कंपनियों ने ड्रम और डिस्क ब्रेक्स वाले अलग-अलग वेरिएंट पेश किए हैं और ग्राहक अपनी जरूरतों और बजट के अनुसार इनमें में खरीद सकते हैं। डिस्क ब्रेक्स के राउंड डिस्क और ग्रिपिंग पैड्स महंगे आते हैं। डिस्क ब्रेक भारी भी होता है और इस वजह से माइलेज पर भी इसका असर पड़ता है। डिस्क ब्रेक्स के नुकसान में एक बात यह भी है कि इसका मेंटेनेंस थोड़ा मुश्किल है, ऐसे में ज्यादादर लोग इसे घर पर आसानी से फिक्स नहीं कर पाते हैं। डिस्क ब्रेक्स नॉन-ट्रांसफरेबल होते हैं, ऐसे में आप इसे किसी दूसरी गाड़ी में लगा नहीं सकते और सेकेंड हैंड इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। डिस्क ब्रेक्स में ब्रेक फ्लूड को मेंटेन करने के साथ ही ब्रेक पैड्स को बदलते रहना जरूरी है।

गांवों में डिस्क ब्रेक्स से लैस बाइक्स की वजह से काफी लोगों की जानें भी गईं, हालांकि इसमें रश ड्राइविंग बड़ी वजह थी, लेकिन राइडर को डिस्क ब्रेक्स की समझ ज्यादा नहीं थी।

एक नजर

पुलिस लाइन में किया गया मॉक ड्रिल

मेदिनीनगर। पलामू रामनवमी में किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने को लेकर पलामू पुलिस तैयार है।और लोगों की सुरक्षा के प्रति तत्पर है त्यौहार में शांति व्यवस्था कायम करने और उपद्रवियों से निपटने को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।इस दौरान किस तरह से भीड़ को तीतर बीतर करते हुए नियंत्रण करना है।मॉक ड्रिल में सैकड़ो की संख्या में पुलिसकर्मी वज्र वाहन सहित मौजूद थे।भीड़ से निपटने को लेकर आंसू गैस भी छोड़े गए. पूरे मामले पर जानकारी देते हुए सार्जेंट मेजर सुरेश झा ने बताया कि रामनवमी में किसी भी प्रकार के उपद्रव से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया जा रहा है।पुलिस पदाधिकारियों द्वारा शांति समिति के लोगों के साथ भी बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं।प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोगों को त्यौहार मनाने हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार के उपद्रव या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी पुलिसकर्मियों को इससे निपटने को लेकर तैयार किया गया है।

नशे में धुत बाईक सवार ने पेड़ में मारी जोरदार टक्कर, 2 गंभीर

कुंदा(चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र के अमौना मोड़ के समीप मंगलवार को नशे में धुत युवक ने पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे 2 युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।

युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सोहरलाट निवासी 22 वर्षीय बुधन बिरहोर व 20 वर्षीय राधो बिरहोर पिता सरहुली बिरहोर व पंकज बिरहोर के रूप में की गई है। वही गंभीर हालत में दोनों युवकों को पुलिस की मदद से 108 एम्बुलेंस से चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों के अलावे स्वास्थ्य कर्मि व पहुंचे ग्रामीणों को आग से होने वाले नुकसान व बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जानकारी अग्निशमन विभाग चतरा के प्रधान अग्नि चालक अमितनंदा भारती,राहुल कुमार, अग्नि चालक संजीव पांडेय ने दिया। जानकारी देते हुए कर्मियों ने आग लगने पर बचाव के कई उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि आग लगने पर ज्यादा हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है। भीषण आग लगी होने पर टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क कर अग्निशन विभाग को सूचित करने की जानकारी देते हुए बताया गया कि ज्वलनशील पदार्थ को खुला में न रखें व ज्वलनशील सामग्री को आग के स्त्रोत से दूर रखें। क्षतिग्रस्त विद्युत तारों का उपयोग किसी भी स्थिति में ना करें। घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग के पश्चात उअवश्य बंद करें। साथ ही प्रत्येक घर में अग्निशन यंत्र अवश्य रखें। शिविर में डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली कुमारी भगत, डॉ. सत्य प्रकाश, ए ग्रेटनेस एएनएम अनीशा चेन्नई, रिंकी कुमारी, विमला देवी, सीएचओ चंचला कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

पांकी में जलेगा 65 फीट का रावण का पुतला

पलामू। पांकी सिचाई विभाग के मैदान में रावण का 65 फीट का पुतला का निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय कलाकार कुलवंत कुमार ने बताया कि पिछले नौ वर्षों से रावण का पुतला बना रहा हूं. इसके अलावा विभिन्न त्योहार में भी उनके द्वारा बनी मूर्ति का उपयोग होता है। रावण वध की तैयारी नवयुवक संघ पुरानी पांकी के द्वारा जोर शोर से चल रही है। पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ने बताया कि रामनवमी पर्व के दिन रावण पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित की गई है।

सदर थाना क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च, एसपी ने कहा

असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर सदर प्रखड मुख्यालय में मंगलवार को रामनवमी त्योहार को लेकर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि रामनवमी को लेकर हर जगह पर प्रशासन की नजर है. उन्होंने फ्लैग मार्च करते हुए इलाके के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा की असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता पाया गया तो उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने सदर प्रखंड के ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री व शराब बनाते पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च में सदर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी हुआ पुलिस के जवान शामिल थे। मौके पर पूर्व मुखिया पति प्रेम प्रकाश ठाकुर ने पुलिस को आश्वासन दिया और कहा कि सदर प्रखंड क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोग आपसी मेल-जोल के साथ हर त्यौहार को एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने सदर थाना प्रभारी को आश्वासन दिया कि पर्व के दौरान घटना होती है तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दी जाएगी।

रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मेदिनीनगर। चैनपुर रामनवमी का पर्व हमें मन के अंदर छुपे रावण रूपी अहंकार को मिटाने का संदेश देता है रावण महा ज्ञानी होते हुए भी अधर्म के पथ पर चला था इसलिए उसका पुतला प्रत्येक वर्ष जलाया जाता है उक्त बातें महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कही वे मंगलवार की सुबह शाहपुर विवेकानंद चौक पर शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल की ओर सेआयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए प्रभु श्री राम ने मयार्दा एवं वचन का पालन करते हुए 14 वर्ष वनवास में बिताए कर्तव्य पथ पर चलते हुए उन्होंने महलों की सुख सुविधा को त्याग कर सन्यासी का जीवन व्यतीत किया। मौके मुकेश अग्रवाल ने रावण 25 फीट ऊंचे रावण व मेघनाथ के पुतले को तीर मारकर आग लगाए आग लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जलने लगा।

रामनवमी के दिन वैश्य सभा द्वारा किया जायेगा भव्य भंडारा का आयोजन

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के सदस्यों ने बैठक कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार नवमी के दिन शहर थाना रोड स्थित भव्य भंडारा का आयोजन कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि नवमी त्योहार को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें मध्यदेशीय समाज के द्वारा नवमी के दिन भव्य भंडारा का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। भंडारा में लोगो के बीच हलवा,पूड़ी,सब्जी,छाछ,पानी और रात्रि में चाय का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कड़ी धूप में लोगों के सेहत का ध्यान रखते हुवे समाज के द्वारा खास तौर पर मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है। ताकि लोगों के सेहत बिगड़ने पर मेडिकल की टीम उनकी देखभाल अच्छी तरह कर सके। उन्होंने बताया कि भंडारा को सफल बनाने में समाज के महामंत्री मनोहर कुमार लाली,कोषाध्याय शशिकांत उर्फ गुड्डू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे भंडारा में इनका अहम भूमिका रहेगा।

रामनवमी में हरिहरगंज में निकाला गया बाइक जुलूस

हरिहरगंज। रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रामनवमी की पूर्व संध्या पर मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया. जुलूस में शामिल लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में बजरंग बली का झंडा लिए जय श्रीराम आदि के गगनभेदी नारे लगा रहे थे. यह जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत कुमार, व्यवस्थापक दिलीप स्वर्णकार, अमित, सौरभ सहित सैकड़ों रामभक्तों ने अहम भूमिका निभायी।

रामनवमी पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुई सैकड़ो महिलाएं

मेदिनीनगर। सोमवार की शाम रामनवमी पर्व के अवसर पर जय लक्ष्मी संघ द्वारा नई मोहल्ला चौक से शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में नई मोहल्ला की मां-बहनें काफी संख्या में उपस्थित थी। सभी मां-बहनों ने रामनवमी पर्व को शांति, सद्भाव और भेदभाव से मुक्त होकर मनाने का निर्णय लिया है। इस पर्व में एक ओर महिलाओं की सक्रियता से नई परंपरा की शुरूआत की झलक मिलती है तो दूसरी तरफ पहले से आ रही परंपरा की भी याद दिलाती है। रामनवमी पर्व में ढोल और तरसा का उपयोग लगभग बंद हो चुका था।

पानी की किल्लत से जूझ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मरीजो की बढ़ी परेशानी

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों पानी की किल्लत से जूझ रहा है। दिखावे को लेकर दो बोरींग है, पर पानी नदारद है। नल-जल योजना अंतर्गत पानी की सफ्लाई दी जा रही थी वो भी पंद्रह दिनों से बाधित है। जिसके कारण प्रसव के अलावे इलाज कराने पहुंचने वाले व केंद्र में रहने वाले कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। लगभग 70 हजार आबादी वाले इस क्षेत्र में एक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसके भरोसे पूरा प्रखंड है। स्थानिय लोगों की माने तो पानी के किल्लत प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभ से ही है। परंतु आजतक संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान तक नहीं लिए। जिसका खमियाजा मरीजों के साथ स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित कर्मियों को भुगतना पड रहा है। जल नल योजना के तहत दी जाने वाली सफ्लाई मेन पाइप लीकेज हो जाने से एक पखवाड़े से विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मती कार्य नहीं होने के कारण बाधित है। जबकि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की उपलब्धता चौबीसो घंटे अनिवार्यता है। परंतु संबंधित विभाग व जिम्मेदार अधिकारी के साथ क्षेत्र के सांसद, विधायक व विन्नि दलों के नेता व प्रतिनिधि बेफिक्र हैं।

अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी, अवैध बालू लोड़ ट्रैक्टर जब्त

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत सोनगढ़वा नदी से मंगलवार को अवैध बालू लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोनगढवा नदी से अवैध बालू लोड़ कर बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए नदी में छापेमारी कर अवैध बालू खनन कर लोड़क ले जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। जबकी पुलिस के देख ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेसर कार्रवाई के लिए पत्थलगडा सीओ को आवेदन दिया गया है। ज्ञात हो कि अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एक दिन पूर्व ही अवैध बालू लोड़ ट्रैक्टर को जब्त किया गया था।

आग लगने से दस एकड़ में लगी अरहर की फसल हुई खाक

नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद

पलामू के हैदरनगर थाना अंतर्गत कबरा कला गांव के तीन घरों में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा अनाज, वस्त्र, पशु चारा समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने काफी मुसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिन लोगों के घरों में आग लगी उनमें राजेंद्र पाल, ललन पाल व पप्पू पाल का घर शामिल है। भुक्तभोगियों के मुताबिक आग लगने से करीब एक लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के मोकहर कला गांव के किसानों के 10 एकड़ में लगी अरहर की फसल में आग लग गई। आग लगने से पूरी फसल जलकर खाक हो गई है। किसानों के अनुसार उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मुखिया नवाजिश खान व जेएमएम नेता रामप्रवेश सिंह ने हैदरनगर बीडीओ सह सीओ विश्वप्रताप मालवा से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। भुक्तभोगियों ने घटना की सूचना हैदरनगर थाना को भी दी है। किसानों ने बताया कि आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। खेत में लगी आग की सूचना मुखिया ने अग्नि समन विभाग को दिया। अग्नि समन सेवा को आने में बाद आग पर काबू पा लिया। मुखिया नवाजिश खान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गर्मी में विभिन्न गांव में घर जलने व खेत में अगलगी से लोगों को भारी नुकसान होता है। इसे देखते हुए उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में अग्नि समन सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

रामनवमी महापर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

पत्थलगड़ा/प्रतापपुर(चतरा)। रामनवमी महापर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन ने मंगलवार देर शाम जिले के प्रतापपुर व पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया। पत्थलगड़ा में फ्लैग मार्च थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में किया गया है। फ्लैग मार्च थाना परिसर से सुभाष चौक, गांधी चौक, पंचमुखी चौक सिंघानी, नोनगांव के अलावे विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुवे आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार से होने वाले अप्रिय घटनाओं को तुरंत सूचित करने की बात कही। साथ ही लोगों से अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं देने व किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना अविलंब प्रशासन से साझा करने की बातें कही गई। मार्च में एसआई मिसील सोरेन के अलावे पुलिस कर्मी शामिल थे।

न्यूज बॉक्स

पिपरा पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

हरिहरगंज। पिपरा थाना पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि दोनों प्राथमिक अभियुक्त मसूरिया गांव निवासी कमलेश यादव उर्फ कामेश्वर यादव तथा नरेश यादव प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

मेदिनीनगर। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर शहर के देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को आठवें दिन भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की। नवरात्र के पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घर व देवी मंदिरों पर हवन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।जय माता दी के उद्घोष से दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे। घरों व मंदिरों में अष्टमी के हवन की सुगंध महकी तो नवमी के हवन की तैयारियां पूरी की गईं। देवी मंदिरों पर देर शाम तक दर्शन करने को भक्तों की कतारें लगी रहीं। देवी भक्तों ने अष्टमी के दिन कन्याओं को भोजन कराया। अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालओं ने मंगलवार को देवी महागौरी की आराधना की। शहर के छह मुहान पर स्थित काली मंदिर में अष्टमी पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के सूर्य सूर्य मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों पर दिन भर घंटे-घडियाल गूंजते रहे। अष्टमी के दिन हवन-पूजन से वातावरण सुगंधित रहा। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों व घरों में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्याओं को भोज कराया। देवी मंदिरों पर रामनवमी के लिए मां का दरबार सजा दिया गया।बुधवार सुबह से ही हवन शुरू हो जाएगा।अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं का दिन भर मंदिरों पर दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता को चुन्नी, नारियल, सोलह शृंगार मिठाई भेंट कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर माता के मंदिरों पर मेला लगा रहा।

लोकसभा चुनाव को लेकर शहर थाना में जमा हुए 497 लाइसेंसी हथियार

मेदिनीनगर। पलामू जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू उपायुक्त के आदेश पर 7 अप्रैल तक सभी लाइसेंस धारी व्यक्ति को अपना अपना हथियार थाना में जमा करने का आदेश दिया गया था।उपायुक्त पलामू के आदेश का पालन करते हुवे पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में हजारों लाइसें धारियों ने स्वेच्छा पूर्ण अपना हथियार को थाना में जमा किया है। वही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के अथक प्रयास से शहर थाना में 497 हथियार को जमा कराया गया है।जो की शहर थाना प्रभारी का विशेष उपलब्धि माना जा रहा है।वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेदिनीनगर शहर में 25 लोगों को हथियार रखने का आदेश पलामू उपायुक्त ने दिया है। जिन्हें हथियार रखने का आदेश दिया गया है उनमें से अनिल साहू,श्रीकांत पांडे,अरुण गुप्ता,राजेंद्र सिन्हा,सन्नू सिद्दीकी सहित अन्य 20 लोगो का नाम शामिल है। इन सभी को लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से हथियार रखने का आदेश दिया गया है। वहीं पलामू जिले के अन्य थाना क्षेत्रों से भी छह लोगो ने शहर थाना में अपना हथियार को जमा कराया है। जिसमें हरिहरगंज से 2 ,बिश्रामपुर से 2,मनातू से 1 और पिपरा से1 हथियार को लोगो ने शहर थाना में अपना लाइसेंसी हथिया को जमा किया है।वही थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए आचार संहिता लागू हो चुकी है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

चतरा। लोकसभा चुनारव 2024 में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैसे बूथ जहां पूर्व निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम देखा गया है। वैसे बूथों पर रात्रि व संध्या चौपाल एवं आंगनबाड़ी, विद्यालय, सुदूरवर्ती क्षेत्र, बिरहोर टोला समेत अन्य स्थानों पर भी आम जनों को विभिन्न तरह की गतिविधि कर मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी बच्चों ने चुनाव से संबंधित स्लोगन लिखन कर नारा भी लगाया और बताया कि मै अपने घर जाकर पास-पड़ोस, माता-पिता समेत अन्य जानने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करूंगा।

प्रत्येक वर्ष इकलौते चैती दुर्गा मंदिर चौपियाबागी में

चार गांव के ग्रामीण करते हैं चैती नवरात्र का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी(चतरा)

सनातन धर्म में चौत मास का विशेष महत्व है। इस मास में माता दुर्गा की पूजा विधि विधान से किया जाता है। चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यतः माता भद्रकाली मंदिर के लिए जानी जाती है। इटखोरी से चौपारण जाने वाले रास्ते मे धुना पंचायत स्थित चौपियाबागी में जिले भर का इकलौते चौती दुर्गा मंदिर भी स्थित है। यहां प्रत्येक वर्ष चार गांव के ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह से चौती नवरात्र का आयोजन धूम धाम से करते हैं। यहां मंगलवार को वासंतिक नवरात्र को लेकर कलश स्थापन पुरोहित द्वारा किया गया। इटखोरी मुख्य बाजार से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौती दुर्गा मंदिर प्रखंड का ही नही जिले का इकलौता मंदिर है। जहां माता अष्टभुजी शेर पर सवार दुर्गा समेत भगवान गणेश ,कार्तिकेय महालक्ष्मी एवं माता सरस्वती समेत बजरंगबली की संगमरमर की मूर्ति स्थापित है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1964 से यहां माता की पूजा लगातार की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1964 में इसी गांव सौनियां के तत्कालीन मुखिया बैजनाथ सिंह के द्वारा इस पूजा की शुरूआत की गई थी। उस वक्त माता की पूजा ग्रामीण बड़े उत्साह के साथ कोलकाता के मूर्तिकार द्वारा मिट्टी की मूर्ति बनाकर धूम धाम से किया करते थे। लोगों के पास आर्थिक परेशानी होने के बाद भी ग्रामीण बड़ी धूम धाम के साथ माता की पूजा अर्चना करते थे। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1980 के आसपास माता काली की रौद्र रूप की पूजा व बलि प्रथा तत्कालीन पुरोहित पंडित राघो बाबा के सुझाव पर बंद कर दिया गया। और माता दुर्गा के महिसासुरमर्दिनी की पूजा की शुरूआत की गई। जो अनवरत 2017 तक चलता रहा। समय गुजरने के साथ माता की पूजा से चारों गांव के लोगों संपन्नता आ गई। जैसे जैसे माता का भवन बनता गया ग्रामीणों का भी स्थिति परिवर्तन होता गया। लोगों का मानना है कि माता चौती दुर्गा के अनवरत पूजा पाठ से पूरा गांव खुशाल हुआ। माता की कृपा से चारो गांव में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रतिनिधि, बड़ी संख्या शिक्षक एवं कई बड़े व्यवसाई हैं। जिस वजह से प्रखण्ड में इन गांव का अलग महत्व है।

कृमि मुक्ति दिवस को लेकर प्रशिक्षण संपन्न

लातेहार। आगामी 19 अप्रैल को कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा. इसे लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृमि मुक्त भारत के लिए संकल्प लिया गया। प्रशिक्षक ने कहा कि कृमि निवारण के लिए सरकार के स्तर पर अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। मरीज की पहचान से लेकर उपचार तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका से कृमि मुक्त भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण समेत प्रखंड कार्यालय से संबंधित अनेक कर्मी उपस्थित रहे।

दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, शामिल हुए पूर्व विधायक

लातेहार। जिले के मनिका प्रखंड क्षेत्र के कोपे ग्राम में नवनिर्मित अष्ट भुजा दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह व जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने भाग लिया। पूर्व विधायक ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभकमानायें दी। कहा कि धार्मिक आयोजन व अनुष्ठानों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। प्राण प्रतिष्ठा बतौर मुख्य यजमान बिट्टू तिवारी व पुजारी रंजीत तिवारी मौजूद थे। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री बंसी यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिला परिषद महेश सिंह,ओबीसी जिला महामंत्री बिष्णु देव गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद मीणा तिवारी आदि मौजूद थे।

पेज एक के शेष

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का ...

रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। यूपीएससी ने नियुक्ति के लिए कुल 1016 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। इनमें 347 जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार, 115 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवार, 303 ओबीसी, 165 एससी और 86 एसटी उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों का रोल नंबर यूपीएससी द्वारा जारी किया गया है। 355 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अनंतिम रखा गया है। यूपीएससी की इन परीक्षाओं में कुल 180 उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए हैं। 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए हैं। भारतीय विदेश सेवा अर्थात आईएफएस के लिए 37 उम्मीदवार हैं।

एसएस मेमोरियल कॉलेज में ...

उम्मीदवारों नहीं होते दोनों को मिलाकर तैयारी करनी चाहिए और लक्ष्य के साथ अपनी क्षमता का भी आकलन करना चाहिए। हमेशा बैकअप प्लान भी रखना चाहिए उससे आत्मविश्वास बढ़ता है।

हमारे लिए संविधान 2047 का ...

कहा जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जब मैंने संसद में संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा तो वह कांग्रेस नेता खरगे ही थे जिन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है। अगले पांच वर्षों के लिए मोदी के 'गारंटी कार्ड' को अपडेट किया गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाए जाएंगे, गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा।

लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा जो लोग संविधान को राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग करना चाहते हैं, वह जरा कान खोल कर सुन लें, पिछले तीन दशकों से आपने लोगों को डराए रखने के लिए, लोगों को भयभीत रखने के लिए, भांति-भांति की विकृत कथाएं प्रचलित की हैं। कभी यह लोग कहते थे कि आरएसएस-भाजपा आएगी तो देश जल जाएगा, बंट जाएगा। अटलजी के समय से हम सरकार चला रहे हैं, लेकिन देश को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे कालखंड में मिला है। यह लोग कभी कहा करते हैं आरएसएस-बीजेपी वाला आएगा उद्योगपतियों को देश छोड़ कर भागना पड़ेगा, लेकिन आज भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर आन-बान शान के साथ प्रगति कर रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

ब्रम्हा कुमार होंगे जिम्बाब्वे में भारत के अगले राजदूत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) के संयुक्त सचिव ब्रम्हा कुमार को जिम्बाब्वे में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 2005 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी ब्रम्हा कुमार के जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। वह विजय खंडूजा का स्थान लेंगे, जिन्हें 9 नवंबर, 2020 को राजदूत नियुक्त किया गया था। खंडूजा ने पहले विदेश मंत्रालय के निदेशक (संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक) प्रभाग के रूप में विभिन्न पदों पर काम किया था।

नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय के दफ्तर में लगी मामूली आग

नई दिल्ली। नई दिल्ली में नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय (एमएचए) कार्यालय में मंगलवार को आग लग गई, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने ये जानकारी दी। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने कहा कि एमएचए कार्यालय में आईसी डिवीजन में दूसरी मंजिल पर आग लगने के संबंध में सुबह 9.22 बजे एक कॉल आई थी। डीएफएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुल सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और सुबह 9.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी ने बतौर सांसद ली शपथ

नई दिल्ली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता आसिफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली में नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने सांसद के रूप में शपथ दिलाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। आसिफा भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की छोटी बेटी हैं।

असम राइफल्स के तीन वाहनों पर हमला, जवानों की जवाबी कार्रवाई

तिनसुकिया। तिनसुकिया के नामदांग में मार्घेरिटा-चांगलांग रोड पर मंगलवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने असम राइफल्स के 3 वाहनों पर हमला कर दिया। यह वाहन असम राइफल्स के एक गश्ती दल को लेकर जा रहे थे। हमले की जिम्मेदारी यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) ने ली है।



पांच सौ साल बाद जन्मभूमि पर राम जन्मोत्सव : योगी

एजेंसी। बिजनौर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर के नहटौर में नगीना से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गई। हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन, सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की

जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरवाया था। 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तुड़वाएंगे। इनकी मानसिकता केवल और केवल समाज को तोड़ने की रही है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया। आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है।

कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं और उनका महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुंह से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थी। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की धरती पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़कें हमारी सरकार ने बनाया है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामनवमी पर धनिया की पंजीरी का मिलेगा प्रसाद

एजेंसी। अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामनवमी पर दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद में धनिया की पंजीरी मिलेगी। जन्मोत्सव पर रामलला के लिए छप्पन भोग भी तैयार किया जा रहा है। रामनवमी पर इस बार अयोध्या में भारी भीड़ होने का अनुमान है। इसके मद्देनजर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे जन्मोत्सव का कार्यक्रम जहां हैं वहीं से सीधा प्रसारण देखें। अपने ही स्थान पर पूजा-अर्चना करें। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने मंगलवार को पत्रकारों

को बताया कि दर्शन मार्ग पर छाया के लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। पैर जलने से बचें रहें इसके लिए मैट बिछाई जा रही है। सात कतारों में दर्शनार्थी मंदिर तक पहुंचेंगे। दर्शन मार्ग पर पेयजल और टायलेट का भरपूर इंतजाम किया गया है। प्रसाद के निमित्त धनिया की पंजीरी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यह फलाहार की श्रेणी में आती है और स्वास्थ्यकर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि अयोध्या में आएं तो अपने गुरु स्थानों पर आयोजित होने वाले रामनवमी उत्सव में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि पहले फसल की कटाई-मड़ाई करके अनाज सहेज लें। शादी-ब्याह निबटा लें, फिर आराम से दर्शन करने अयोध्या आएं।

सलमान खान मामले में मुंबई पुलिस का बड़ा खुलासा

3 बार रेकी, 5 बार फायरिंग

एजेंसी। मुंबई

सलमान खान फायरिंग मामले में ज्वाइंट कमिश्नर लख्मी गौतम ने प्रेसवार्ता कर अब तक की जांच के बारे में बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिससे कई बड़े खुलासे हुए हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि दो बाइक सवार युवक सलमान खान के घर के परिसर के पास आते हैं और इसके बाद पीछे बैठा युवक लगातार एक या दो नहीं, बल्कि पांच बार फायरिंग करता है। वहीं, सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद अनमोल बिश्नोई नाम के व्यक्ति ने फेसबुक पर पोस्ट कर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूत्रों से दोनों के बारे में अहम जानकारी जुटाई गई है। गुजरात पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनसे विस्तृत पूछताछ की

जा रही है। गुजरात पुलिस की मदद से दोनों को पकड़कर मुंबई लाया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों की लोकेशन मिलने के बाद गुजरात पुलिस को इनके बारे में सूचित किया गया। दोनों को गिरफ्तार करने के लिए लोकल अधिकारी की मदद की जरूरत थी, इसलिए हमें लगा कि अगर हम गुजरात पुलिस की मदद लेंगे, तो यह हमारे लिए उचित रहेगा। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों ने सलमान खान के घर की एक या दो बार नहीं, बल्कि तीन बार रेकी की थी, जिसके आधार पर अभिनेता के घर के बाहर फायरिंग करने का प्लान बनाया गया।

भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद गरीब बना रह सकता है : डी सुब्बाराव

हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं क्योंकि हम 1.40 अरब लोग हैं, और लोग उत्पादन का एक कारक हैं

भारत 2,600 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 139वें स्थान पर है और ब्रिक्स व जी-20 देशों में सबसे गरीब है

-ब्यूरो। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा कि 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की स्थिति में भी भारत एक गरीब देश बना रह सकता है, लिहाजा इस बात पर खुशी मनाने का कोई कारण नहीं है। सुब्बाराव ने यहां एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सऊदी अरब

का हवाला दिया और कहा कि अमीर देश बनने का मतलब विकसित राष्ट्र बनना नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का जिक्र किया। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि यदि वह सत्ता में वापस आते हैं, तो भारत उनके तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि कई अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि देश अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सुब्बाराव ने कहा, ह्यमेरे विचार में यह संभव है (भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है), लेकिन यह कोई उत्सव मनाने की बात नहीं है। क्यों? हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं क्योंकि हम 1.40 अरब लोग हैं। और लोग उत्पादन का एक कारक हैं। हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं क्योंकि हमारे पास लोग हैं। लेकिन हम अब भी एक गरीब देश हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसकी अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डालर की है। सुब्बाराव ने कहा कि भारत 2,600 अमेरिकी डालर की प्रति व्यक्ति आय के साथ इस मामले में 139वें स्थान पर है और ब्रिक्स और जी-20 देशों में सबसे गरीब है। उन्होंने कहा कि इसीलिए आगे बढ़ने का एजंडा बिल्कुल साफ है।

पटना में क्रेन और ऑटो की टक्कर में 7 की मौत

एजेंसी। पटना

बिहार की राजधानी पटना के कंकड़बाग न्यू बाईपास इलाके में मंगलवार को मेट्रो के कार्य में लगे एक क्रेन और ऑटो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बताया जाता है कि ऑटो में सवार होकर सभी रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान रास्ते में राम लखन पथ पर मेट्रो निर्माण के लिए क्रेन से काम किया जा रहा था। ऑटो क्रेन के नजदीक पहुंचा और दोनों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सभी अलग-अलग जिले के बताए जा रहे हैं। मृतकों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं।

केरल के रोड शो में बोले राहुल गांधी

कांग्रेस भारतीय संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है

एजेंसी। कोझिकोड (केरल)

केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए वायनाड सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को तिरुवेम्बडी में अपने विशाल रोड शो के दौरान कहा कि कांग्रेस भारतीय संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने रोड शो के दौरान कहा, इस चुनाव में केवल एक ही मुद्दा है और अन्य सभी मुद्दे इसी मुख्य मुद्दे से उपजे हैं और यह वह तरीका है जिससे आरएसएस/भाजपा संविधान को नष्ट करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और इसे बदलना भी चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है, जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। सोमवार को अपने चुनाव अभियान के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में राहुल गांधी के आगमन के बाद से उनके रोड शो भारी भीड़ आकर्षित कर रहे हैं और ऐसा ही तब हुआ जब उनका काफिला उनके निर्वाचन क्षेत्र के अंदरूनी हिस्सों में पहुंचा। राहुल गांधी का निर्वाचन क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है। राहुल गांधी ने कहा, कभी-कभी पीएम मोदी कहते हैं कि वह भारत में ओलंपिक लाएंगे, कभी-कभी वह कहते हैं कि वह लोगों को चंद्रमा पर भेजेंगे। लेकिन उन्हें महंगाई और कृषि उपज पर कम रिटर्न जैसे लोगों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों में कोई दिलचस्पी नहीं है।

इसके बजाय वह केवल कुछ व्यापारिक लोगों के कल्याण में रुचि रखते हैं, जबकि कांग्रेस देश के लोगों में रुचि रखती है। चुनावी बॉन्ड अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है और यह सब व्यवसायियों से पैसे ऐंठने के लिए किया गया था। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे हर गांव में कुछ लोग होते हैं, जो डरा-धमका कर, पैसा वसूल कर आगे बढ़ जाते हैं। फिर मीडिया पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, किसी भी मीडिया हाउस ने चुनावी बॉन्ड पर रिपोर्ट नहीं की। राहुल गांधी ने कहा, वे जानते हैं कि अगर वे इस पर रिपोर्ट करेंगे, तो ईडी उनके घर आ जाएगी और इसलिए उससे बचने के लिए मीडिया चुप हो गया है। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई की एनी राजा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन से है।

पाकिस्तान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हुई

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में पिछले चार दिनों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। एनडीएमए ने मौसम के और गंभीर होने के कारण आपातकालीन सेवाओं को सतर्क रहने को कहा है। मध्य पंजाब प्रांत में आसमानी बिजली गिरने से सात बच्चों समेत कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। अन्य 21 लोग उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मारे गए। बलूचिस्तान के दक्षिणी प्रांत में कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है। बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल मरने वालों की संख्या 50 हो गई है। खराब मौसम के कारण पंजाब में गेहूं की फसल की कटाई बंद हो गई है। ऐसी उम्मीद है कि गुरुवार से शुरू होने वाली बारिश के दौर से न केवल कटाई में और देरी होगी, फसल को भी नुकसान होगा। जुलाई और सितंबर के बीच मानसून के मौसम के बाहर दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारी बारिश, तूफान और बाढ़ असामान्य है।

अफगानिस्तान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हुई

इस्लामाबाद। देश के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया कि अफगानिस्तान में पिछले चार दिनों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। एजेंसी के प्रवक्ता जनान सयाक ने कहा कि बाढ़ की वजह से अन्य 36 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने पहले देश भर में 33 मौतों की जानकारी दी थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान दशकों के संघर्ष, बाढ़ और भूकंप समेत एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव से जूझ रहा है।